संक्षिप्त खबरें

## हुसैनाबाद बाल संरक्षण सह महिला थाना प्रभारी ने पदभार संभाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद में महिला एवं बाल संरक्षण की महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी ने पदभार ग्रहण किया। योगदान देने के बाद पार्वती कुमारी ने बताया कि वह रांची महिला थाना में कार्यरत थी। उन्होंने बताया कि महिला उत्पीड़न के मामले में न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। महिला, नाबालिग, विधवा महिला के साथ गलत करने वालों पर कार्रवाई होगी। क्षेत्र में भयमुक्त व्यवस्था रहेगी। अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

# विधायक कमलेश ने डाल्टनगंज से हवाई सेवा पर सरकार से मांगा जवाब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने विधानसभा में सरकार से डाल्टनगंज से हवाई सेवा शुरू कराने के संबंध में सवाल पूछा है। उन्होंने पूछा की 2021 में केंद्र सरकार ने क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना के तहत डाल्टनगंज से रांची व डाल्टनगंज से पटना की हवाई यात्रा प्रारंभ करने की योजना प्रस्तावित है। इस पर सरकार ने जवाब दिया की भारतीय विमान प्राधिकरण के द्वारा राज्य सरकार को सूचित किया गया है की डाल्टनगंज (चियांकी) हवाई अड्डा को भारत सरकार की आरसीएस उड़ान 4.2 के तहत चिन्हित किया गया है।जिसमे अवियशान कनेक्टिविटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड को 19 सीटर विमान का संचालन डाल्टनगंज रांची



डाल्टनगंज व डाल्टनगंज पटना डाल्टनगंज की अनुमति प्रदान की गई है। सरकार के जवाब में आगे कहा गया कि हवाई के विकास एवं संचालन के लिए अनुरोध किया गया है। आगे कहा गया कि राज्य सरकार के पत्रांक 38 दिनांक 23 जून 2023 द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से संयुक्त दल गठित करते हुए हवाई अड्डा की वर्तमान वस्तुस्थिति एवं आवश्यक कार्रवाई के संबंध में भौतिक निरीक्षण करने का अनुरोध किया गया है।

# पोस्ते की खेती को पुलिस ने किया नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार थाना के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र डगरा पंचायत व बिहार सीमावर्ती क्षेत्र के रायबार गाँव मे लगभग 1.5 बीघा जमीन मे अफीम खेती लगी हुई थी । गुप्त सूचना के आधार नौड़ीहा बाजार थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण ने टीम गठित कर लगी हुई अफीम की नष्ट किया। थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण ने बताया कि पिछ्ले वर्ष भी रायबार मे 2 एकड जमीन मे अफीम उगाया गया था पुलिस प्रशासन के द्वारा नष्ट किया था। लेकिन अफीम माफिया के अपने कारोबार से बाज नहीं आ रहे है। जंगल झाड़ी के सहारे अफीम की खेती करने मे संलिप्त लोगों ने मौके की फायदा उठा भागने मे सफल रहे।

## जेएमएम नेताओं ने नए थाना प्रभारी से की शिष्टाचार भेंट



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भवनाथपुर झामुमों प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने नव पदस्थापित थाना प्रभारी कृष्णा कुमार से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता, कॉपी, शॉल देकर स्वागत किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार ने मनोज जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष यादव से कहा कि भवनाथपुर में सभी गैर कानूनी काम पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाएगा और भवनाथपुर को शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को मदद करें तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें। किसी तरह की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना करें सभी समस्याओं का तुरंत निष्पादन किया जाएगा। इस मौके पर अजमुदिन अंसारी, सुशीला देवी, शैलेन्द्र यादव, अरविन्द यादव, समशेर अंसारी, सहित अन्य जेएमएम कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## जेएमएम के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में किया गया उपवास कार्यक्रम




**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची स्थित बापू वाटिका में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में उपवास किया। भाजपा द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर, हेमंत सोरेन जी के अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तारी के विरोध में उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पलामू से गए सभी नेताओं ने बापू वाटिका के समक्ष उपवास धारण किया। अध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया ÷आज हम सबों ने बापू वाटिका के समझ उपवास धारण किया है, आज झामुमो के सभी कार्यकर्ता और झारखंड की जनता भाजपा के कुकृत्य से तंग आ चुके हैं। भाजपा केंद्रीय एजेंसियों को तोता बना कर रखी है, भाजपा के संगठन की तरह ईडी काम कर चुकी है, और देश में जैसे अघोषित आपातकाल है। माननीय पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन जी को जिस तरीके से षड्यंत्र कर भाजपा ने इस्तीफा देने को मजबूर किया है और जेल में रखा है, झारखंड ही नहीं पूरी देश की जनता जान चुकी है की ये लोग हेमंत सोरेन से डर चुके हैं। जब झारखंड में पहली बार किसी सरकार ने विकास करने का कार्य शुरू किया तो भाजपा झामुमो की सरकार की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गई और अपने पॉकेट एजेंसियों के साथ मिल कर षड्यंत्र किया। भाजपा लाख चालें चल ले लेकिन ये आंदोलनकारी राज्य झारखंड झुकेगा नहीं।÷ इस कार्यक्रम में सचिव सन्नू सिद्धिकी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, सुनील तिवारी, गोपाल सिन्हा, चंदन सिन्हा, मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, कमाल खान, असफर रब्बानी, बालकिशुन उरांव, वरिष्ठ नेता अविनाश देव, अमित सिन्हा, बबलू शाहनवाज, रिशु अग्रवाल, प्रदीप सिंह, संगठन सचिव अनुराग सिंह,विवेकानंद सिंह, उमा सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, नगर अध्यक्ष रंजीत जयसवाल, सचिव छोटू त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मोनू सिन्हा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अरविंद चौधरी, कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, छात्र मोर्चा सचिव सैयद फैजल, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फजायल अंसारी, कोषाध्यक्ष मन्नत बग्गा, सचिव नन्हे खान, इकबाल अंसारी, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी, सचिव नीतीश कुमार, अनिल चंद्रवंशी, अल्ताफ रजा, आशीष सिंह चेरो, दीनानंथ सिंह, पांडू प्रखंड अध्यक्ष इरफान खान, विक्रम चंद्रवंशी, सुदेश्वर प्रजापति, पाटन प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह, दीनदयाल सिंह, रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष उदय भुइया, संजय राम, रामनाथ सिंह, धीरज जयसवाल, संतोष भुइया, दीपक कोरबा, अनिल राम, मनातू प्रखंड अध्यक्ष बसंत सिंह, महेंद्र यादव, रामचंद्र भुइया, टूटू अग्रवाल, पांकी प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना सिन्हा, रेहान अहमद, योगेंद्र मेहता, संजय यादव, संतोष कुमार, हुसैनाबाद के मुन्ना कुमार देव, प्रकाश कुमार पासवान, बादल कुमार, जयप्रकाश पासवान, रिंकू कुमारी सहित सैकड़ों लोग उपाथित थे।

# रोशनदान को तोड़कर जेनरल स्टोर में घुसा चोर, कीमती सामान समेत 65 हजार रुपए पर किया हाथ साफ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर (गढ़वा) :** नगर उंटारी थाना क्षेत्र स्थित ट्रॉमा सेंटर के बगल में बुधवार की देर रात्रि में अज्ञात चोरों ने अंकित कुमार के जनरल स्टोर का रोशनदान तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिसमें चोरो ने दुकान में रखा नगद, कुछ कीमती सामान समेत करीब 65 हजार रुपए पर हाथ साफ कर फरार हो गए। घटना के संबंध में पीड़ित दुकानदार अंकित कुमार ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह बुधवार को रात अपनी दुकान बंद कर दुकान के बगल में स्थित अपने घर चले गए थे। इसी बीच देर रात मौका पाकर अज्ञात चोरों ने उनके दुकान का रोशनदान तोड़कर उसी रास्ते दुकान के भीतर दाखिल हो गए और चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। गुरुवार की सुबह जब दुकान गया तो देखा कि दुकान का




रोशनदान टूटा हुआ था। वहीं दुकान का सारा सामान इधर उधर बिखरा पड़ा था। साथ ही दुकान के कैश बॉक्स में रखें पैसे गायब थे। चोरी की घटना के बाद पीड़ित दुकानदार अंकित कुमार ने नगर उंटारी थाने में आवेदन देकर चोरी होने की घटना की शिकायत दर्ज कराई है। उधर चोरी होने की घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने बताया कि दुकानदार के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही मामले का उद्भभेदन किया जाएगा। इधर घटना के बाद उक्त स्थल पर आसपास के लोग सकते में है कि ऑन रोड़ जो एनएच 75 पर स्थित है का रोशनदान तोड़ कर चोर चोरी करने में कामयाब हो गए। तो गली की दुकाने या घर तो बिल्कुल सुरक्षित नही है।

# कठौतिया माइंस में वैल्यू माह का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस में वैल्यू मंथ के समापन पर समारोह का आयोजन किया गया। समापन समारोह में हिन्डालको के पांच वैल्यू पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। वैल्यू मंथ के दौरान पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में विवेक सिंह को प्रथम, गौतम सिन्हा को द्वितीय,नीलम चौबे व दीपक कुमार सिंह को तृतीय स्लोगन में अनील तिवारी को प्रथम,मणीकांत सिंह को द्वितीय व अजीत कुमार को तृतीय पुरस्कार दिया गया। समारोह की अध्यक्षता एचआर हेड अरूप बनर्जी ने किया। मौके पर यूनिट हेड मैनक चक्रवर्ती ने कहा कि हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कर्मियों ने अपने पांचों वैल्यू को आत्मसात कर काम करते हैं उसी



का प्रतिफल है कि आज हिन्डालको निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। सेफ्टी हेड अनुपम बागची ने कहा कि हिन्डालको कभी भी अपने पांचों वैल्यू एवं सेफ्टी को लेकर कभी भी समझौता नहीं किया। यूनिट एचआर हेड अरुप बनर्जी ने बताया कि कंपनी अपने पांच वैल्यू ईमानदारी, कमिटमेंट, जुनून, सिमलेसनेस एवं गति अपना कर ही काम करतीं। हम सभी को काम करने के दौरान अपने काम को ईमानदारी पूर्वक करना चाहिए काम के दौरान यह नहीं देखना चाहिए कि हमारे काम को कोई देख तो नहीं रहा है। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने वैल्यू मंथ के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर माइंस मैनेजर राजु सिंह, अश्विनी कुमार, राकेश सिंह, प्रवीण सिंह, केसी मोदक, संतन चक्रवर्ती, उज्जवल डे, अमुल्य प्रताप सिंह, विशाल कश्यप, अमरेन्द्र सिंह, आर आर शुक्ला, सुमित कुमार, अदिति घोष, लोकेश कश्यप, नितेश पौराणिक, शैलेन्द्र सिंह, जयन्त शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे।

## हेमंत सोरेन के खिलाफ केंद्र द्वारा षडयंत्रपूर्वक कार्रवाई को लेकर उपवास धरना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर (पलामू) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा मेदिनीनगर के महानगर अध्यक्ष रंजीत जैसवाल उर्फ फंटूश झारखंड राज्य पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के केंद्र सरकार द्वारा साजिश कर जेल में बंद करने को लेकर के विरोध में रांची एकदिवसीय उपवास धरना दिया झारखंड मुक्ति मोर्चा के रंजीत जैसवाल उर्फ फंटूश ने कहां की हेमंत है तो हिम्मत है रांची मोरहाबादी मैदान के बापू वाटिका के गेट के पास झारखंडी योद्धा हेमंत सोरेन जी के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा षडयंत्रपूर्वक कार्रवाई के विरोध में उपवास कार्यक्रम में किया गया वही झारखंड मुक्ति मोर्चा मेदिनीनगर के नगर सचिव छोटू त्रिपाठी नगर उपाध्यक्ष विशाल सिन्हा उपाध्यक्ष जनार्दन तिवारी अशोक पांडे राजन चौधरी के साथ पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा एवं जिला के पदाधिकारीगण केंद्रीय समिति सदस्यगण के साथ उपस्थित होकर एक दिन का उपवास रखें।

## शिवरात्रि मेला स्थल का हुआ साफ सफाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** प्रखंड अंतर्गत गांधीपुर शिवघाट स्थित शिव मंदिर मेला समिति द्वारा मेला स्थल की साफ सफाई बबलू पाण्डेय के नेतृत्व में कराई गई। महुगावां निवासी बबलू पाण्डेय ने कहा कि क्षेत्र में ऐसा धार्मिक आयोजन होना गर्व की बात है।उन्होंने जेसीबी मशीन भेजकर पूरे मेला स्थल की साफ सफाई एवं सुंदरीकरण कराने का कार्य किया। मेला स्थल पर सुबह से ही समिति के सदस्य पूरी तत्परता के साथ डटे हुए हैं।सदस्यों ने कहा कि इस वर्ष 8 मार्च को लगने वाला महाशिवरात्रि का मेला ऐतिहासिक होगा। भोजपुरी गायिका दीपिका ओझा एवं गायक धनंजय शर्मा द्वारा कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की जाएगी। मेला कमिटी के मुख्य संरक्षक मंगल सिंह, सुनील सिंह, रामलाल चौरसिया, प्रदीप दुबे जी को बनाया गया। जबकि योगेंद्र सिंह जी को अध्यक्ष, श्यामलाल चौरसिया, तथा संजय पासवान को उपाध्यक्ष, पं. विकास दुबे एवं मनोज सिंह को महामंत्री, राहुल चौरसिया को कोषाध्यक्ष, दिवाकर दुबे अधिवक्ता, संजीव सिंह एवं कृष्णा चौरसिया को स्वागताध्यक्ष, अशोक द्विवेदी एवं पंकज दूबे मंच उद्घोषक, संदीप चौरसिया को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। स्थल की साफ सफाई कराने में श्यामलाल चौरसिया, मंटू चौरसिया, प्रदुम्न, अनुज, विफन चौरसिया एवं विकास दूबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बिशुनपुरा : राजकीय मध्य विद्यालय बिशुनपुरा में 9 बोर्ड की परीक्षा संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा :** प्रखन्ड मुख्यालय के राजकीय मध्य विद्यालय बिशुनपुरा में चल रही नवी बोर्ड की परीक्षा मे शुक्रवार को हिन्दी, अंग्रेजी, गणित एव विज्ञान विषय की परीक्षा हुई द्य जहाँ कुल 310 छात्र-छात्राओं में से 3 छात्र अनुपस्थित रहे द्य वही 307 छात्र - छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया द्य वही शान्ति पूर्ण परीक्षा को सम्पन्न करने को लेकर केन्द्राधिक्षक अजित कुमार पांडेय, वीक्षण कार्य में शिक्षक कमलेश यादव, अनिल कुमार गुप्ता, राम राज पांडेय, मेराज अली, इन्द्र देव राम, निलू कुमारी, सविता पांडेय, कृष्ण कुमार, नवनित तिवारी, रविन्द्र कुमार, उपेन्द्र गुप्ता , अखिलेश प्रजापति, आनन्द देव आदि का योगदान रहा।

## शहर के विभिन्न वार्डो में चलाया गया लाभार्थी योजना अभियान



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में लाभार्थी योजना कार्यक्रम के तहत शहर के विभिन्न वार्डो में कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पोस्टर चिपकाए गए तथा भारत सरकार की उपलब्धियों को बताया गया। इस अवसर पर वार्ड संख्या 10, 125, 126, 127, 128 में सभी लाभूको को प्रधानमंत्री आवास, जनधन योजना शौचालय, आयुष्मान भारत योजना, किसान निधी योजना, उज्वला योजना समेंत अन्य योजना की जानकारी लाभार्थियों के बीच रखी गयी साथ ही उन्हे प्रधानमंत्री बनाएंगे उनसे यह आग्रह किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि मोदी जी ने आपके हित में इतने सारे काम किए हैं। अब आप उनको अपना बहुमूल्य मत देकर विजयी बनावे और पुनः एक बार मोदी सरकार को चुनिए। मौके पर लाभार्थी योजना पलामू प्रभारी विनय चौबे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, लातेहार प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, सह प्रभारी चंदन जायसवाल, महामंत्री यशवंत मिश्रा, राकेश गुप्ता, ब्रजेश उपाध्याय, विवेकानंद तिवारी, संजय तिवारी, गौरी बिंद, बंधु राम, सुप्रीत केसरी, संतोष कश्यप आदि लोग उपस्थित थे।

## कुश्ती डे बोर्डिंग सेंटर का पलामू के पिपरा में चयन ट्रायल शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा, पलामू :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के अखाड़ा पिपरा प्रांगण के परिसर में दिन शुक्रवार को पलामू जिला खेल पदाधिकारी एवं झारखंड राज्य कुश्ती संघ के निर्देश पर कुश्ती डे बोर्डिंग सेंटर का चयन ट्रायल का शुरुआत किया गया। एशिया हॉकी उपाध्यक्ष सह भारतीय हॉकी संघ के महासचिव व झारखंड कुश्ती संघ के अभिभावक भोलानाथ सिंह एवं माननीय विधायक हुसैनाबाद हरिहरगंज कमलेश कुमार सिंह के प्रयास से प्रखंड पिपरा का चयन डे बोर्डिंग सेंटर के लिए हुआ है. चयन प्रक्रिया का शुभारंभ थाना प्रभारी विमल कुमार एवं मुखिया प्रतिनिधि रामाशीष पासवान ने खिलाड़ियों के साथ परिचय प्राप्त कर किया. बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा था गुरुकुल विद्यालय के बच्चे काफी संख्या में प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे थे. वही झारखंड कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष अमरनाथ सिंह उर्फ कान्हा सिंह ने कहा कि जल्द ही खिलाड़ियों को कुश्ती लड़ने के लिए मैट की व्यवस्था कर दी जाएगी। अभिभावक खेल के महत्व को समझते हुए इसमें रूचि दिखाएं एवं अपने बच्चों को आगे बढ़कर डे बोर्डिंग सेंटर में भेजें. मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने स्वश मथुरा सिंह पहलवान को याद किया. गौतम राज ने कहा कि 25 बालक एवं 25 बालिकाओं का चयन ट्रायल माध्यम से होना है चयनित बच्चों को प्रति माह सरकार की तरफ से प्रोत्साहन राशि मिलेगी. कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित गौतम राज राजा बाबू मोंटी सिंह राजीव सिंह अंशु मिश्रा राजू सिंह के द्वारा सभी गण्यमन लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का संचालन अरुण मिश्रा के द्वारा किया जा रहा था. जिला से आए पदाधिकारी उपेंद्र जी एवं मोनू जी की देखरेख में चयन ट्रायल प्रक्रिया चला. इस मौके पर कपिल देव राम उमेश सिंह पहलाद सिंह राधेश्याम सिंह भैरव सिंह अवधेश यादव भगवती सिंह अर्जुन यादव जितेंद्र सिंह विकास यादव दीपक सोनी पुतुन सिंह त्रिभुवन राम शिवनारायण चंद्रवंशी पिंटू अखिलेश पासवान देवकी राम सहित सैकड़ो की संख्या में गण्यमन स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# जलसा ए दस्तारे हुफ्फाज कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के कोइन्दी ग्राम स्थित दारुल उलूम शमसिया कादरिया के परिसर में गुरुवार की रात्रि जलसा ए दस्तारे हुफ़्फ़ाज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जलसे का शुभारंभ कुरान पाक की तिलावत से किया गया.इस अवसर पर पूर्व विधायक अंनत प्रताप देव ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन होते रहना चाहिये. इससे मन को सुकून मिलता है. कोइन्दी में जलसे का आयोजन किया गया है जो काफी सराहनीय है. उन्होंने कहा कि यहां के बच्चे पढ़ लिखकर आगे बढ़े, यही मेरी कामना है। झामुमो वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि इस्लाम धर्म शांति और भाईचारे का संदेश देता है .इन दोनों बातों को अपने ऊपर कड़ाई से लागू करें. इससे हम भी खुश रहेंगे और दूसरों को भी खुश रखेंगे. उन्होंने कहा कि इस्लाम समस्त मानव जाति की भलाई की बात करता है, इसलिए हम सबको पूरी मानवता को विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिये। हाफिज एवं कारी की



पढ़ाई तालीम करने वाले बच्चों को पीरे मुरशिद नईमूल होदा कादरी एवं अमीनुल होदा कादरी साहब के द्वारा तालीम पूरी करने वाले बच्चों को पगड़ी बांधकर दस्तार बंदी किया गया उसमें, मो सैफ रजा, हाफ़िज गुलाम पीर, कारी सुहैल अहमद, फैजान रजा, मो महबूब आलम, कारी सज्जाद आलम, कारी अहमद रजा, मो हकीम का नाम शामिल है। मौके पर मुबारक हुसैन चतुर्वेदी, हजरत हनीफूल कादरी, मुफ़्ती कासिफुल होदा, शायर जम जम फतह पूरी साहब, अब्दुल सलाम कौसर, हसन फैजी, सरपरस्त हाजी कलामुदिन अंसारी, सदर अब्दुल हकीम, गुलजार अहमद, फिरदौस अंसारी, मनउवर अली, हाजी समसुद्दीन, अब्दुल सत्तार, मुस्तकिम अंसारी, असगर अंसारी, समसुदिन अंसारी, सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## सेवानिवृत्ति पर निवर्तमान आयुक्त दशरथ चन्द्र दास को दी गई विदाई

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** निवर्तमान प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चन्द्र दास को उनके सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गोपनीय कार्यालय में आयोजित समारोह में आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा, उप निदेशक कल्याण आलोक कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी, आयुक्त कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालय के कर्मियों ने उन्हें अंगवस्त्र, गुलदस्ता एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया।आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का एक पड़ाव है। आयुक्त सर अब स्वयं के लिए समय का आनंद लें सकेंगे। सरकारी सेवा में रहकर आमजनों के लिए कार्य करते रहे। अब इस दायरों से अलग रहकर भी आमजनों से सीधे जुड़कर कार्य कर सकेंगे। उन्होंने निवर्तमान आयुक्त के उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना की। उपनिदेशक कल्याण आलोक कुमार ने कहा कि प्रमंडलीय आयुक्त सर के अनुभव से अब महरूम होना पड़ेगा। उनका कार्यकाल स्वर्णिम रहा है। उन्होंने उनकी उपलब्धि पर प्रकाश डाला। साथ ही दीर्घायु होने की कामना की।निवर्तमान आयुक्त दशरथ चन्द्र दास ने कहा कि सरकारी सेवा में रहकर विभिन्न स्थानों पर कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। पलामू में कार्यरत रहकर यह स्वीकार करते हुए खुशी हो रही है कि यहां के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए सर्वोत्तम कार्य परिस्थितियां और वातावरण दिया। सरकारी सेवाकाल के दौरान मुझे कई नई चीजें सीखने को मिली, जिसका लाभ हमें प्रशासनिक के साथ-साथ व्यक्तिगत जीवन में मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में रहकर ज्यादा- से-ज्यादा लोगों की सेवा करने की कोशिश की। सेवानिवृत्ति के उपरांत भी आने वाले दिनों में सीधे जनता से जुड़कर उनकी सेवा करते रहेंगे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

राजधानी

रांची, शनिवार, 02 मार्च 2024 | पेज 3


**संक्षिप्त खबरें**

## झारखण्ड के हज यात्रियों के लिये रांची एयरपोर्ट बने इम्बारकेशन पॉइंट शिल्पी नेहा तिर्की

**रांची ।** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि झारखण्ड से प्रति वर्ष हज यात्रा के लिये जेद्दा जानेवाले 3000-3200 हाजियों के लिये रांची के बिरसा मुण्डा हवाई अड्डे को इम्बारकेशन पॉइंट बनाया जाये। विधानसभा में शून्य काल के दौरान बोलते हुए तिर्की ने कहा कि सन 2009 से 2019 तक रांची का बिरसा मुंडा हवाई अड्डा ही झारखण्ड से जेद्दा जाने वाले हज यात्रियों के लिए इम्बारकेशन पॉइंट था लेकिन 2020 में कोलकाता एयरपोर्ट को झारखण्ड के हज यात्रियों के लिये इम्बारकेशन पॉइंट घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि इसके कारण झारखण्ड के हज यात्रियों को पहले कोलकाता जाना पड़ता है जिसके कारण अनावश्यक रूप से उन्हें आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। तिर्की ने सरकार से मांग की है कि झारखण्ड के रांची एयरपोर्ट को झारखण्ड के सभी हाजियों के लिए इम्बारकेशन पॉइंट बनाने की दिशा में सरकार कार्रवाई करे।

## हताश निराश झामुमो कर रहा अनर्गल बयानबाजी : प्रतुल

**रांची :** भाजपा ने शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पलटवार करते हुए कहा कि आज धनबाद में लाखों की भीड़ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सुनने आई थी। प्रधानमंत्री के एक-एक वाक्य पर गगन भेदी नारे लग रहे थे। इसे देखकर गठबंधन सरकार सकते में आ गई है और झारखंड मुक्ति मोर्चा अनर्गल बयानबाजी कर रही है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड मुद्रा मोचन पार्टी को यह स्पष्ट रूप से पता है कि आगामी लोकसभा चुनाव में उनके गठबंधन का 14-0 से सफाया होने वाला है।

# पांच पुलिस कर्मियों की मौत का आरोपी एनेम हस्सा गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 29 फरवरी 24 को करीब 15:30 बजे रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि तमाड़ थाना क्षेत्रान्तर्गत रडगाँव एवं रंगामाटी के बीच एनएच-33 पर स्थित निर्मल होटल के बगल की चाय दुकान पर एक व्यक्ति अवैध आग्नेयास्त्र एवं गोली के साथ खड़ा है। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के द्वारा तमाड थाना के पुलिस पदाधिकारी तथा 55बी 26वी वाहिनी सी कम्पनी वासूकोचा तमाड़ के पदाधिकारी एवं जवानों का एक संयुक्त छापामारी दल गठित किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जब रडगाँव एवं रंगामाटी के बीच एनएच-33 पर स्थित निर्मल होटल के बगल की चाय दुकान के पास पहुँचे तो एक व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे, जिस पुलिस द्वारा खदेड़कर पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति का नाम-पता पूछने पर अपना नाम एनेम हस्सा पूर्ति, पिता जोहन हस्सा पूर्ती, सा डिमनिया बेडा, थाना तमाङ, जिला राँची बताया। पुलिस द्वारा पकडाये जोहन हस्सा पूर्ती की जाँच की गयी तो उसके कमर में खोसा हुआ एक देशी ढोनाली कट्टा एवं उसके पॉकेट से 04 जिन्दा गोली बरामद किया गया। पकड़ाये व्यक्ति से बरामद आग्नेयास्त्र एवं गोली से सम्बन्धित कागजात की मांग की गयी तो उनके द्वारा कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात् उक्त व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार करते हुए बरामद आग्नेयास्त्र एवं गोली को जप्त किया गया।




**एसएसपी ने बताया:** वरीय पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि गिरफ्तार एनेम हस्सा पूर्ति ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया है कि यह पूर्व में माओवादी महाराज प्रमाणिक के दस्ते में काम करता था। इनके दस्ता के द्वारा तिरूलडीह (खरसावा) थाना की गश्ती पार्टी पर घात लगाकर हमला किया गया था, जिसमें पाँच पुलिसकर्मी शहीद गये थे। इनके अलावे इनकी दस्ता के द्वारा खरसावां की जंगल में आईईडी बिछाकर पुलिस की टीम पर हमला किया गया था। इनके विरूद्ध एनआईए के द्वारा 50,000/-रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। उक्त दोनों घटना के सम्बन्ध में इनके विरूद्ध दो कांड दर्ज किया गया था। कांड में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफ्तार अपराधकर्मी का नाम-पता:** एनेम हस्सा पूर्ति, पिता जोहन हस्सा पूर्ती, सा0 डिमनिया बेड़ा, थाना तमाड़, जिला राँची

**गिरफ्तार एनेम हस्सा पूर्ति का अपराधिक इतिहास:** 1. तिरूलडीह थाना कांड सं0-16/19. दिनांक-15.06.2019, धारा-147/148/149/30/353/379/435 भा0द0वि0, 27 शस्त्र अधि0, 17 सी0एल0ए0 एक्ट एवं 13 . 2. खरसावां थाना कांड सं0-24/19, दिनांक-20.05.19, धारा-147/148/149/341/324/307/353 भा0द0वि0, 27 शस्त्र अधि0, 3/4 .

**बरामद सामान का विवरण:** एक देशी दोनाली कट्टा, 04 जिन्दा गोली।

**छापामारी दल में शामिल:** सिद्धार्थ आर, सहायक समादेष्टा 26वी वाहिनी 8 कम्पनी बासुकोचा तमाड़, पुअनि अमित कुमार, थाना प्रभारी तमाड़, पुअनि गणेश चौड़े, तमाड़ थाना,पुअनि प्रवीण कुमार मोदी, तमाड़ थाना , सअनि अजय प्रताप, तमाड़ थाना,सअनि जीडी सुखदेव राज, 26वी वाहिनी 8 कम्पनी बासुकोचा तमाड़,हेड कॉस्टेबल जीडी मुकेश कुमार खरिटा, 26वी वाहिनी 8 कम्पनी बासुकोचा तमाड, कॉस्टेबल जीडी0 सुरू टुडू एवं अन्य, 26वी वाहिनी सी कम्पनी बासुकोचा तमाड शामिल थे।

## सीएनजी ऑटो चालक महासंघ ने यातायात एसपी से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल नए यातायात पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल एवं आरटीए सचिव संजीव कुमार को महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह ,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र पांडे ,प्रदेश महासचिव गुड्डू श्रीवास्तव ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया । महासंघ ने आरटीए सचिव से सीएनजी ऑटो परमिट की संख्या बढ़ाने के संबंध में बातचीत किया एवं जल्द से जल्द ऑटो चालकों को परमिट मिल सके इसके लिए अनुरोध किया गया। ऑटो चालकों सेअनुरोध है कि अपना ऑटो का कागजात एवं अपना पहचान पत्र आधार कार्ड महासंघ के पदाधिकारी के पास जमा करें जिससे उनको परमिट एव रूट दिलाने में आसानी होगी । यातायात पुलिस अधीक्षक ने ऑटो चालकों को रांची शहर में बेवजह चौक चौराहा जाम नहीं करने की नसीहत दी । चौराहा से 50 मीटर दूरी हटकर ही अपना ऑटो का पड़ाव करें और यात्री को चढ़ा उतार उसी जगह पर करें ताकि जाम का समस्या उत्पन्न ना हो सके।

## केंद्र सरकार ने हेमंत सोरेन को साजिश के तहत भेजा जेल : झामुमो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो )की ओर से रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष 15 वें दिन शुक्रवार को पलामू जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में उपवास कायर्क्रम संपन्न हुआ। मौके पर झामुमो पलामू जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार ने ईडी का सहारा लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजा है। इसके विरोध मे हम बापू के मार्ग पर शांति पूर्वक उपवास कार्यक्रम पर बैठे हैं। साथ ही न्याय यात्रा के माध्यम से पंचायत पंचायत भी हमारे कार्यकर्त्ता लोगों को यह बता रहे हैं कि किस प्रकार से केंद्र की भाजपा सरकार ने आंदोलनकारी के बेटे आदिवासी मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को जेल भेजा है। जब मुख्यमंत्री रा'य का विकास कर रहे थे तो यह केंद्र सरकार को यह पचा नहीं ओर साजिश के तहत उनकों जेल भेज गया।

# डॉ महुआ माजी ने बोरिंग टंकी सहित चबूतरा का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा से राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी के सांसद निधि से रांची शहरी क्षेत्र वार्ड संख्या 48 अंतर्गत निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर एवं अल्बर्ट एक्का चौक के निकट वार्ड 18 में सीपीआई ऑफिस के पास बने बोरिंग टंकी सहित चबूतरा का उद्घाटन राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी के द्वारा किया गया।

इस उद्घाटन के शुभ उपलक्ष्य पर मोहल्ले वासियों को संबोधित करते हुए सांसद ने आश्वत कराया कि वे हमेशा जनता के हित में काम करेंगी। इस उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पद्मश्री मधु मंसूरी ,वार्ड 18 के



पार्षद प्रत्याशी सोमवित माजी, नन्द किशोर सिंह चंदेल,महेंद्र पाठक,अजय सिन्हा, सुशांतो जी,नागेंद्र चौधरी, महेंद्र सिंह, अनूप कुमार, अमन ठाकुर,महेंद्र पाठक, मीना कुमारी,दुलाल चंद्र बोस, संध्या गुड़िया, रोमा सरकार ,पार्वती देवी, सीमा देवी, संजू देवी, पुष्पा टोप्पो, अनीता कश्यप, सरस्वती देवी, शांति देवी, सुदीप घोष, संदीप मुखर्जी, पप्पू सोनी, अक्षय कुमार, अजीत कुमार, अंकित कुमार, महेंद्र पाठक, नागेंद्र चौधरी, महेंद्र सिंह,अनूप कुमार, महेंद्र पाठक, मीना कुमारी एवं मोहल्ले वासी आदि लोग उपस्थित थे।

## अवैध खनन मामले में भगवान भगत की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शुक्रवार को अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा के सहयोगी भगवान भगत की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी है। इससे पूर्व गुरुवार को अदालत में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई थी। अदालत ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने मामले में फैसला सुनाते हुए डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी। साहिबगंज में 1250 करोड़ की अवैध खनन मामले में भगवान भगत एवं अन्य के खिलाफ ईडी ने इसीआईआर 4/2022 दर्ज किया है। भगवान भगत अपनी कंपनियों के जरिए पत्थर का कारोबार करता था। वह मामले के एक अन्य आरोपित पंकज मिश्रा का काम देखता था। आठ जुलाई 2022 को ईडी की हुई छापेमारी में भगवान भगत के घर से 28.50 रुपये मिला था।

## अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री से रैयतो की जमीन पर लगी रोक हटाने की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बजट सत्र के दौरान अंबाजीत एवं मोतरा के ग्रामीणों के एक प्रतिनिधि मंडल ने विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को विधायक अंबा प्रसाद ने अवगत कराया कि बड़कागांव अंचल अंतर्गत थाना नंबर 136 एवं थाना नंबर 139 में स्थित निजी भूमि को जिला प्रशासन हजारीबाग के द्वारा जमीन खरीद बिक्री पर रोक लगाने संबंधी आदेश



सब रजिस्ट्रार कार्यालय हजारीबाग को प्रेषित किया गया है। इस संबंध में अंचल कार्यालय बड़कागांव और ना ही संबंधित रैयतों को कोई सूचना है। ग्रामीण रैयत जब अपनी भूमि को किसी को केवाला करने के लिए इच्छुक हुए तब उन्हें यह बोलकर मना कर दिया गया की भूमि की खरीद बिक्री पर जिला प्रशासन द्वारा रोक लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को आवेदन देकर रैयतो की जमीन खरीद बिक्री पर लगी रोक हटाने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने बताया कि यह कदम एनटीपीसी एवं जिला प्रशासन के द्वारा मिली भगत से लोगों को परेशान करने के लिए किया गया है।इस दौरान मुख्य रूप से सतीश नारायण दास, अशोक सिंह, संजय दास मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर चित्रकारों ने कैनवास पर उकेरी तस्वीरें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार आड्रे हॉउस में 1 मार्च से 2 मार्च तक 2 दिवसीय चुनाव का पर्व-कला महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में राँची के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेजों के बच्चों के बीच पेंटिंग, रंगोली, क्विज, संगीत, नाटक आदि की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के उद्घघाटन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने किया। इस मौके पर झारखंड के कई चित्रकारों कैनवस



पर चुनाव महा पर्व को लेकर एक से बढ़कर एक चित्रकारी की, वहीं कालेजों के छात्र छात्राओं ने भी रंगोली बनाकर मतदान करने के लिए सबको अपील करते नजर आये। इस चित्रकारों में प्रवीण करमाकर ,मौमिता घोष ,पूजा कुमार,प्रबीर शॉ,उत्तम मलिक,एच. पी. मुखी,अनुपम पाल, डॉ जाकिर हुसैन, सजित मिंज,सत्यम श्री , अरविन्द लोहार,जाकिर शाह सहित अमन कुमार,वरुण सिंह,एस कुमारी,अदीबा,नीलम कुमारी,कीर्ती कुमारी, रचना कुमारी,कीर्ती सिंह, दीपंकर घोष , श्वेता आदि शामिल हैं। वहीं मौके पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, उपायुक्त-सह- निर्वाचन पदाधिकारी राहुल सिन्हा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी एवं राँची जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएसपीएमयू में बिगड़ते शैक्षणिक माहौल के लिए कुलपति जिम्मेदार : आजसू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बिगड़ते शैक्षणिक वातावरण को लेकर चिंता जताई है। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने राजभवन को पत्र लिखकर बीते दिनों हुए छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार और कुलपति प्रो. तपन कुमार शांडिल्य द्वारा असंवैधानिक रूप से कुछ शिक्षकों को विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में वर्षो से आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराने की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। आजसू ने आग्रह किया है कि उक्त आरोपी गेस्ट फैकल्टी को नियुक्त करने सहित तमाम गतिविधियों के जांच निष्पक्षता से होनी चाहिए। विश्वविद्यालय कैंपस भ्रष्टाचार का दलदल एवम दलाली का अड्डा बनता जा रहा है।

इसके खिलाफ आजसू आंदोलन को तैयार हैं।इस दौरान गौतम, सोनू सिंह, नीरज, नीतीश, अंशुतोष, सुमित, हरिओम, मुकेश आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जदयू कार्यकर्ताओं ने केक काटकर सीएम नीतीश कुमार का जन्मदिवस मनाया

**रांची :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन को रा'य जदयू के कार्यकर्ताओं ने धूम-धाम से मनाया । प्रदेश जदयू मुख्यालय में उनके जन्मदिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह रा'यसभा सांसद खीरू महतो मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उनके जन्मदिन पर 7× पाउंड का केक काटा गया और नेताओं ने एक दूसरे को केक खिलाकर उनका जन्मदिन मनाया और शुभकामना दी। प्रदेश अध्यक्ष ने नीतीश कुमार को जन्मदिवस की शुभकामना देते हुए उनके दीर्घायु जीवन की कामना की ।

# बीएयू में एग्रोटेक किसान मेला आज से केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा करेंगे उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में दो मार्च से चार मार्च तक एग्रोटेक किसान मेले का आयोजन किया जायेगा। मेले में 150 स्टॉल लगाये जायेंगे। हर स्टॉल में किसान अपनी-अपनी उपज को दिखायेंगे। मेले में मडुवा पर भी फोकस किया जायेगा। मेले में आधुनिक कृषि और कृषि से रोजगार को प्राथमिकता दी जायेगी। मेले के उद्घाटन केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा करेंगे। मेले के समापन में झारखंड के राज्यपाल सीपी



राधाकृष्णन शामिल होंगे। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुनील चंद्र दुबे ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी।उन्होंने कहा कि झारखंड खाद्य उद्योग में आत्मनिर्भर है। अब भारत में भी इतनी उपज होती है कि उपजाऊ फसलों को अपनी जरूरत पूरी करने के बाद बेची भी जाती है। उन्होंने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के रोबोटिक मशीन का जिक्र करते हुए बताया कि इसमें सेंसर लगा हुआ है। मशीन उस भूमि पर चलती है, जहां फसल बोई गयी हो। यह बताता है कि कहां पर किस चीज की कमी है और उसे कैसे ठीक किया जा सकता है। किस जमीन में नमी है और कहां की जमीन सूख गयी है।मशीन यह भी बताता है कि फसल में कौन-सी खाद की कमी है। डॉ. सुनील चंद्र दुबे ने बताया कि मार्च महीने में चार करोड़ की लागत से ड्रोन खरीदा जायेगा। इसके लिए फंड भी स्वीकृत हो चुकी है।

## दो दिवसीय चुनाव का पर्व-कला महोत्सव का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार आड्रे हॉउस में दिनांक 1 मार्च से 2 मार्च तक 2 दिवसीय चुनाव का पर्व-कला महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में राँची के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेजों के बच्चों के बीच पेंटिंग, रंगोली, क्विज, संगीत, नाटक आदि की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य चुनाव के प्रति युवा वर्ग को जागरूक और शिक्षित करना है। कार्यक्रम में मॉक पोल के द्वारा भी युवा वोटरों को के बारे में मतदान प्रक्रिया के बारे में पदाधिकारियों द्वारा जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के उद्घघाटन के बाद संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि लोक सभा चुनाव की घोषणा किसी भी दिन हो सकती है, हम सब को मतदान के लिए पूर्ण रूप से तैयार रहना है। मतदान केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं है बल्कि पूरे देश के नागरिकों के लिए लोकतंत्र का महापर्व की तरह है।

## प्रदेश कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स की बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव पर हुआ मंथन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स (पीएसी) की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई, जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। लोकसभा सीटों का क्षेत्रवार विश्लेषण किया गया। यह तय किया गया कि रा'य में महागठबंधन की चल रही सरकार के जरिए इन चार वर्षो के दौरान किए गए विकास का कार्यो का पूरा खाका जनता के सामने रखा जाएगा। साथ ही केंद्र सरकार के पांच वर्षो के कार्यकाल का खाका भी जनता के सामने रखा जाएगा ताकि उपलब्धियों का ढोल पीटने वाले प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के नुमाइंदों की पोल खुल सके। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने पीएसी के सदस्यों को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह कमर कसकर तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि पीएससी की सदस्यों की भूमिका चुनाव से पहले अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। देश में एक बार चुनाव शुरू हो जाने के बाद आपकी भूमिका अलग होती है और चुनाव के पहले आपकी भूमिका अलग है।

## भाजपा का मतलब भरपूर जीयो पूंजीपतियों : झामुमो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झामुमो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा पर पलटवार किया है। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पीएम ने धनबाद की धरती पर खड़े होकर भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कहीं। पीएम मोदी का धनबाद में केवल आगमन ही नहीं हुआ, वरन राजनीतिक प्रवचन भी हुआ। हम सब जानते हैं कि भाजपा का मतलब भरपूर जीयो पूंजीपतियों है। भट्टाचार्य ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री ने वैवाहिक जीवन की गारंटी ही नहीं निभाई तो उनको परिवार को क्या समझ होगी? देश में सबसे अधिक राजस्व देने वाला रेलमंडल चक्रधरपुर है लेकिन यात्री सुविधा ना के बराबर है। भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार की बात करते हैं लेकिन वे हेमंता विश्वशर्मा, अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल, नारायण राणे, बीएस वेदुरप्पा, शुभेन्दु अधिकारी जैसे भ्रष्टाचारियों की बात नहीं करते। भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री आदिवासियों की बात करते हैं। कानून व्यवस्था की बात करते हैं लेकिन मणिपुर के मुद्दे पर कुछ नहीं बोलते। भट्टाचार्य ने कहा कि मणिपुर क्या किसी अन्य देश का हिस्सा है? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने छल-प्रपंच के जरिए जिस आवाज को जेल में बंद रखा है उसकी आवाज खुले आसमान में गूंज रही है। मोदी के कान में एक ही आवाज आती होगी, मैं हेमंत हूं, झारखंड झुकेगा नहीं। भट्टाचार्य ने कहा कि मोदी इतनी बड़ी पार्टी के नेता हैं। फिर जिस शख्स ने 15 सालों तक उनको कोसा, राजनीतिक अभद्रता दिखायी, आज उसी को नेता बनाना पड़ा। सुप्रियो ने नाम लिए बिना बाबूलाल मरांडी पर भी निशाना साधा। सुप्रियो ने कहा, प्रधानमंत्री जितनी भी गारंटी में हों लेकिन एक गारंटी झारखंड से भी ले लें कि आगामी लोकसभा चुनवा में उनका सपना पूरा नहीं होगा।

## सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा प्रसार सह क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी के विदाई समारोह का आयोजन



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीआरसी भवन सभागार में शुक्रवार को बेड़ो, इटकी, लापुंग के प्रखंड शिक्षा प्रसार सह क्षेत्रीय शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी की 29 फरवरी को सेवानिवृत्त के पश्चात सम्मान समारोह आयोजित उन्हें शॉल, बुके व उपहार देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता राज्य के पूर्व अध्यक्ष बिजेन्द्र कुमार व संचालन सुग्रीव कुमार ने किया। वहीं शिक्षिकाओं सामूहिक रूप से विदाई गीत गाकर शमां को गमगीन बना दिया। मौके पर स्वागत भाषण देते हुए संघ के प्रमंडल सचिव दक्षिणी छोटानागपुर अनिल कुमार खलखो ने शिक्षा के क्षेत्र में किये गए इनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए सेवानिवृत्त के बाद इनके उज्वल व सुखमय जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दिया। मौके पर संघ के जिला अध्यक्ष सलीम सहाय तिग्गा ने कहा कि मृदु भाषी रहे सुनील केशरी अपने कार्यकाल में सभी शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित कर उन्हें हमेशा मार्ग दर्शन देते रहे। साथ ही उन्होंने कहा कि आगे भी सर हमलोगों का मार्ग दर्शन करते रहें । इसी कामनाओ के साथ उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए कहा कि अब इनका दूसरी पारी की शुरुआत है। इनका भविष्य सुखमय हो। समारोह में संघ के पूर्व अध्यक्ष बिजेन्द्र चौबे ने ने कहा ये सौम्य व स्वच्छ छवि के धनी रहे वैसे पदाधिकारी थे जिनकी याद हमेशा बनी रहेगी। संसार में सभी परिवर्तन शील है। आज जो मेरा है कल किसी और का होगा। नियम के तहत योगदान के समय ही सेवानिवृत्त की तिथि तय हो जाती है। सेवानिवृत्त के बाद इनका बालपन लौट आये और इनका जीवन सुखमय हो। इनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक मनोज ने कहा कि ये सुनील केशरी 1991 में बिहार के जमुई में शिक्षा जगत में अपना योगदान दिया था। जिन्होंने विभिन्न जिलों में डिप्टी डीएसई के साथ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाई। मौके पर अपने सम्मान समारोह में शिक्षकों को संबोधित करते हुए निवर्तमान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बच्चों के प्रति संवेदनशील बनकर उनके बीच शिक्षा का दीप जलाए रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि बच्चे है तभी हम हैं। समारोह में संघ की प्रखंड अध्यक्ष सुशारी टोपनो, नीलम सिंह, सत्यप्रकाश, स्टीफन टोप्पो, मनोज झा, मनोज यादव, मो आलम, विकास कुमार, देव् कुमार, रेखा रानी खलखो, पूनम टोप्पो, निर्मला मिंज, राफेल टोप्पो, रंजू कुमारी, सुशांत मिश्रा, प्रणीता खलखो, श्वेता पाढ़ी, अबिला तिर्की, पूनम गुड़िया, ओलिब टोप्पो बसंती हेरेंज, संजय चौरसिया, कृष्णा कुमार समेत कई शिक्षक शिक्षिकाओ ने अहम योगदान दिया।

## पड़हा व्यवस्था आदिवासी परंपरा के बहुत पुरानी व्यवस्था है : रिलन होरो



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जम्हार बाजार टांड में शुक्रवार को होरो पड़हा का बैठक रखा गया जिसमें 30 गांवों के लोग शामिल हुए. इस बैठक का संचालन अल्बर्ट होरो एवंम् दिलीप होरो ने संयुक्त रूप से किया. इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक 30 गांवों में 2 व्यक्तियों को पड़हा पदाधिकारी छोटे स्तर पर चुना गया. इस बैठक में विशेष रूप से अबूआ झारखंड पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी को आमंत्रित किया गया. इस बैठक में अबुआ झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष रिलन होरो ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पड़हा व्यवस्था आदिवासी परंपरा के बहुत पुरानी व्यवस्था है. इसमें सभी को अपनी उपस्थिति देना चाहिए और इसे और मजबूत करना होगा. केंद्रीय उपाध्यक्ष अजय टोपनो ने कहा कि हम सभी को बाहरी व्यक्तियों को अपना पहरेदार नहीं रखना है वरना वे लोग हमें ही खा जायेंगे. हमारे ऊपर राज करेंगे और आज यही स्थिति है हम सभी खुद राजा हैं. केंद्रीय महासचिव निकोदिम लकड़ा ने कहा कि अबूआ झारखंड पार्टी रांची में प्रेस वार्ता कर सरकार के समक्ष पड़हा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अपनी मांगों को मजबूती से रखा है. जिसमें पड़हा राजा, पहान को मासिक पेंशन व भत्ता दिया जाऐ तथा हर पड़हा में गीती ओड़ा का निर्माण किया जाए. पड़हा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पार्टी प्रतिबद्ध है. इस बैठक में गांव से आए अन्यों ने भी अपने विचार रखे. इस बैठक में नामजन होरो, देवान राजा सुनील होरो, शिबू होरो, बसंत पहान, खैरा होरो, शरण होरो, जयराम पहान, रंजित होरो, मानिया होरो, पीटर होरो और सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## पिपरवार के राजधर साईडिंग मे हुई विस्थापित रैयतो की बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के राजधर रेलवे साइडिंग में शुक्रवार को स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता बहेरा पंचायत की पंचायत समिति सदस्य बसंती देवी और संचालन जाहिद अली ने किया।बैठक मे स्थानीय विस्थापित रैयतों की कई समस्याओं पर चर्चा की गई।बैठक मे साईडिंग से विस्थापित हुए रैयतो की लंबित नौकरी,मुआवजा, पुर्नवास केन्द्र एंव रोजगार के लिए ठेका पट्टा पर विचार विमर्श किया गया।इस बैठक मे विस्थापित ग्रामीणों को लंबित नौकरी मुआवजा देने एंव रोजगार के लिए स्थानीय रैयतो को ठेका पट्टा देने की मांग सीसीएल प्रबधंन से की गई।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि साईडिंग निर्माण के दौरान प्रबंधन के द्वारा स्थानीय लोगों को ठेका पट्टा देकर रोजगार देने का आश्वासन दिया गया था,लेकिन स्थानीय लोग ठेका पट्टा के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। वही लंबित नौकरी एंव मुआवजा को लेकर भी आश्वासन दिया गया था, लेकिन किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया है।बैठक में जल्द ही ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल सीसीएल प्रबंधन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।बैठक मे बसंती देवी,फूलमनी देवी,पिंकी देवी,गोविंद विश्वकर्मा,जाहिद अली,करिश्मा देवी,राधा देवी, बिरेंद्र उरांव,जतरू उरांव, मिनवा देवी,बुधमनी देवी, रामेश्वर उरांव सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# कर्रा के सरदुला में ग्राम सभा सचिवालय का विधिवत उद्घाटन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड के सरदुला ग्राम सभा सचिवालय का विधिवत उद्घाटन शुक्रवार को कर्रा बीडीओ स्मिता नगेसिया जिप उपाध्यक्ष मंजू देवी, मुखिया अनूप कुजूर व? परम्परागत ग्राम प्रधान बैजनाथ पहान द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर किया गया. ग्राम सभा सचिवालय कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि बीडीओ स्मिता नगेशिया ने कहा कि गांव में जो भी सरकारी भवन विद्यालय आंगनबाड़ी केंद्र सामुदायिक केंद्र ग्राम सभा सचिवालय या अन्य सरकारी संपत्ति है वह गांव वालों की है और उसकी रखरखाव की जिम्मेदारी भी गांव वालों को लेनी चाहिए ग्रामीण क्षेत्रों में कई प्रकार की सरकारी कल्याणकारी योजनाएं चलाया जा रही है जिसका लाभ ग्रामीण ले इसके लिए उन्हें आगे आने की आवश्यकता है अपने बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाये उन्हें स्कूल भेजें क्योंकि शिक्षा से ही हम एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकते हैं और साथ ही अपना और अपने परिवार के लिए अच्छा सोच सकते हैं अच्छा कर सकते हैं. विशिष्ट अतिथि जिप उपाध्यक्ष मंजू देवी ने कहा कि आज यहां ग्राम सभा सचिवालय का उद्घाटन किया गया यहां के ग्रामीण ग्राम सभा के महत्व को समझे नियमित ग्राम सभा की बैठक करें और अपने क्षेत्र की समस्याओं और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हर एक लोगों को दे और उन्हें उसे लाभ से जोड़े आज किसानों के लिए भी बहुत सरकारी कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है यहां अधिकतर परिवार खेती-बाड़ी पर ही निर्भर है किसान सरकारी योजनाओं का लाभ ले और कृषि कार्य और विविध रूप से करें ताकि वह अपनी आई और बढ़ा सके और अपने और अपने गांव को एक समृद्ध गांव बना सके.कार्यक्रम को स्वास्थ्य प्रभारी डॉ. विजय प्रसाद, स्वास्थ्य प्रशिक्षक प्रदीप कुंडु, मनरेगा बीपीओ प्रेम सुजीत कुजूर, फिया फाउंडेशन के सलाहकार विजय सुवर्णो, मील अधिकारी निलय सरकार ने भी सभा को संबोधित किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से बमरजा पंचायत मुखिया अनूप कुजूर, मेहा पंचायत मुखिया अजय खलखो, पंचायत सचिव, ब्लॉक को-ओडिनेटर आशिष झा, मनरेगा जेई संदीप कुमार साहू, 15 वे वित्त आयोग के जेई विवेक कुमार मौजूद रहे. कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड सलाहकार सगीर अहमद, एलिस होरो, अजय कुजूर, दिनेश? गोप, तेंबा उरांव अनिता मुंडारी, निकिता कुजूर, बजरंग गोप संदीप साहू शांति देवी, जूही देवी, शिव कुमार कच्छप, रानी हांसदा, अटूल कुमार अनमोल कुजूर शुकरा प्रिया,पार्वती प्रदीप देवघरिया, के अलावे सरदुला, खरतंगा, बमरजा, सांगोर, पहाड़टोली, तिमड़ा, कासिरा,पलसा, बड़गाई सहित अन्य गांव के सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# राय बाजार में आज होगा जमाले तैयबा कॉन्फ्रेंस जलसा का आयोजन






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के राय बाजार मे मदरसा गौसिया रिजविया राय के द्वारा आज जमाले तैयबा कॉन्फ्रेंस सह जश्ने दस्तारबंदी जलसा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।इस कार्यक्रम में बरेली शरीफ से पीरे तरीकत हजरत उमर रजा खान और साउथ अफ्रीका के मशहूर नात खां शब्बीर बरकाती सहित देश के कई उलेमा एंव मौलाना शामिल होगे।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन शामिल होगे।शुक्रवार को जलशा कमेटी के सदस्य झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह के नेतृत्व में मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात कर जलसा में शामिल होने के लिए निमंत्रण सौंपा।जिस पर मंत्री हफीजुल हसन ने जलसा में शामिल होने की सहमति प्रदान की।इधर जलसा को लेकर आयोजन कमेटी के द्वारा सारी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। आयोजन स्थल पर भव्य स्टैज और पंडाल का निर्माण कराया गया है।वहीं महिलाओं के बैठने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। जलसा कमेटी के अध्यक्ष शोएब आलम उर्फ गोल्डन ने बताया कि जलशा मे जामिया गौसिया रिजविया राय मदरसा के छः बच्चो को दस्तारबंदी के तहत हाफिज ऐ कुरान की उपाधि दिलाई जाएगी।उन्होंने कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# बचरा मे चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ मे उमड़ रही है भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक स्थित श्री श्री बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर के प्रांगण मे चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ मे श्रद्धालु भक्तों की काफी भीड़ देखी जा रही है।भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के दूसरे दिन यज्ञ मंडप में अयोध्या से आए ब्राह्मण द्वारा हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस हवन कार्यक्रम के पश्चातयज्ञ मंडप के परिक्रमा का शुभारंभ किया गया।इस दौरान दिन भर यज्ञ मंडप में अनेकों अनुष्ठान संपन्न कराए गए।वही बनारस से आये पंडित दयानंद शास्त्री जी के द्वारा श्रीमद् भागवत पर आधारित कथा वाचन किया जा रहा है।भागवत कथा सुनने के लिए मंदिर प्रांगण में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है।इस मौके पर मंदिर समिति के सभी सदस्यों के अलावा काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर मोर्चा ने की परियोजना पदाधिकारी से वार्ता

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रैयत विस्थापित मोर्चा नवाडीह शाखा ने रोहिणी परियोजना पदाधिकारी से समस्याओं को लेकर मुलाकात किया.मोर्चा ने परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह को नवाडीह गांव में पानी,बिजली, सामुदायिक भवन मरम्मती आदि समस्याओं को लेकर प्रबंधन को पूर्व में दिए गए मांग पत्र सहित जनसमस्याओं को लेकर बात की.साथ ही ग्रामीणों की ओर से रैयत विस्थापित मोर्चा ने कहा कि प्रबंधन को खदान विस्तारीकरण करना है और परियोजना को आगे ले जाना है तो रैयत ग्रामीणो को विश्वास में लेना होगा. रैयत ग्रामीणों की जो मांगे हैं उनपर प्रबंधन को गंभीरता से पहल करने की जरूरत है. ग्रामीणों को जो हक अधिकार है वह मिलना चाहिए तभी परियोजना का विस्तार हो पाएगा.इस दौरान परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने कहा कि प्रबंधन ग्रामीणों की हर समस्या के समाधान और उनकी बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हमेशा तत्पर है.उन्होंने कहा कि नवाडीह गांव के लोग जो ज्ञापन दिया गया है उस पर जल्द ही समाधान का आश्वासन दिया है.परियोजना पदाधिकारी ने दस मिलियन टन की रोहिणी करकट्टा ओसीपी के विस्तार को लेकर भी चर्चा की.इस मौके पर प्रबंधन की ओर से मैनेजर दीपक कुमार, सर्वे अधिकारी सतपाल सिंह तथा मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, नरेश गंझु, विनय खलखो, अमृत भोगता,रामलखन गंझू, तुमांग मुखिया संतोष कुमार महली,शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा,दिनेश प्रसाद,मुकद्दर कुमार,वार्ड सदस्य तारा देवी,नगीना कुमारी,रामधारी गंझू,गणेश मुंडा,भरत महतो,प्रभाकर गंझु,विनय उरांव बिनोद मुंडा सहित कयी लोग मौजूद थे.

## अब्दुल्ला अंसारी ने दिया खाद्य सामग्री

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने लंबा धौड़ा निवासी स्वर्गीय सिमी उरांव के परिजन को खाद्य सामग्री दिया .ज्ञात हो कि एक सप्ताह पूर्व सिमी उरांव का मृत्यु हो गाया था . जनकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने परिजनो से मिलकर संवेदना व्यक्त करते हुए श्राद्ध के लिए खाद्य सामग्री दिया.अंसारी ने आगे भी हर संभव मदद करने का आश्वाशन दिया.

## खलारी प्रखंड ग्राम प्रधान संघ का गठन अध्यक्ष बने विश्वनाथ गंझू

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुकबुका पंचायत भवन में खलारी प्रखंड के ग्राम प्रधानों की एक बैठक हुयी. अध्यक्षता ग्राम प्रधान विष्वनाथ गंझू ने किया .बैठक में सर्व सम्मति से खलारी प्रखण्ड ग्राम प्रधान संघ का गठन किया गया .जिसमें अध्यक्ष विश्वनाथ गंझू, उपाध्यक्ष धर्मवीर मुंडा, सचिव छोटू पाहन, कोषाध्यक्ष रविन्द्र मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष हरि पाहन तथा सदस्य में गणेश मुंडा, देव चरण गंझू,बलकू मुंडा, सूर्यजन पाहन, राजेश गंझू, सेवा उरांव, राकी पाहन, बिनोद मुंडा का नाम शामिल है.निर्णय हुआ किजल्द ही यह कमिटी ग्राम प्रधान संघ खलारी अंचलाधिकारी से मुलाकात करेंगे.

## महिंद्रा लॉजिस्टिक्स का तीसरा पूर्ति केंद्र खुला

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महिंद्रा लॉजिस्टिक्स लिमिटेड पश्चिम बंगाल के मालदा में 1.1 लाख वर्ग फुट का फुलफिलमेंट सेंटर बनाकर पश्चिम बंगाल में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है। इस सुविधा की दैनिक प्रोसेसिंग क्षमता 10,000 ऑर्डर और 15 लाख यूनिट से अधिक की इन्वेंट्री क्षमता है, जिसे क्षेत्र की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह प्रतिष्ठान 750 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करेगा, जिसमें अंतिम-मील नेटवर्क के लिए 350 समर्पित कर्मचारी भी शामिल होंगे। इस विस्तार से पश्चिम बंगाल में कंपनी के वेयरहाउसिंग पदचिह्न का विस्तार 3.3 लाख वर्ग फुट तक हो जाएगा और क्षेत्र में लगभग 2000 पिन कोड पर पूर्ण ट्रक लोड, आंशिक ट्रक लोड और एकीकृत सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

## महाशिवरात्रि को लेकर सिल्ली थाना परिसर में बैठक कल

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना परिसर में महाशिवरात्रि को लेकर 3/02/2024 रविवार के दिन संध्या 3 बजे शांति समिति की बैठक रखी गई है। इस शांति समिति के बैठक में सभी बुद्धिजीवी, समाजसेवी जनप्रतिनिधि एवं शांति समिति के लोग शामिल होकर बैठक को सफल बनाए।इसकी जानकारी सिल्ली थाना प्रभारी मोहीत कुमार ने दी है।

## कार बाइक में भिड़ंत बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो इटकी थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर महरा पतरा के समीप शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े नौ बजे स्विफ्ट कार नं जेएच 01एटटी 5827 और बाइक संख्या जे एच 01 बी एक्स 6373 पर सवार के बीच आमने सामने टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी पहचान कर्रा थाना के बिनगांव पतरा टोली निवासी 46 वर्षीय चरवा बाखला में कई गई। जिसे गड़गांव निवासी अशोक साहू ने इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो लेकर पहुंचे। जहां युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए एम्बुलेंस में प्राथमिक उपचार कर रिम्स भेज दिया। इधर बेहोशी की हालत में रहने के कारण कोई भी स्वजन नहीं रहने पर एम्बुलेंस उसे रिम्स ले जाना नहीं ले जाते हैं क्योंकि रिम्स में बिना स्वजनो के रिम्स में एडमिट नहीं लिया जाता है। वही अशोक साहू ने मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक का स्वजन बनकर उसे रिम्स ले गए।


झारखंड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला।
अति अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना।

ई–निविदा संख्या:- 15/R2/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक:–28-02-2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाखं) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ GUMLA/ STPKG-15/ 2023-24 | एस0एच0 बसिया से कुलुसेरा पार्ट–ए तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–6.150 कि0मी0) | 1258.869 | बारह करोड़ अंठावन लाख छियासी हजार नौ सौ रू0 मात्र। | 15 माह | तृतीय |
| | | एस0एच0 बसिया से कुलुसेरा पार्ट–बी0 तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–6.500 कि0मी0) | | | | |
| | | करमटोली से मंझकेरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–2.250 कि0मी0) | | | | |
| | | तिरल से बोम्बीयारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.000 कि0मी0) | | | | |
| | | किनीरकेला से तुरबुंगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.600 कि0मी0) | | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 02.03.2024
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–09.03.2024 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 11.03.2024 अपराहन 03.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0–06524–465040 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR 320908 Rural Work Department(23-24)D



कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 65/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 09.03.24 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 11.03.24 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 11.03..24 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला परिषद निधि

| क्र0 स0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राषि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | सुशील कॉलौनी नं0–2 के आवास संख्या–09 की आवश्यक मरम्मति कार्य। | 490300.00 | 750.00 | 10000.00 | दो माह |
| 2 | सदर | सुशील कॉलौनी नं0–2 के आवास संख्या–10 की आवश्यक मरम्मति कार्य। | 699800.00 | 1250.00 | 14000.00 | दो माह |
| 3 | सदर | सुशील कॉलौनी नं0–2 के आवास संख्या–12 की आवश्यक मरम्मति कार्य। | 541000.00 | 1250.00 | 11000.00 | दो माह |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR.NO.321038 District(23-24):D

# करीम सिटी कॉलेज में शानदार कार्यक्रम शामे-गज़ल का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज साकची की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था स्पार्क (सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर) के 20 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कॉलेज ऑडिटोरियम में शामे-गजल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अर्बन सर्विसेस, टाटा स्टील के प्रमुख जीरेन टोपनो तथा विशिष्ट अतिथि स्पोर्ट्स डिवीजन, टाटा स्टील के हेड डॉ हसन इमाम मालिक और कॉलेज के सचिव एवं पूर्व प्राचार्य डॉ मोहम्मद जकरिया सम्मिलित हुए। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने स्वागत भाषण दिया तथा कार्यक्रम के आयोजन पर स्पार्क तथा स्पार्क के कोऑर्डिनेटर डॉ यहिया इब्राहीम को बधाई देते हुए कहा कि स्पार्क हमारे कॉलेज का एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो पिछले 20 सालों से अपने छात्र-छात्राओं के अंदर छुपी हुई कलात्मक प्रतिभाओं को उभर कर उन्हें कलाकार बना रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ मलिक तथा मुख्य अतिथि ने भी सभा को संबोधित किया और स्पार्क की गतिविधियों की प्रशंसा की। शामे-गजल के नाम से सजी हुई महफिल में सबसे पहले शहर के जाने-माने गजल गायक अजय राय ने गौहर अजीज की लिखी हुई गजल गाकर समाँ बाँध दिया। उनके बाद धृतिमान मंडल, सुजाता भाद्रा, इंद्रनील पाल एवं आंचल सिंह, सौरव चौधरी तथा आयुष मित्रा ने बारी-बारी से मनमोहक गजलें पेश कीं।

# उद्भव सिंचाई योजना को जल संसाधन मंत्री से मिले विधायक मंगल कालिंदी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने शुक्रवार को जल संसाधन विभाग के मंत्री बसंत सोरेन के साथ रांची स्थित कार्यालय में मुलाकात करते हुए पटमदा व बोड़ाम अंचल के लिए उद्भव सिंचाई योजना के तहत सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में विधायक ने कहा है कि जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पटमदा एवं बोड़ाम अंचल कृषि आधारित क्षेत्र है। पानी के अभाव में किसान सालों भर कृषि कार्य नही कर पाते हैं। जबकि यंहा के लोगों के आय का मुख्य स्रोत कृषि ही है। पटमदा एवं बोड़ाम क्षेत्र के अनाज झारखंड के अलावे पश्चिम बंगाल व ओड़िसा के विभिन्न जिलों में भेजी जाती है। अल्पवर्षा अथवा सुखाड़ होने से यंहा के किसानों की स्थिति काफी दयनीय हो जाती है।इस संबंध में जल संसाधन मंत्री वसंत सोरेन ने विधायक को सकारात्मक आश्वसान दिया है।

## पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी रांची स्टडी सेंटर का उद्घाटन 6 मार्च को

**पटमदा :** पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी रांची के स्टडी सेंटर का उद्घाटन विधायक सह कॉलेज शासी निकाय के अध्यक्ष मंगल कालिंदी के कर कमलों द्वारा 6 मार्च को किया जाएगा। जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही है। स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी का मान्यता मिलने से क्षेत्र के विद्यार्थियों अब विभिन्न प्रकार कोर्स कर सकेंगे। सर्टिफिकेट कोर्स(6 माह ) ई - कॉमर्स, लीगल अवार्नेस, रूरल डेवलपमेंट, मीडिया मैनेजेंटमेंट, मास कम्युनिकेशन, वोकेशनल(लॉजिस्टिकस) डिप्लोमा कोर्स (एक वर्ष ) ÷ कंप्यूटर एप्लीकेशन, मैनेजमेंट, जीआईएस, बैंकिंग एंड इंश्योरेंस, रीजनल लैंग्वेज, काउंसलिंग डिजिटल मार्केटिंग, उर्दू लैंग्वेज, हैल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर ,बीएड असिस्टेंस, प्रॉजेक्ट मैनेजमेंट, नेचुरोपैथी, योगा, नर्सरी टीचर ट्रेनिंग व रूरल मैनेजमेंट कोर्स, पीजी डिप्लोमा कोर्स (18 माह)÷ई -मैनेजमेंट, एच आर रूरल डेवलपमेंट,आईटी और कंप्यूटर कोर्स में एडमिशन लिया जा रहा है। जबकि जून 2024 से यूजी और पीजी में निम्न विषय पर नामांकन होगा। जिसमें हिंदी, अंग्रेजी, क्षेत्रीय भाषा, जनजातीय भाषा, इतिहास, राजनीतिक विज्ञान,अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, बीएड, एमएड, बीबीए, एमबीए और सर्टिफिकेट के साथ- साथ डिप्लोमा कोर्स के तहत हैल्थ केयर, टॉरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी,मैनेजमेंट,वोकेशनल कोर्स, सर्विस मैनेजमेंट, जेंडर स्टडीज,सोशल वर्क और ट्राइबल स्टडीज शामिल हैं।

# चांडिल में आजसू सेवा कार्यालय का हरेलाल महतो ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल डैम रोड स्थित लक्ष्मी टेंट हाउस के बगल में आजसू पार्टी ने अपना नया कार्यालय खोला। शुक्रवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान हरेलाल महतो ने कहा कि चांडिल बाजार समेत आसपास के क्षेत्र के जनता की सेवा के लिए इस कार्यालय को चालू किया गया है। इस कार्यालय के माध्यम से चांडिल बाजार, आदर्श कॉलोनी, कदमडीह, हिलिमिली, दालग्राम, गांगुडीह, सुखसारी, रसुनिया आदि क्षेत्र के जनता के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोग चुनावों में कार्यालय खोलते हैं लेकिन हम उसके विपरीत सेवा के लिए कार्यालय खोल रहे हैं। हरेलाल महतो ने कहा कि वर्तमान समय में चांडिल बाजार की स्थिति काफी खराब है। चांडिल मेन रोड पर प्रतिदिन वाहनों की लंबी जाम लग रही है, जाम में एम्बुलेंस फंस जाते हैं। कई दिनों से पेयजल संकट और बिजली की समस्या है। नालियों में गंदगी है, जिसकी सफाई जरूरी है। इन समस्याओं के समाधान के लिए यहां के जनप्रतिनिधि और प्रशासन गंभीर नहीं है। इस मौके पर केंद्रीय सचिव सत्यनारायण महतो, जिलाध्यक्ष सचिन महतो, प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप, बॉबी जालान, पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी अष्टमी रविदास, पुलक सथपति, अजय महतो, बुद्धेश्वर महतो, माधव सिंह मुंडा, कालो सोना महतो, राहुल महतो, रौशन शर्मा, संदीप मंडल, बिजय मोदक, रेखा प्रमाणिक, मदन प्रमाणिक, दामोदर गोप, पीयूष दत्त, सौभिक हालदार आदि मौजूद थे।

## सरायकेला-खरसावां जिले के नए पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने लिया पदभार



**सरायकेला :** जिले के नए पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो शुक्रवार को जिले के 20वें पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार लिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में निर्वतमान पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें विधिवत पदभार सौंपा।पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने मीडिया से कहा कि जिले में विधि व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा निवर्तमान एसपी डॉ विमल कुमार द्वारा अपराध नियंत्रण एवं बेहतर पुलिसिंग के लिए जिले में चलाए जा रहे अभियान को जारी रखते हुए उनके प्रस्तावित कार्य योजना को जनहित में लागू करने का प्रयास किया जाएगा। जिले में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा। जिला पुलिस टीम भावना के साथ टीम वर्क के रूप में जिले को अपराध मुक्त एवं भयमुक्त बनाने के लिए कार्य करेगी। सड़क सुरक्षा हेतु सड़क सुरक्षा टीम के साथ बैठक कर इसके लिए रोड मैप तैयार कर कार्य किया जाएगा। अवैध एवं आपराधिक धंधों से जुड़े व्यक्तियों के लिए जिला पुलिस सख्त रहेगी तथा आम पब्लिक के लिए मित्रवत व्यवहार के साथ कार्य करेगी। मौके पर निवर्तमान एसपी डॉ विमल कुमार ने कहा काफी कम समय में उन्होंने जिले में पुलिसिंग व्यवस्था में बेहतर करने का प्रयास किया।

## राजनगर के नए बीडीओ मलय कुमार ने लिया पदभार

**राजनगर :** राजनगर प्रखंड में नये प्रखंड विकास पदाधिकारी मलय कुमार ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। मलय कुमार इससे पहले पश्चिम सिंहभूम के हाट गम्हारिया प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में सेवा दे चुके है। मालूम हो कि तात्कालिक प्रखंड विकास पदाधिकारी डांगुर कोड़ाह का स्थानांतरण घोड़ाबांधा प्रखंड में होने के बाद अंचलाधिकारी हरिश चन्द्र मुंडा प्रभार में था। प्रखंड विकास पदाधिकारी मलय कुमार ने पत्रकारों से बातें करते हुए कहा कि सरकार की महात्वाकांक्षी योजना आबुआ आवास, सर्वजन पेंशन योजना समेत सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर लाना पहली प्रथमिकता है। प्रखंड क्षेत्र की जनता से सीधा संपर्क स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## एनआईटी जमशेदपुर ने आरएसबी समूह के प्रमुख सहयोग से प्रेरणादायक कार्यक्रम की मेजबानी की



**जमशेदपुर :** अकादमिक कौशल और औद्योगिक सहयोग की एक अनोखी पहल के रूप में एनआईटी जमशेदपुर ने एक ऐसे कार्यक्रम की मेजबानी की जिसने उपस्थित लोगों पर स्थायी प्रभाव छोड़ा। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों के साथ ही एचआर दिग्गज सुश्री निर्मला बेहरा भी मौजूद रहीं, आरएसबी ग्रुप के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम क्षेत्रों को एक नई दिशा देगा। इस सहयोगात्मक प्रयास के केंद्र में आरएसबी ग्रुप की भागीदारी थी, जिसका नेतृत्व संगठन के चेयरमैन और एनआईटी जमशेदपुर के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र आर के बेहरा ने किया। इस आयोजन का एक रोमांचक आकर्षण आरएसबी ग्रुप द्वारा प्रायोजन था, जिसने श्री मिनोचर पटेल, एक प्रसिद्ध लेखक और प्रेरक वक्ता को सबसे आगे ला दिया। सभा को संबोधित करते हुए, आरएसबी की ग्रुप एचआर सुश्री निर्मला बेहरा ने एक उज्जवल भविष्य बनाने के लिए आरएसबी की प्रतिबद्धता पर अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने आरएसबी समूह द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला, जिसमें समाज और शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए संगठन के समर्पण पर जोर दिया गया।इस कार्यक्रम को मूर्त रूप देने में डॉक्टर राजीव भूषण, प्रोफेसर तथा इंचार्ज, सॉफ्ट स्किल क्लब एवं संस्थान के डायरेक्टर डॉक्टर गौतम सूत्रधार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## टाटा स्टील ग्रोथ शॉप एवं जेडीसी के शिविर में 153 यूनिट रक्त संग्रह



**गम्हरिया :** टाटा स्टील ग्रोथ शॉप और जेडीसी के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। टीजीएस के जीएम शरद कुमार के दिशा निर्देश पर कॉलोनी परिसर स्थित डिस्पेंसरी में आयोजित शिविर का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि जेडीसी के चेयरमैन राकेश्वर पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि हेड मैन्युफैक्चरिंग पंचम लाल टंक ने रक्तदान कर किया। इस मौके पर यूनियन एवं प्रबंधन के कर्मचारियों के सहयोग से 153 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पांडेय ने शिविर के आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर सीनियर मैनेजर एडमिनिस्ट्रेशन संजय सिंह, ब्रजेश छाबरा, एस एन सिंह, बिजेश यतिंद्रन, अमित रॉय, डॉ. विवेक, डॉ. ओमप्रकाश पांडेय, अवधेश पांडेय, उदय शंकर पाठक, संजय तिवारी, कुमार विवेक, वेलफेयर कमेटी के सदस्य रंजन मिश्र, प्रभुनाथ कर्ण, कौशल कुमार दिलीप महतो समेत अन्य सदस्यों के सहयोग से शिविर को सफल बनाया गया।

## विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर आए लोगों से मिले उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सप्ताहिक जनता दरबार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिले के विभिन्न क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं समाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए लोगों से उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला क्रमवार मिल कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। समस्याओ पर संज्ञान लेते हुए कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया जबकि कुछ समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित विभागीय पदाधिकारियों को आवेदन हस्तांतरित कर यथोचित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए जिला मुख्यालय को सूचित करने के उन्होंने निर्देश दिए।सप्ताहिक जनता दरबार मे भूमि संबंधित, सुरक्षा के दृष्टिकोण से एच ए टी आई एल बिल्डिंग आदित्यपुर के पास स्ट्रीट लाइट स्थापित करने, भूमिहीन दिव्यांग लाभुक को अबुआ आवास योजना के लाभ हेतु भूमि उपलब्ध कराने, मदरसा भवन निर्माण हेतु दान में मिले भूमि के रजिस्ट्री कराने, अनुकंपा आधारित मामले, आय प्रमाण पत्र में सुधार (नीमडीह अंचल), सरायकेला प्रखंड के मोहितपुर पंचायत में विद्युत सेवाएं बहाल करने एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने समेत विभिन्न समस्या लेकर लोग आए थे।

## पारगामा में कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ वार्षिक नवाह्न परायण महायज्ञ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** कुकड़ु प्रखण्ड क्षेत्र के पारगामा पंचायत अंतर्गत गांव पारगामा में प्राचीनकालीन शिव मंदिर में कलश यात्रा के साथ रामचरित्र मानस पाठ महायज्ञ का आरंभ किया गया। बालिका कन्याओं के द्वारा दुधि जुड़िया(नाला) से घट (कलश) में पानी लेकर पैदल यात्रा करते हुए हरे कृष्ण,हरे राम नाम के कृतन के साथ नवाह्न परायण महायज्ञ का कलश स्थापित किया गया। कमिटी कार्यकर्त्ता राकेश कुमार महतो के द्वारा जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष हमारे पारगामा सोलोआना कमिटी के द्वारा प्राचीनकालीन शिवमन्दिर प्रांगण में नौ दिन तक दिन में रामचरित्र मानस पाठ के साथ महायज्ञ एवं रात्रि में रामचरित्र मानस पाठ का प्रवचन किया जाता है। जिसमे संजय पाण्डे प्रथम रात्रि चित्त ठाकुर द्वितीय रात्रि, दयाल दास,अतीत मुखार्जी तथा भवानंद दास बाबाजियो के द्वारा रामचरित्र मानस पाठ कर सुनाया जायेगा।मौके पर रविन्द्र नाथ महतो,शशांकर महतो, शंभू महतो,अजीत पोद्दार,रमानाथ महतो, धीराज महतो,मनोरंजन सिंह सरदार, युधिष्ठिर महतो,जगन्नाथ महतो आदि भगतगण उपस्थित थे।

## जमना ऑटो कंपनी ने सीएसआर के तहत स्कूल में वाटर कूलर, मिनी साइंस सेंटर का किया उद्घाटन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**चांडिल :** राजकीय उच्च विद्यालय कल्याणपुर चिलगु में आज जमना ऑटो कंपनी के सीएसआर विभाग द्वारा स्थापित वाटर कूलर तथा मिनी साइंस सेंटर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम अधिकारी सिद्धेश्वर झा रहे। जमना ऑटो के प्लांट प्रमुख सुधीर चंदेले ने बताया की कंपनी आसपास के सात राजकीय विद्यालयों व आंगनवाड़ी केंद्रों में सीएसआर कार्यकम के तहत शिक्षा के विकास के कार्य कर रही है। इसी कड़ी में विद्यालय में साइंस लेब स्थापित की गई हैं जिसमे केमेस्ट्री, बायोलॉजी व मैथ्स के लगभग अस्सी मॉडल स्थापित किए हैं तथा उनके प्रयोग करने की विधि सरल शब्दों में बताए गई हैं ताकि बच्चो में साइंस के प्रति रूचि बढ़े और समझने में आसानी रहे। आने वाली गर्मियों में बच्चो को ठंडे पानी की सुविधा के लिए वाटर कूलर भी स्थापित किया गया है। विधालय की प्राचार्या श्रीमती हीरा ने विद्यालय में अनेक विकास कार्य करवाने के लिए जमना ऑटो इंडस्ट्री का धन्यवाद किया। इस अवसर पर कंपनी के एच आर प्रमुख श्री देबाप्रिया ज्योतिषी, रितेश मुखर्जी, आर के पांडे तथा सीएसआर विभाग से अनिल भारद्वाज और विद्यालय के सभी अध्यापक गण उपस्थित रहे।

## आनंद कुमार की आतिशी पारी से दोमुहानी सेमीफाइनल में, हुडको को हरा जुबिली भी अंतिम चार में



**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के तत्वावधान में खेले जा रहे मीडिया कप क्रिकेट के अंतिम लीग मैच में आनंद कुमार (74) की आतिशी बल्लेबाजी के बदौलत दोमुहानी एकादश ने स्वर्णरेखा को 10 विकेट से हरा कर सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस जीत ने ग्रुप बी की दूसरी टीम हुडको एकादश की हसरतों पर भी पानी फेर दिया। बेहतर रन औसत के आधार पर दोमुहानी सेमीफाइनल में प्रवेश कर गई। अब दोमुहानी का मुकाबला से सेमीफाइनल में जुबिली एकादश से होगा। जुबिली ने आज ही खेले गए पहले मैच में लगातार दो मैच जीत चुकी हुडको एकादश की टीम को करारी शिकस्त दी। हुडको के लिए हार के बावजूद सेमीफाइनल में पहुंचने का मौका था लेकिन दोमुहानी ने उम्दा खेल और रणनीति से रन औसत बेहतर कर लिया और सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# जे एन टाटा की दूरदर्शी भावना का जश्नः झारखंड के विकास के प्रति टाटा स्टील की प्रतिबद्धता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक सदी से भी ज्यादा समय पहले, जब स्वतंत्र भारत के लिए खाका तैयार किया जा रहा था, टाटा स्टील के संस्थापकों ने एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण की दिशा में पहला कदम उठाते हुए स्टील के उत्पादन के लिए स्वदेशी क्षमता निर्माण की कल्पना की थी जो वास्तव में स्वतंत्र और आत्मनिर्भर है। आज, जब टाटा स्टील, टाटा समूह के संस्थापक जमशेतजी नसरवानजी टाटा की 185वीं जयंती मना रही है, तो यह राष्ट्र निर्माण और आत्मनिर्भरता के साथ ही सतत विकास की दिशा में भारत की भागीदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करती है।

टाटा स्टील 1907 में टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी के रूप में अस्तित्व में आई और भारत की पहली एकीकृत स्टील कंपनी होने का गौरव हासिल किया। यह वास्तव में स्वदेशी उद्यम था। यह उस समय की बात थी जब राष्ट्र लोकमान्य तिलक के स्वदेशी आंदोलन के आह्वान में शामिल हो गया था और उपनिवेशवादियों से इस तरह से लड़ना शुरू किया जो 1857 के विद्रोह के बाद से नहीं देखा गया था। इस प्रकार, टाटा ने भारत के लोगों से पूंजी जुटाने की अपील की और उन्होंने इसपर प्रतिक्रिया दी।

वर्षों बाद, जे एन टाटा के छोटे बेटे, सर दोराबजी टाटा ने लिखा कि उन्हें इस बात पर कितना गर्व है कि देश के औद्योगिक विकास के लिए भारत की संपत्ति से इतनी बड़ी राशि जुटाई गई थी÷ ÷यह पहली बार था कि भारत का कच्चा माल बाहर नहीं गया और देश में बेचने के लिए तैयार वस्तुओं के रूप में वापस आया। सबसे बढ़कर, यह एक विशुद्ध रूप से स्वदेशी उद्यम था जो स्वदेशी धन द्वारा वित्तपोषित और स्वदेशी प्रतिभा द्वारा प्रबंधित था।%%

1912 में जमशेदपुर में टाटा स्टील प्लांट से 100,000 टन के स्टील के पहले इंगट का उत्पादन हुआ। प्रथम विश्व युद्ध के चरम पर, 1916 तक प्लांट ने क्षमता के अनुरूप उत्पादन किया, और उसी वर्ष

अपना पहला विस्तारीकरण कार्यक्रम, ग्रेटर एक्सपेंशन स्कीम, का प्रस्ताव शेयरधारकों की मंजूरी के लिए पेश किया। योजना को स्वीकृति मिल गयी। टाटा स्टील ने युद्ध के तुरंत बाद विस्तारीकरण शुरू किया और 1924 तक प्रति वर्ष 420,000 टन बिक्री योग्य स्टील का उत्पादन बढ़ा दिया।

1930 के दशक की शुरुआत तक, यह भारत की स्टील की 72 प्रतिशत आवश्यकता की पूर्ति कर रहा था, जिसमें रक्षा आवश्यकताओं से लेकर रेलवे बुनियादी संरचना, विनिर्माण उद्योगों और हावड़ा ब्रिज जैसी प्रतिष्ठित परियोजनाओं को शामिल किया गया था। आज तक कोलकाता के क्षितिज को परिभाषित करने वाले पुल को बनाने में 23,000 टन या लगभग 85 प्रतिशत स्टील का उपयोग किया गया था, जो जमशेदपुर से आया था।

कंपनी ने समानांतर रूप से स्वदेशी बौद्धिक पूंजी को बढ़ावा देने और उसका लाभ उठाने में निवेश किया। इसने 1921 में ÷विदेशी तकनीकी विशेषज्ञों को उनके भारतीय समकक्षों के साथ बदलने के लिए÷ जमशेदपुर टेक्निकल इंस्टीट्यूट की स्थापना की। इसके बाद इसने जमशेदपुर में अनुसंधान और नियंत्रण प्रयोगशाला की स्थापना की। इसने नए प्रकार के स्टील के अनुसंधान और विकास को गति दी और

टिस्क्रोम, टिस्कोर और टाटा सन जैसे ब्रांडों की लॉन्चिंग की - इन सभी ने टाटा स्टील को 1939 तक ब्रिटिश साम्राज्य में सबसे बड़ा एकीकृत स्टील प्लांट बनने के लिए प्रेरित किया और वैश्विक मंच पर भारतीय स्टील को देखने के नज़रिए को हमेशा के लिए बदल दिया।

भारत की अर्थव्यवस्था और भविष्य के लिए टाटा स्टील का महत्व इतना था कि इसे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के कुछ सबसे बड़े नेताओं - महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और राजेंद्र प्रसाद का समर्थन प्राप्त था। जब गांधीजी ने 1920 के दशक में जमशेदपुर का दौरा किया और 20,000 दर्शकों को संबोधित किया, तो उन्होंने कहा था, ÷यह मेरी महत्वाकांक्षा थी कि मैं भारत में सबसे महान भारतीय उद्यमों में से एक को देखूं और वहां काम की स्थितियों का अध्ययन करूं...।÷ यकीन मानिए, अपनी 35 साल की सार्वजनिक सेवा के दौरान, हालांकि मैं खुद को पूंजीवाद के खिलाफ मानता रहा हूं... पूरी विनम्रता से, मैं कह सकता हूं कि मैं यहां पूंजीपतियों के मित्र के रूप में भी आया हूं - टाटा के मित्र के रूप में।% उन्होंने आगे कहा कि मैं इस महान भारतीय कंपनी की समृद्धि और इस महान उद्यम की सफलता की कामना करता हूं। कृषि, उद्योग और आधारभूत संरचना में एक प्रमुख घटक, स्टील का निर्माण, किसी देश के आर्थिक विकास से निकटता से जुड़ा हुआ है। 1947 में जब भारत को स्वतंत्रता मिली, तो उसे कृषि के साथ-साथ औद्योगिक क्रांति की भी आवश्यकता थी। कारखानों, बांधों, बिजली संयंत्रों और अन्य बुनियादी संरचना के निर्माण के लिए स्टील आवश्यक था। कृषि उपकरणों के निर्माण के लिए भी यह आवश्यक था। भारत के औद्योगीकरण के लिए आवश्यक पूंजीगत वस्तुओं के आयात को कम करना भी आवश्यक था। उस समय देश के सबसे बड़े इस्पात निर्माता के रूप में, टाटा स्टील ने भारतीयों के समक्ष खड़ी महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में राष्ट्र निर्माण के कठिन कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

योजनाबद्ध वृहद पैमाने पर औद्योगिक और बुनियादी संरचना के विकास का युग 1951 में क्रमिक पंचवर्षीय योजनाओं के साथ शुरू हुआ। इन योजनाओं के लिए स्टील - जिसमें भाखड़ा-नांगल बांध, बिजली संयंत्र, भारी इंजीनियरिंग उद्योग, रेलवे और अन्य परिवहन, पूरे शहर जैसे चंडीगढ़ और अन्य प्रतिष्ठित परियोजनाएं शामिल थीं - जमशेदपुर से शुरू हुई थी।

स्टील का पहला इंगट तैयार होने के 110 साल से अधिक समय बाद, टाटा स्टील ने एक लंबा सफर तय किया है, लेकिन राष्ट्र निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका नहीं बदली है। विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कंपनी के उत्पादों और ब्रांडों का पोर्टफोलियो ऑटोमोटिव, निर्माण, औद्योगिक और सामान्य इंजीनियरिंग और कृषि जैसे बाजार क्षेत्रों में तेजी से विस्तारित हुआ है।

भारत में एक तिहाई से अधिक इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में अब टाटा स्टील का योगदान होता है। कंपनी ने कम से कम 40 प्रमुख हवाई अड्डों और लगभग सभी मेट्रो रेल नेटवर्क के निर्माण में मदद की है, जिससे देश में यात्रियों की मांग कई गुना बढ़ने की उम्मीद है।

विचार मंथन

संपादकीय

# हिन्दुत्व के साथ विकास

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी हिन्दू धर्म के सबसे बड़े पैरोकार के तौर पर स्थापित हो गए हैं। समुद्र में डूबी हुई भगवान श्रीकृष्ण की नगरी प्राचीन द्वारका के दर्शन करके और विकास परियोजनाओं को लोकार्पित करके बड़ा संदेश दिया है। प्रधानमंत्री ने उस तथ्य को स्थापित किया है, जो भारत के उस इतिहास के प्रति विश्वास जगाता है, जिसे तथाकथित इतिहासकारों ने पौराणिक कथाएं कहकर अनदेखा किया है। पुरातात्विक प्रमाण उपलब्ध होने के बाद भी कभी रामसेतु को तो कभी प्राचीन द्वारका को नकारने के प्रयत्न भारत में हुए हैं, भाजपा को साधुवाद है कि उसने न केवल संघर्ष करके रामसेतु की रक्षा की अपितु ऐसे अन्य स्थानों को वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाने का कार्य भी किया है। प्रधानमंत्री जब समुद्र की गहरायी में जाकर प्राचीन द्वारका के दर्शन और भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति कर रहे थे, तब यह दृश्य दुनिया देखी रही थी। भारत के प्रधानमंत्री ने अपने वैभवशाली प्राचीन इतिहास और विरासत के प्रति विश्व में एक आकर्षण पैदा किया है। स्मरण रखें कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारकाधीश थे। कहा जाता है कि द्वापर में उनके परलोक गमन के बाद द्वारका नगरी समुद्र में विलीन हो गई थी। जिस स्थान पर द्वारका नगरी होने की बात कही जाती है, वहाँ पर समुद्र में एक शहर मिला है। इस शहर के जलमग्न अवशेष अभी भी देखने में बेहद भव्य दिखता है। प्रधानमंत्री मोदी ऐसे नेता हैं, जो हिन्दुत्व के साथ-साथ विकास पुरुष के रूप में पहचाने जाते हैं। देश की जनता ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यों को देखा-परखा इसलिए ही प्रधानमंत्री के तौर पर चुना। प्रधानमंत्री ने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में हिन्दुत्व की छवि को बनाने के साथ-साथ विकास के कार्यों को गति दी है। एक ओर कांग्रेस है जो मंदिरों की आय पर टैक्स लगा रही है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी हैं जो हिन्दू धर्म स्थलों पर विकास कार्यों को गति दे रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने द्वारका की जनता को 52 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात दी है। इसके साथ ही उन्होंने ओखा को बेट द्वारका से जोड़नेवाले सुदर्शन सेतु का लोकार्पण किया। यह सेतु देशभर से बेट द्वारका पहुँचनेवाले श्रद्धालुओं को सुविधा देगा। सुदर्शन सेतु द्वारकाधीश मंदिर में आने वालों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। इसके साथ ही ओखा मेनलैंड को बेट द्वारका द्वीप से जोड़ने से इस क्षेत्र में संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। सुदर्शन सेतु के निर्माण से पहले तीर्थयात्रियों को बेयत, द्वारकाधीश मंदिर तक पहुँचने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ता था। बेट द्वारका ओख बंदरगाह के पास एक द्वीप है, जो द्वारका से 30 किलोमीटर दूर है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के पर्यटन को बढ़ाने के अद्भुत प्रयास किए हैं, जिनके कारण पर्यटन भी बढ़ रहा है और स्थानीय स्तर पर रोजगार भी बढ़ रहे हैं। लक्षद्वीप के बाद प्रधानमंत्री ने द्वारका में स्कूबा डाइविंग करके इस रोमांचक गतिविधि के प्रति न केवल आकर्षण पैदा किया है बल्कि यह संदेश भी दिया है कि हमारे देश में अनेक ऐसे स्थान हैं जहाँ हम उन सब गतिविधियों को प्रोत्साहित कर सकते हैं, जिनके आकर्षण में हम विदेश जाते हैं। प्राचीन द्वारका के सामने प्रधानमंत्री को श्रद्धाभाव प्रकट करते देख अब देश-दुनिया के ऐसे लोग भी श्रीकृष्ण की नगरी के दर्शन करना चाहेंगे, जिनकी हिन्दू धर्म में आस्था है या फिर जो प्राचीन विरासत को देखना पसंद करते हैं।

प्रधानमंत्री ने उस तथ्य को स्थापित किया है, जो भारत के उस इतिहास के प्रति विश्वास जगाता है, जिसे तथाकथित इतिहासकारों ने पौराणिक कथाएं कहकर अनदेखा किया है। पुरातात्विक प्रमाण उपलब्ध होने के बाद भी कभी रामसेतु को तो कभी प्राचीन द्वारका को नकारने के प्रयत्न भारत में हुए हैं, भाजपा को साधुवाद है कि उसने न केवल संघर्ष करके रामसेतु की रक्षा की अपितु ऐसे अन्य स्थानों को वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाने का कार्य भी किया है। प्रधानमंत्री जब समुद्र की गहरायी में जाकर प्राचीन द्वारका के दर्शन और भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति कर रहे थे, तब यह दृश्य दुनिया देखी रही थी। भारत के प्रधानमंत्री ने अपने वैभवशाली प्राचीन इतिहास और विरासत के प्रति विश्व में एक आकर्षण पैदा किया है। स्मरण रखें कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारकाधीश थे। कहा जाता है कि द्वापर में उनके परलोक गमन के बाद द्वारका नगरी समुद्र में विलीन हो गई थी। जिस स्थान पर द्वारका नगरी होने की बात कही जाती है, वहाँ पर समुद्र में एक शहर मिला है। इस शहर के जलमग्न अवशेष अभी भी देखने में बेहद भव्य दिखता है। प्रधानमंत्री मोदी ऐसे नेता हैं, जो हिन्दुत्व के साथ-साथ विकास पुरुष के रूप में पहचाने जाते हैं। देश की जनता ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यों को देखा-परखा इसलिए ही प्रधानमंत्री के तौर पर चुना। प्रधानमंत्री ने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में हिन्दुत्व की छवि को बनाने के साथ-साथ विकास के कार्यों को गति दी है। एक ओर कांग्रेस है जो मंदिरों की आय पर टैक्स लगा रही है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी हैं जो हिन्दू धर्म स्थलों पर विकास कार्यों को गति दे रहे हैं।

### प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी एक नयी पारी की शुरुआत करेंगे

# मोदी के तीसरे कार्यकाल की सुखद आहट

ललित गर्ग

प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी का यह तीसरा कार्यकाल अगले एक हजार वर्षों के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल होगा। इस अवधि में भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने के साथ विश्वगुरु भी बन सकेगा। प्रधानमंत्री मोदी के दो कार्यकाल की समीक्षा करें तो स्पष्ट हो जाता है कि उनकी सरकार द्वारा उठाये गये हर कदम एवं उनकी हर बात राष्ट्र निर्माण की दिशा में बढ़ाये गये अनूठे, परिवर्तनकारी एवं सकारात्मक कदम रहे हैं।

**वर्ष** 2024 के आम चुनाव सन्निकट हैं। भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक एवं धमाकेदार जीत के प्रति आश्वस्त है। एक बार फिर प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी एक नयी पारी की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी का यह तीसरा कार्यकाल अगले एक हजार वर्षों के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल होगा। इस अवधि में भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने के साथ विश्वगुरु भी बन सकेगा। प्रधानमंत्री मोदी के दो कार्यकाल की समीक्षा करें तो स्पष्ट हो जाता है कि उनकी सरकार द्वारा उठाये गये हर कदम एवं उनकी हर बात राष्ट्र निर्माण की दिशा में बढ़ाये गये अनूठे, परिवर्तनकारी एवं सकारात्मक कदम रहे हैं। 2014 से पहले के भारत में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की ही बात सामने आती थी लेकिन अब विकास, अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं, जिनमें नये भारत, सशक्त भारत की जड़े गहरी हुई है। मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष भारतीय इतिहास में सबसे सुदृढ़ एवं युगांतरकारी रहे हैं। हम सब इतिहास के उस स्वर्णिम काल के गवाह बनने के साक्षी बने हैं। यह सब मोदी के करिश्माई एवं चमत्कारी व्यक्तित्व से ही संभव हो पाया है। करिश्मा किसी व्यक्ति विशेष का एक निश्चित गुण होता है जो अपवाद होता है और जिसके आधार पर वह स्वीकार्यता हासिल कर शासन करता है। लिंकन, चर्चिल, रूसवेल्ट और जॉन एफ केनेडी महान राजनेता थे, जो अपने करिश्माई व्यक्तित्व और प्रभामंडल के लिए जाने जाते थे और इसका उपयोग उन्होंने अपने देश को मजबूत करने के लिए किया। मोदी इसी श्रेणी के इन सबसे आगे निकलते हुए विलक्षण क्षमताओं एवं मौलिक विशेषताओं वाले विरल नेता है। 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा एवं सभी विपक्षी दल अपनी-अपनी चालें चल रहे है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर नये गठबंधन हो रहे हैं तो बने हुए गठबंधन टूट रहे हैं, अनेक नेता दलों के पाले बदल रहे हैं, एक दूसरे को मात देने का दौर चल रहा है, सब अपनी-अपनी व्यूह रचना बना रहे हैं। भाजपा ने स्वयं की 370 एवं उसके



गठबंधन की 400 सीटों का लक्ष्य बनाया है। इंडिया गठबंधन एवं विभिन्न राजनीतिक दल भी जीत की संभावनाओं को लेकर जुटें हैं। राजनीति पल-पल नया आकार लेती है, इसलिये राजनीति में सही वक्त पर सही ढंग से इस्तेमाल करने का हुनर होना अपेक्षित होता है, जो अच्छा चल रहा है उसे बिगाड़ना आना चाहिए और जो बिगड़ रहा है उसे सुधारना आना चाहिए। इसी को कहते है राजनीति। इसी राजनीति के महारथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा की रणनीति तीक्ष्ण एवं प्रभावी बनकर सामने आ रही है ताकि धमाकेदार चुनाव परिणाम तक पहुंचा जा सके। मोदी के करिश्माई राजनीति का ही परिणाम है कि नीतीश कुमार और जयंत चौधरी जैसे नेताओं को इंडिया गठबंधन से छीन लिया गया है। कांग्रेस के अशोक चव्हान को भाजपा में शामिल करके राज्यसभा में भेजा दिया है। कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की स्वर सुनाई दे रहे हैं। मायावती और चंद्रबाबू नायडू को विपक्ष में जाने से रोक दिया गया है। शिवसेना और राकांपा की दो फाड कर दी गयी है। श्रीराम मन्दिर उद्घाटन से हिन्दू वोटों को प्रभावित किया गया है, वही 'भारत रत्न' की घोषणा से आम चुनावों को प्रभावित करने का राजनीतिक कौशल सामने आया है। मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व का ही परिणाम है कि आगामी चुनावों में भाजपा की शानदार जीत के बनते दृश्यों को देखकर समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ या किंकर्तव्यविमूढ़ दिखाई दे रहा है। यह स्थिति बनने का मूल कारण जहां मोदी का ऐतिहासिक एवं सफल दो कार्यकाल हैं, वही आगामी चुनाव को लेकर उनकी रणनीति एवं राजनीतिक कौशल है। मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व की विशेषताओं में प्रमुख हैं कि वे दूरदृष्टि रखते हैं, लक्ष्य तय करते हैं और उस लक्ष्य को पूरा करने में लगे रहते हैं। वे अपने एजेंडे को लेकर निर्णायक और स्पष्ट हैं। लक्ष्य को हासिल करने के लिए वह अपने भीतर देखते हैं एवं जनता से सीधा संबंध स्थापित करते हैं। उन्होंने सिर्फ भौतिक-आर्थिक विकास के संदर्भ में ही विकास की बात नहीं की बल्कि विकास का लाभ समाज के निचले तबके और अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिये योजनाएं एवं नीतियां बनाई ताकि उनके जीवन में आमूलचूल परिवर्तन आए और अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर बने। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्र के सांस्कृतिक पुनरुद्धार को बल दिया, जो सकारात्मक सभ्यता के साझा मूल्यों और इन मूल्यों में गर्व की भावना पर आधारित हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने राजनीतिक स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में देश के लिए एक उचित स्थान बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास एक सुस्पष्ट दृष्टि है कि आजादी के 75वें या 100वें साल में राष्ट्र किस मुकाम पर होगा। उन्होंने भारत के लिए एक विजन और दीर्घकालिक लक्ष्य तय किया है। इसे हासिल करने के लिए उन्होंने व्यापक लक्ष्य को विभिन्न माध्यमों से दीर्घकालिक और अल्पकालिक लक्ष्यों में विभाजित किया है और इसमें सरकार के हर वर्ग, पहलू और क्षेत्र को समावेश किया है। लक्ष्य चाहे दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का हो या फिर व्यवसाय की सुगमता का या फिर वैश्विक निर्यात का प्रतिशत या वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हिस्सा बढ़ाने का हो, इनके बारे में एक स्पष्ट रुख अख्तियार किया गया है और इन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में प्रयास भी चल रहे हैं। आर्थिक और वित्तीय मानदंडों पर भारतीय अर्थव्यवस्था आज सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। इसकी विकास की दर आठ प्रतिशत के इर्दगिर्द घूम रही है। प्रधानमंत्री अपने प्रत्येक संबोधन में देश की हर छोटी बड़ी सफलता का श्रेय 140 करोड़ भारतीयों को देते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश और समाज के जीवन का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां विकास की गति को बल न मिल रहा हो।

दृष्टि कोण

# बंदरों के आतंक से प्रभावित होती कृषि

**बंदरों** की बढ़ती संख्या से हमारे खेती सबसे अधिक प्रभावित हो रही है। कहा जाए तो बिल्कुल नष्ट होने की कगार पर है। हम जो भी सब्जियां लगाते हैं बंदर आकर सब कुछ नष्ट कर देते हैं। कई बार अगर आंगन में मैं अपने बच्चों को अकेले छोड़ देती हूं तो बंदर आ कर उन्हें काट लेते हैं। हम सभी खौफ की ज़िंदगी गुजार रहे हैं। हमारी आय का एकमात्र साधन सब्जियां उगाकर बेचना होता है। लेकिन अब लगता है कि इन बंदरों की वजह से हमें भूखों मारना पड़ेगा। यदि प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया तो हमें रोजगार की तलाश में गाँव छोड़ना पड़ सकता है।" यह कहना है 36 वर्षीय उषा देवी का, जो उत्तराखंड के बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ ब्लॉक के पिंगलों गांव में रहती हैं। करीब 1950 लोगों की जनसंख्या वाले इस गाँव में अधिकतर उच्च जाति के लोग निवास करते हैं। गाँव के ज्यादातर लोग कृषि कार्य से जुड़े हुए हैं। जिनके पास अपनी जमीन नहीं है वह दैनिक मजदूरी या फिर रोजगार के लिए अन्य राज्यों में पलायन कर चुके हैं। लेकिन इस समय गाँव की कृषि कार्य पर बंदरों का आतंक छाया हुआ है। वह खड़ी फसल और तैयार सब्जियों के खेतों को तबाह कर रहे हैं। इस संबंध में गांव की एक अन्य महिला 38 वर्षीय कलावती देवी कहती हैं कि "बंदरों के बढ़ते आतंक से पूरा गाँव परेशान और मुश्किलों में है। उनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। हम बहुत परिश्रम से अपनी छोटी जमीन पर सब्जियां उगाते हैं। लेकिन बंदरों का झुंड उसे पूरी तरह से तबाह कर देता है। अपनी खेती की पैदावार को ठीक करने के लिए हम दिन रात मेहनत करते हैं। लेकिन जैसे ही फसल तैयार होती है बंदर उसे जड़ से ही नष्ट कर देते हैं। जिसकी वजह से हमें भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है। यदि प्रशासन ने इस समस्या पर जल्द काबू नहीं पाया तो गाँव वालों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है।" वहीं 23 वर्षीय भक्ति कहती हैं कि "बंदरों की बढ़ती आबादी से परेशान ग्रामीणों ने बंदर भगाओ अभियान भी चलाया था। इसके लिए गरुड़ ब्लॉक के अन्य गांवों के लोगों ने भी बड़ी संख्या में आंदोलन किया था। लेकिन अभी



तक इसका कोई भी फायदा नहीं हुआ है। बंदरों की संख्या संख्या इतनी बढ़ गई है कि एक ओर जहां वह तबाही मचा रहे हैं वहीं दूसरी ओर जगह-जगह गंदगी करते हैं जिससे पूरा वातावरण दूषित हो रहा है। खेतों में जो सब्जियां होती हैं बंदर उसे पूरी तरह से खराब कर देते है। हम कोई भी चीज बाहर नहीं रख सकते हैं। पता नहीं हमें कब तक इन बंदरों के आतंक को झेलना पड़ेगा।" बंदर केवल फसलों को ही नुकसान नहीं पहुंचा रहे हैं बल्कि वह ग्रामीणों पर भी हमला कर उन्हें घायल कर देते हैं। इसका सबसे अधिक नुकसान स्कूल जानें वाली छात्राओं को हो रहा है। कक्षा 11 में पढ़ने वाली गुंजन का कहना है कि "स्कूल जाते समय बंदर हमारे बैग छिन लेते हैं और हमारी किताबें और कॉपियाँ फाड़ देते हैं। हमें बंदरों से बहुत डर लगता है। कई बार तो वह हमें जख्मी भी कर देते हैं। स्कूल आते जाते समय हमें हमेशा बंदरों का भय बना रहता है। वहीं गाँव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गोदावरी देवी कहती हैं कि "पिछले कुछ वर्षों से बंदरों की बढ़ती संख्या से तमाम ग्रामवासी बहुत ही परेशान हैं। हमारे पास जो रिकार्डस होते हैं वह बंदर छिन कर उसे नष्ट कर देते हैं। जिससे हमारा कामकाज बहुत प्रभावित हो रहा है। रिकॉड्र्स नष्ट होने से हमें उच्च अधिकारियों को जवाब भी देना पड़ता है और जरूरी होने पर फिर से उन रिकॉड्र्स को तैयार करनी पड़ती है। गाँव का कोई ऐसा वर्ग नहीं है जो बंदरों के इन आतंक से परेशान नहीं हुआ होगा।" इस संबंध में पिंगलो गांव के ग्राम प्रधान पवन सिंह खाती बताते हैं कि "हमने अपने स्तर से बहुत प्रयास किया लेकिन बंदरों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। इससे लोगों की खेती नष्ट हो रही है। हर समय बच्चों को काटने का डर बना रहता है। जिसकी वजह से हम बहुत परेशान हैं। इसके लिए हमने ब्लॉक लेवल तक अधिकारियों से बात की लेकिन कोई सकारात्मक उपाय निकलता नजर नहीं आ रहा है। अब हम लोगो ने सारी चीज सरकार के ऊपर छोड़ दी है। अब पता नहीं हमें इससे कैसे और कब निजात मिलेगी? या फिर हमें ऐसे ही बंदरों का आतंक झेलते रहना पड़ेगा।" इस संबंध में गाँव की सामाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रैंडी बताती हैं कि बंदरों का यह आतंक केवल पिंगलों गाँव तक ही सीमित नहीं है बल्कि गरुड़ ब्लॉक के अन्य गांवों मेगड़ी स्टेट, रौलीयाना, जौड़ा स्टेट, गागरी गोल और नौघर में भी फैला हुआ है। जिससे इस ब्लॉक की एक बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि इन गांवों में किसान जहां गेंहू और धान की फसल उगाते हैं वहीं दूसरी ओर लहसुन, हल्दी, काली मसूर, सरसों, लौकी, कद्दू, शिमला मिर्च और बैंगन समेत बड़ी मात्रा में हरी सब्जियां भी उगाते हैं। जिसे बंदरों की बड़ी फौज तबाह कर देती है। इससे लोगों को बहुत अधिक आर्थिक नुकसान हो रहा है।

कुछ अलग

# स्वदेशी तकनीकी का पर्याय था पुष्पक विमान

**भारत** ऋषि परंपरा का देश रहा है। उपनिषद में उल्लेख है कि प्राचीन भारतीय लोग ज्ञान प्राप्त करने के लिए बहुत उत्सुक रहते थे। वायु स्थिर क्यों नहीं रह सकती ? मनुष्य का मस्तिष्क विश्राम क्यों नहीं करता ? पानी क्यों और किसकी खोज में बहता है? प्राचीन भारत के लोगों का दर्शन से घनिष्ठ सम्बन्ध था। दर्शन का सम्बन्ध अनुभूति से है। प्राचीन काल के ऋषि मुनियों ने अपनी अनुभूतियों के द्वारा नए नए आविष्कार को जन्म दिया। इसका एक उदाहरण त्रेतायुग का पुष्पक विमान है। ऋषि वाल्मीकि की रामायण के अनुसार, पुष्पक विमान का प्रारूप एवं निर्माण विधि ब्रह्म ऋषि अंगीरा ने बनाई थी। पुष्पक विमान की कार्य क्षमता और उसके निर्माण का श्रेय भगवान्‍ विश्वकर्मा को जाता है। तत्पश्चात भगवान्‍ विश्वकर्मा ने पुष्पक विमान को भगवान्‍ ब्रह्मा को उपहार स्वरुप सौंप दिया था। उसके बाद ब्रह्मा ने यह विमान कुबेर को भेंट स्वरुप दे दिया था। रावण ने अपने छोटे भाई कुबेर से बलपूर्वक उसकी सोने की नगरी लंका और पुष्पक विमान को ले लिया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार यह विमान मन्त्रों के जरिये चलता था। ये विमान एक प्रकार का अंतरिक्ष यान था। ये सोने की धातु का बना था। इसे अपने मन की गति से असीमित चलाया जा सकता था। यह विमान यात्रियों की संख्या और वायु के घनत्व के अनुसार अपना आकार छोटा या बड़ा कर सकता था। पुष्पक विमान की शक्ति और क्षमता के आगे आधुनिक विमान तुच्छ प्रतीत होता है। पुष्पक विमान का विद्युत चुम्बकीय प्रभाव इतना शक्तिशाली था कि यदि आज के समय में ये उड़ान भरे तो विद्युत और संचार जैसी व्यवस्थाएं ध्वस्त हो जाएगी। हाल ही में 5000 वर्ष पुराने विमान को अफगानिस्तान की गुफाओं में पाया गया है। दावा किया जाता है कि ये पुष्पक विमान ही है। यह जहां पाया गया है वहाँ इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव (विद्युत चुंबकीय तरंग) का प्रभाव बहुत ज्यादा था जिसकी वजह से इस यान के पास जा कर कोई भी व्यक्ति वापस नहीं लौटा। पौराणिक कथाओं के अनुसार पुष्पक विमान स्ट्रेंज एनर्जी (अजीब ऊर्जा) से घिरा हुआ रहता था। श्रीलंका में भी रावण के सोने की लंका को पुरातत्व विभाग ने खोज लिया है और रामायण काल के 50 स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। इससे साबित होता है कि त्रेतायुग में स्वदेशी तकनीकी या प्रौद्योगिकी बहुत विकसित थी। हिंदू धर्म के चारों वेद स्वदेशी होने का अच्छा उदाहरण हैं। आध्यात्मिक बल पर प्राप्त की गई शक्तियों का सबसे अच्छा उदाहरण पुष्पक विमान और हमारे वेद हैं। पुष्पक विमान स्वदेशी तकनीकी का सबसे अच्छा उदहारण है। इसी के सापेक्ष भारत का चंद्रयान-3 मिशन स्वदेशी तकनीकी का सबसे ज्यादा जीता जागता उदाहरण है। चंद्रयान-3 भारत का एक महत्वाकांक्षी चंद्र मिशन था जो 24 अगस्त, 2023 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, चंद्रयान 3 रोवर प्रज्ञान लैंडर से नीचे उतर गया था और भारत ने चंद्रमा पर सैर की। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश हो गया है। चंद्रयान-3 चाँद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने का भारत का दूसरा प्रयास था। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 का प्रसंग/थीम है- विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीकी।

देश दुनीया से

# कीटनाशकों का नया विकल्प है सौर ऊर्जा, तकनीक भी साबित हो रही है पर्यावरण अनुकूल

घटती जोत और बढ़ती आबादी ने अधिक फसल उत्पादन का दबाव बढ़ा दिया है। खेतों में नैसर्गिक रूप से कीट-पतंगे होते हैं, जिनमें से कई खेती और धरती के लिए जरूरी होते हैं। फसल को हानिकारक कीटों से बचाने के लिए छिड़की जाने वाली रासायनिक दवाएं न केवल फसलों के पोषक तत्वों की दुश्मन हैं, बल्कि प्रकृति-मित्र कीट-पतंगों को भी नष्ट कर देती हैं। लेकिन अब खेतों में सूरज की चमक से चलने वाले प्रकाश-उत्पादक बल्ब बगैर किसी नुकसान के मामूली व्यय में हानिकारक कीटों का नाश कर देते हैं। तेजी से हो रहे मौसमी बदलाव और बढ़ते तापमान ने हर फसल चक्र के दौरान फसलों पर अलग-अलग कीटों के प्रकोप में भी बढ़ोतरी कर दी है। हर साल सैकड़ों किसान जहरीली दवाओं के बेतहाशा इस्तेमाल के चलते मौत या दमे-कैंसर जैसी बीमारियों के शिकार होते हैं।

**बालाघाट** जिले में धान की पैदावार काफी अच्छी होती है। यहां का किसान धान में लगने वाले कीड़ों से परेशान था। जिले के कटंगझरी ग्राम के वीरेंद्र धांद्रे एवं अन्य किसान कृषि विभाग से मिले सौर ऊर्जा आधारित सोलर लाइट ट्रैप लगाया और अब बगैर किसी रसायन के उनकी फसल निरापद है। घटती जोत और बढ़ती आबादी ने अधिक फसल उत्पादन का दबाव बढ़ा दिया है। खेतों में नैसर्गिक रूप से कीट-पतंगे होते हैं, जिनमें से कई खेती और धरती के लिए जरूरी होते हैं। फसल को हानिकारक कीटों से बचाने के लिए छिड़की जाने वाली रासायनिक दवाएं न केवल फसलों के पोषक तत्वों की दुश्मन हैं, बल्कि प्रकृति-मित्र कीट-पतंगों को भी नष्ट कर देती हैं। लेकिन अब खेतों में सूरज की चमक से चलने वाले प्रकाश-उत्पादक बल्ब बगैर किसी नुकसान के मामूली व्यय में हानिकारक कीटों का नाश कर देते हैं। तेजी से हो रहे मौसमी बदलाव और बढ़ते तापमान ने हर फसल चक्र के दौरान



फसलों पर अलग-अलग कीटों के प्रकोप में भी बढ़ोतरी कर दी है। हर साल सैकड़ों किसान जहरीली दवाओं के बेतहाशा इस्तेमाल के चलते मौत या दमे-कैंसर जैसी बीमारियों के शिकार होते हैं। हमारे देश में हर साल कोई दस हजार करोड़ रुपये के कृषि-उत्पाद खेत या भंडार-गृहों में कीड़ों के कारण नष्ट हो जाते हैं। इस बर्बादी को रोकने के लिए कीटनाशकों का इस्तेमाल बढ़ा। वर्ष 1950 में इसकी खपत 2,000 टन थी, लेकिन आज कोई 90 हजार टन जहरीली दवाएं देश के पर्यावरण में घुल-मिल रही हैं। इसका कोई एक तिहाई हिस्सा विभिन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत छिड़का जा रहा है। वर्ष 1960-61 में केवल 6.4 लाख हेक्टेयर खेत में कीटनाशकों का छिड़काव होता था, लेकिन आज अनुमानतः करीब डेढ़ करोड़ हेक्टेयर में इनका छिड़काव होता है। ये कीटनाशक जाने-अनजाने में पानी, मिट्टी, हवा, जन-स्वास्थ्य और जैव विविधता को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं। इनके अंधाधुंध इस्तेमाल से पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ रहा है। कई कीटनाशकों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ गई है। इस्तेमाल की जा रही दवाओं का महज 10 से 15 फीसदी ही असरकारक होता है, शेष जहर मिट्टी, भूगर्भ जल, नदी-नालों का हिस्सा बन जाता है। कीट नियंत्रण के लिए सोलर लाइट ट्रैप तकनीक का इस्तेमाल कम लागत वाला और नुकसान रहित है। सौर ऊर्जा संचालित कीट जाल पूरी तरह से स्वचालित, किफायती और पर्यावरण-अनुकूल है, जिसमें अल्ट्रावायलेट लाइट लगी है। दिन में सूर्य के प्रकाश में सोलर पैनल द्वारा ऊर्जा एकत्रित होती है और अंधेरा होने पर सेंसर के कारण यंत्र में लाइट चालू हो जाती है, जो कीटों को आकर्षित करती है। ट्रैप में कीटों के आने के बाद कीट नीचे लगी जाली में फंस जाते हैं। इस प्रकार खेत में किसानों को तना छेदक तितली और अन्य कीटों से फसलों को बचाने में मदद मिलती है। यह अत्याधुनिक उपकरण कीट और कीड़ों के पैटर्न की पहचान करता है और उसके अनुसार कीट प्रबंधन और नियंत्रण योजना विकसित करता है। इसकी पकड़ में सभी उड़ने वाले निम्फ और वयस्क कीड़े आदि आते हैं। इसकी तकनीक बेहद सामान्य-सी है, जिसका कोई खास रखरखाव भी नहीं होता। इसमें स्वचालित सौर लाइट ट्रैप में 10 वाट का सोलर लाइट पैनल है, जो बैटरी को चार्ज करता है। इसकी खासियत है कि यह मशीन केवल शत्रु कीटों को निशाना बनाती है। ऐसे कीट शाम 6 बजे से रात 10 बजे के बीच अधिक सक्रिय होते हैं। सौर ऊर्जा से संचालित यंत्र की लाइट अंधेरा होते ही शुरू हो जाती है और सुबह उजाला होते ही बंद। खेत में हर पौधे की लंबाई अलग-अलग होती है, इसलिए इस उपकरण को इस तरह ऊंचाई पर लगाया जाता है कि औसत ऊंचाई पर बैठे कीट इसकी तरफ आकर्षित हो जाएं। इस साधारण-सी तकनीक के गांव तक पहुंचने में एक ही व्यवधान है-ताकतवर अंतरराष्ट्रीय कीटनाशक लॉबी, जिसका अरबों का उत्पाद इसके चलते बिकना बंद हो सकता है।

आप का नजरीया

# सेवानिवृत्ति के बाद तनावमुक्त बुढ़ापा चाहिए

**कोई** भी व्यक्ति अपनी स्थिति के आधार पर सेवानिवृत्ति का प्रबंधन करने के तरीकों का पता लगा सकता है। याद रखें, सेवानिवृत्ति की सबसे सही परिभाषा होती है कि जब किसी व्यक्ति की कोई आय नहीं होती है। यदि पेंशन मिलती है, तो आप भाग्यशाली हैं, क्योंकि आपके पास कुछ ऐसा है जो बहुतों के पास नहीं है। ऐसे तीन अलग-अलग आयु वर्ग हैं जब सेवानिवृत्ति अधिकांश लोगों के लिए प्राथमिकता या चिंता का कारण बन जाती है।

**सेवानिवृत्ति का पहला चरण...40 से 60 की उम्र**

पहला चरण 40-60 वर्ष की उम्र का है, जो सेवानिवृत्ति से पहले का चरण है। इसमें व्यक्ति को किसी समय पर योजना बनाने की जरूरत का एहसास होता है और पर्याप्त धन होने या न होने की चिंता होती है। यह वह चरण भी है, जब कोई व्यक्ति अपने जीवन में कई वित्तीय आकांक्षाएं पूरी करने में कामयाब होता है। अगर आप नौकरी करते हैं तो संभावना है कि आप कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) का हिस्सा होंगे। इनका उपयोग सेवानिवृत्ति के बाद कर सकते हैं। यदि आप इस आयु वर्ग में हैं, तो उस राशि से कोई समझौता न करें, जो आपके सेवानिवृत्ति के लिए है। यह लक्ष्य पाने के लिए जितना संभव हो, बचत का प्रयास करें। आक्रामक तरीके से जितना संभव हो उतना इक्विटी में निवेश करें, क्योंकि 10-15 वर्षों में इक्विटी के जरिये महंगाई को मात देने व धन सृजन की संभावना अधिक है।

**दूसरा चरण...समस्याओं का करना होगा सामना**

दूसरा चरण सेवानिवृत्ति के पहले 10-15 वर्ष हैं। इसमें व्यक्ति को दो सामान्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहला, आप बहुत तेजी से खर्च करते हैं या आपके पास जो कुछ है उसके प्रति आप अति रूढ़िवादी हैं। दोनों ही आपके विरुद्ध जाते हैं। इस चरण में आपका प्राथमिक उद्देश्य सेवानिवृत्ति की बचत को पूरा करना नहीं है। अपनी रकम में से एक निश्चित राशि का उपयोग करें, जो कुल रकम का चार-पांच फीसदी हो। यह आंकड़ा इस आधार पर निकाला जाता है कि कोई अति रूढ़िवादी व्यक्ति बैंक खाते के ब्याज से कितनी कमाई करेगा। यह आपके पास मौजूद कोष पर एक सुरक्षा प्रदान करेगा। अपना सारा पैसा बैंक में रखने की गलती न करें और ब्याज आय से गुजारा करने की उम्मीद न करें। आपको सेवानिवृत्ति बचत को तीन-चार जगह रखना चाहिए। पहली दो जगह में इतना पैसा होना चाहिए कि आपको अगले पांच-सात वर्षों में अपने नियमित खर्चों के प्रबंधन के लिए इसकी जरूरत होगी। शेष राशि में से 50 फीसदी रकम आपको उन वित्तीय साधनों में रखना चाहिए, जिससे महंगाई को सहन करने के लिए बहुत कम इक्विटी जोखिम हो। शेष 50 फीसदी इक्विटी में निवेश करें, जहां बहुत ज्यादा रिटर्न मिल सके। आपको इसकी चिंता नहीं करनी है कि कितनी रकम बचाने की जरूरत है। आप जितना बचा सकते हैं, उससे ज्यादा बचत की कोशिश करें और इसी लक्ष्य के लिए निवेश करें।

**संक्षिप्त खबरें**

## मगध कोल परियोजना में विदाई समारोह का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** मगध कोल परियोजना में उप प्रबन्धक (खनन) के पद पर कार्यरत तपन कुमार रूईदास दिनांक 29 फरवरी को कम्पनी की सेवा का कार्यकाल पूरा कर सेवानिवृत्त हुए। इनके सेवा-निवृत्ति के अवसर पर मगध परियोजना कार्यालय में विदाई-सह-सम्मान-समारोह का आयोजन किया गया एवं उन्हे शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर ,उन्हे ससम्मान भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारी तपन कुमार रूईदास ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी निरंतर नयी ऊंचाइयों को छु रही है और हम इसके उत्तरोतर विकास कि कामना करते है। यहॉ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में कार्य के प्रति बहुत ही निष्ठा है तथा यहॉं के अधिकारी-कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर साथ में कार्य करते हैं।

# कानून व्यवस्था बरकरार रखना हमारी प्राथमिकता होगी : एसपी

➲अफीम की खेती करने वाले व तस्कर सावधान, चतरा को पंजाब नहीं बनने दूंगा : एसपी चतरा

➲नक्सली मुख्यधारा में शामिल होकर सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाएं : एसपी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** पुलिस पब्लिक रिलेशन को और बेहतर बनाना, कानून व्यवस्था को बेहतर बनाना, अपराध पर अंकुश लगाना मेरी पहली प्राथमिकता है। नक्सली हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हों और सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ लें। चतरा जिले के नए एसपी विकास कुमार ने पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। एसपी विकास कुमार ने कहा कि थाने में आने वाले सभी लोगों के साथ अधिकारी सम्मान जनक व्यवहार करें। महिलाओं और बुजुर्गो की समस्याओं पर विशेष ध्यान दें। पुलिस और पब्लिक रिलेशन को मजबूत करें। किसी भी तरह के अपराध पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जायेगा। अफीम किसानों और तस्करों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। युवा पीढ़ी को इस नशे से दूर रखने के लिए शिक्षण संस्थानों से लेकर थाने व अन्य जगहों पर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। युवा पीढ़ी हमारे देश का भविष्य है।इसके लिए पुलिस के साथ-साथ अभिभावकों और समाज के प्रबुद्ध नागरिकों की भी अहम भूमिका है। चतरा को अपराध मुक्त बनाने की जिम्मेवारी जितनी मेरी है, उतनी ही यहां की जनता की भी है औरकानून व्यवस्था बनाए रखना हमारा कर्तव्य है।पुलिस कप्तान कुमार ने कहा कि उग्रवाद किसी समस्या का समाधान नहीं है। यह अपने आप में एक बड़ी समस्या है। वे हथियार उठाते हैं और अपने ही क्षेत्र के लोगों को आतंकित करते हैं। वे अपने परिवारों को भी कलंकित करते हैं। अंततः उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है या मुठभेड़ में मार दिया जाता है।उन्होंने प्रतिबंधित नक्सली संगठनों से हथियार फेंकने की अपील की और मुख्य धारा से जुड़कर सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठायें। सकारात्मक पहल के लिए पुलिस पूरा सहयोग करेगी। अपराध मुक्त जिला बनाने के लिए अभियान जारी रहेगा।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान केंद्र व ग्रीमीण क्षेत्र समेत अन्य जगह चलाया गया जागरुकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत चतरा विधान सभा क्षेत्र व सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विद्यालय व मतदान केन्द्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वहीं आज जिले के मेन ब्रांच बैंक ऑफ इंडिया चतरा में जिला अग्रणी प्रबंधक देवब्रत शर्मा द्वारा बैंक शाखा में उपस्थित खाताधारक व कर्मियों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाया गया। इसी प्रकार चतरा, लावालौंग, प्रतापपुर प्रखण्ड समेत अन्य प्रखण्डों में अलग अलग तरह के मतदाता जागरूकता गतिविधि की गई। जिसमें मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित किया गया। मतदान की महत्ता की जानकारी दी गई और वैसे मतदाता जिनका मतदाता सूचि में नाम शामिल नहीं है उनसे मतदाता सूचि में नाम शामिल कराने का अपील किया गया। साथ ही सभी से अपील करते हुए कहा गया कि जो भी मतदाता मतदाता सूचि में शामिल हो चुके है वो 04 मार्च 2024 से चलने वाले सोशल मीडिया अभियान में शामिल हो।

## बीआरसी में चल रहे शिक्षकों के प्रशिक्षण की जांच करने पहुंची प्रमुख, व्यवस्था देख हुई नाराज



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बलबल बीआरसी में शिक्षकों का चल रहा चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हुआ। जिसकी जांच करने प्रखंड प्रमुख अनिता यादव पहुंची। जहां व्यवस्था देख नाराज हुई।और व्यवस्थापक को जमकर फटकार लगाई। प्रमुख ने कहा कि इस प्रशिक्षण में 40 शिक्षक शामिल है। यह प्रशिक्षण गैर आवासीय करवाया जा रहा था। जिसका आज समापन हुआ। जांच करने पहुंची प्रमुख ने बतलाया कि शिक्षकों को मध्यान भोजन दिया गया। व बेकार थाऔर चावल दाल सब्जी पत्थलगड़ा से मंगवाया जा रहा था। जिसे लेकर प्रखंड शिक्षा के कर्मियों को भी फटकार लगाई।कहा कार्यक्रम गिद्धौर में होती है।तो गिद्धौर में ही व्यवस्था क्यों नहीं करवाई गई। दूसरे ब्लॉक से व्यवस्था करना कहां तक बेहतर है। और यदि किया गया भी था तो ना दाल में स्वाद ना सब्जी में स्वाद चावल में भी स्वाद नहीं था जिसे लेकर उच्च अधिकारी तक शिकायत करने की बात प्रमुख ने कही है।

## टोरी शिवपुर तीसरी रेल लाइन का प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन किया उद्घाटन



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा टोरी शिवपुर रेल परियोजना के अंतर्गत लॉन्ग हाल मालगाड़ी के प्रेषण का शुभारंभ के साथ टोरी शिवपुर रेल खंड की तीसरी लाइन राष्ट्र को समर्पित करते हुए शुक्रवार को ऑनलाइन उद्घाटन किया। पूर्व मध्य रेलवे द्वारा निर्मित यह रेल खंड टोरी स्टेशन पर बरकाकाना, गढ़वा मुख्य लाइन से जुड़ता है। टोरी शिवपुर रेलखंड की लंबाई 41.5 किलोमीटर जिसे वर्ष अगस्त 2018 में माल यातायात के लिए खोला गया था। इस खंड का दोहरीकरण का कार्य मई 2019 में संपन्न कर लिया गया एवं विरा टोली से शिवपुर तक 38 किलोमीटर तीहरीकरण का कार्य भी पूरा किया गया है। इस खंड से औसतन तीस रैक प्रतिदिन लदान की जा रही है, जो भारत के विभिन्न बिजली घरों को कोयले की आपूर्ति कर बिजली के उत्पादन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस खंड से 50=55 प्रतिशत कोयले का प्रेषण लॉन्ग हाल मालगाड़ियों द्वारा किया जाता है। शिवपुर साइडिंग से न्यूनतम शिडिंग के साथ 10 रेक प्रतिदिन की लदान की जा रही है, जिसे निकट भविष्य में 20 रैक प्रतिदिन तक बढ़ा पाएंगे। इस खंड में कुल 11 साइडिंग है और निकट भविष्य में इनकी संख्या बढ़कर 18 तक होना है। शिवपुर साइडिंग झारखंड के चतरा जिला में स्थित है यहां सीसीएल के अंतर्गत कोयले का लदान किया जाता है, जो भारत के विभिन्न बिजली घरों को कोयले की आपूर्ति कर बिजली के उत्पादन में अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# मनरेगा मजदूरों का हाल बेहाल, लगभग दो माह से नहीं हुआ मजदूरी का भुगतान

**मनरेगा में सामग्री का भुगतान न होने से कर्ज में डूबे हैं बिरसा कूप लाभुक**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** केंद्र सरकार का महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा मजदूरों का पलायन रोकने व स्थानीय तौर पर अकुशल श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने की मिसाल पर अब प्रश्न चिन्ह उठने लगे हैं। वही मजदूरों को मनरेगा से रोजगार देने के दावे पर सवाल भी उठने लगे हैं। क्योंकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग मनरेगा मजदूरों के पास इतनी पर्याप्त राशि नहीं होती है कि वह अपने परिवार का भरण पोषण अगले एक माह तक भी कर सके और ऐसे में यदी उन्हें लगभग दो - तीन महीने तक मजदूरी ना मिले तो उनके समक्ष रोजी-रोटी समेत परिवार के परवरिश का संकट उत्पन्न हो जाता है।अब ऐसे में मजदूर पलायन की ना सोचे तो क्या करे। मजदूरी में इतनी लंबी विलंब के कारण सक्रिय मजदूरों का स्थिति काफी दैनीय हो गई है। मजदूर बताते हैं की मजदूरी भुगतान में विलंब के कारण भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है स्थिति यह है की मजदूर अब कर्ज ले कर अपने परिवार का भरण पोषण करने को विवश है।वही सामग्री भुगतान की बात की जाय तो बिरसा कूप लाभुक कर्ज में डूबे हुवे हैं उन्होंने बताया कि मनरेगा में सामग्री का भुगतान लगभग नौ महीने से नही हो पाया है।जिसके कारण बिरसा कूप लाभुक कर्ज में डूबे हुवे हैं।लाभुकों ने विषम परिस्थिति में कर्ज लेकर किसी तरह कार्य पूर्ण तो पूरा करवा लिए लेकिन अब कर्ज का भुगतान करने में ब्याज की राशी देनी पड़ रही है। क्या कहते हैं पदाधिकारी- मजदूरी भुगतान में विलंब को लेकर प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया की सरकार के द्वारा राशि उपलब्ध होते ही भुगतान कर दी जाएगी। वही बिरसा कूप सामग्री मद की राशि भुगतान को लेकर उन्होंने कहा की राज्य सरकार से आदेश मिल गई है जल्द ही भुगतान किया जाएगा।

# आगामी लोकसभा चुनाव मतदाता जागरुकता को लेकर बीएलओ का हुआ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** कार्यालय के सभा कक्ष में मतदाता जागरूकता को लेकर सहायक निर्वाचन प्रबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनी कुमारी बीएलओ के साथ बैठक किया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण में दिए कई दिशा निर्देश। मोनी कुमारी ने कहा कि आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करवाना है पत्थलगड़ा प्रखंड में हर बूथों पर देखा गया है की पिछले जितने भी होने वाले चुनाव बीते हो उसमें 65त्न से 70त्न ही मतदान हो पता है इसको लेकर बीएलओ को जागरूकता अभियान चलाते हुए कहा कि अबकी बार 80त्न पार पोलिंग करना है। और उन्होंने कहा उन्होंने कहा आगामी लोकसभा चुनाव में सब प्रतिशत मतदान करने को लेकर जागरूकता अभियान में तेजी लाने को और मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया गया वही द्ग1द्व मशीन से मतदाताओं को वोटिंग करने के लिए मतदान केंद्रों पर जाकर प्रशिक्षित करने एवं छुटे हुए मतदाताओं को नाम जोड़ने का भी निर्देश दिया गया। इसके अलावा मतदान के दिन वैसे मतदाताओं के लिए जो विकलांग हो, जो 80 वर्ष का वृद्ध मतदाता हो उसके लिए बूथ पर खास प्रबंध करने का निर्देश दिया गया। विकलांग के लिए रैंप बनाना है और टेबल कुर्सी का व्यवस्था भी किया जाएगा बीएलओ को अपने कर्तव्यों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस बैठक में प्रखंड के सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## जिप सदस्या ने मुरपा उच्च विद्यालय को प्लस टू में बदलने की मांग कि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ के पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी ने बालूमाथ प्रखंड के मुरपा पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय को प्लस टू में बदलने का मांग लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह से किया है ।उन्होंने लातेहार उपायुक्त को आवेदन सौप कर कहा की मुरपा उच्च विद्यालय के प्लस टू बन जाने से मुरपा, भगिया एवं गणेशपुर पंचायत के छात्र-छात्राओं को लाभ होगा। दूर-दराज से विद्यार्थी बालूमाथ उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाते हैं। जिसमें कई क्षात्र-छात्राएं गरीबी के अभाव में यहाँ प्लस टू नहीं होने कारण बालूमाथ में जाकर शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं और पढ़ाई छोड़ देते हैं। वही एक अन्य आवदेन में मुरपा पंचायत में ग्रामीण बैंक की शाखा खोलने का मांग किया है ।साथ ही बताया है कि बालूमाथ से मुरपा पंचायत की दूरी लगभग 12 किलोमीटर है। आसपास में किसी अन्य बैंक की शाखा नहीं होने के कारण सुदूरवर्ती ग्रामीणों को बालूमाथ जाकर पैसे का लेनदेन करना पड़ता है। पूर्व में वर्ष 1982 में ग्रामीण बैंक मुरपा में स्थापित था। परंतु उग्रवाद की वजह से बैंक बालूमाथ में स्थापित हो गया। उन्होंने दोनों मामले में लातेहार उपायुक्त से संज्ञान लेते हुए क्षेत्र वासियों को लाभ दिलाने का अपील किया।

# उपायुक्त ने किया गांधी कॉलेज व बनवारी साहू महाविद्यालय का औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा लातेहार स्थित गांधी इंटर कॉलेज, बनवारी साहू कॉलेज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने छात्र छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओ एवं विद्यालय प्रबंधन की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कॉलेज का भ्रमण करते हुए परिसर में स्वच्छता, आवास, भोजन, विद्युत, जल आदि का जायजा लिया। इस बीच उपायुक्त ने कॉलेज में अध्ययनरत छात्रङ्कछात्राओं से अध्ययन, छात्रवृत्ति, भोजन व आवासी व्यवस्थाओं की जानकारी से अवगत हुई। उपायुक्त द्वारा कॉलेज परिसर को हमेशा साफ सुथरा रखने का निर्देश दिया गया।मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## अज्ञात चोरो ने आठ दुकानों से उड़ाए नौ हजार आठ सौ रुपये सहित चालिस हजार के समान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** थाना क्षेत्र के बारियातू मुख्यालय स्थित श्रीराम मंदिर परिसर के पांच दुकान व बस स्टैंड के तीन दुकानों का बीते रात अज्ञात चोरो ने अल्बेस्टर व ताला तोड़ कर नगद नौ हजार आठ सौ रुपये सहित चालिस हजार का समान चोरी कर चलते बने( हुई चोरी के संबंध में दुकानदार श्रीराम इलेक्ट्रॉनिक के संचालक अरविंद कुमार, रामवृक्ष गोसाई, व नरेश जेनरल स्टोर ने बताया कि हम सभी गुरुवार संध्या बेला में दुकान बंद कर पतरातू बारात चले गए थे. शुक्रवार को सप्ताहिक बाजार होने के कारण सुबह दुकान खोले तो देखा कि दुकान का समान बिखरा पड़ा हुआ है और अल्वेस्टर टूटा हुआ है. तब मै अपने कौंटर में रखे 3200 रुपये देखने लगे तो गायब था.वही रामवृक्ष गोसाई के दुकान से 3500,व नरेश जेनरल स्टोर से 3100 रुपए सहित टोर्च,टोफी, चस्मा, घड़ी सहित कई समान को चोरों ने चोरी कर चलते बने।

## टेट पास शिक्षकों को रिक्त पदों के विरुद्ध सीधे समायोजन करे सरकार : रामचंद्र सिंह



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान शून्यकाल में मनिका विधानसभा क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह राज्य के सहायक शिक्षकों की आवाज बनकर उनके मांगों को सदन के सामने रखते हुए कहा कि पिछले बीस वर्षो से राज्य के सहायक शिक्षक शिक्षा का अलख जगा रहे हैं जब आखिरी बार वर्ष 2012 में शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन हुआ था जिसमें लगभग 12058 सहायक शिक्षक पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण हुए और जो 12 वर्षो बाद उनकी नियुक्ति के लिए मुख्य परीक्षा लेना सही नहीं दिखता है। उन्होंने कहा कि वेतनमान के संबंध में दिनांक 29-10-2020 में महाधिवक्ता द्वारा लिखित परामर्श दिया गया था। कहा कि पड़ोसी राज्य बिहार में 11 माह के अनुबंध पर बहाल शिक्षकों को भी नियोजित शिक्षकों का दर्जा देते हुए वेतनमान दिया गया है। उन्होंने बिहार के तर्ज पर झारखंड में भी टेट पास शिक्षकों को रिक्त पदों के विरुद्ध सीधे समायोजन करने की मांग शून्यकाल के माध्यम से सरकार से की है। ऐसे में सहायक शिक्षकों ने क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सरकार से अपनी मांग को जायज ठहराते हुए पुरा करने भरोसा रखा है।

# तीन माह के अंदर ही खराब हुआ जलमीनार ग्रामीणों को पानी के लिए हो रही है परेशानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में जल नल योजना में लूट की छूट मची हुई है ठेकेदार मालामाल हो रहे हैं तो ग्रामीण परेशान हो रहे हैं ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि राज्य सरकार का एक ऐसा महत्वाकांक्षी जलनल योजना जिसके तहत लातेहार जिले में पानी की समस्या को देखते हुए गांव-गांव तक पानी पहुंचाने की नेक उद्देश्य से राज्य सरकार के द्वारा यह योजना चलाई गई ताकि ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात मिल सके लेकिन जस्ट इसका उल्टा दिखाई पड़ रहा है।ठेकेदार अपनी चंद फायदे को लेकर जैसे तैसे निर्माण कार्य कर यहां से रफू चक्कर हो गए जिसका खामियाजा आम ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है आज स्थिति ऐसी उत्पन्न हो गई है कि पानी की एक बूंद के लिए लोग तरस रहे हैं।लातेहार जिले के ग्रामीण क्षेत्र या शहरी क्षेत्र में जितने भी जल मीनार ठेकेदार के द्वारा लगाया गया है वह सभी एक माह दो माह के अंदर या तो खराब हो गए हैं या फिर पानी नहीं निकल रहा है या तो मोटर खराब हो गया।पाईप लीकेज हो गए है ऐसा मामला आए दिन सुनने को मिल रहा है ऐसा ही मामला लातेहार सदर प्रखंड के सासंग पंचायत के समीप पतरातू ग्राम का है जहां जल मीनार तो जरूर लगाए गए मगर घटिया समान का उपयोग होने के कारण तीन माह के अंदर ही मोटर खराब हो गया जिसके कारण आज ग्रामीणों को पानी के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीण चंदन साव मूनु तुरी, लालदेव तुरी पवन चरण रामसेवक प्रजापति दिलीप प्रजापति अवधेश पांडे समिति अन्य ग्रामीणों ने बताया कि जल मीनार का निर्माण कार्य के समय हम लोगों ने इसका विरोध भी किया था उस वक्त ठेकेदार के द्वारा बोला गया था कि आप लोगों को शिकायत का मौका नहीं मिलेगा लेकिन आज स्थिति ऐसी उत्पन्न हो गई है कि 2 से 3 माह के अंदर ही मोटर खराब हो गया जिसके कारण हम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब हम लोगों को सोचना पड़ रहा है कि पानी के लिए कहां जाए जो एक चंपाकल था उसमें भी कनेक्शन हटा दिया गया है। जिसके चलते हम लोगों को और भी परेशानी उत्पन्न हो गई है आगे ग्रामीणों ने जिले के उपयुक्त से जलमीनार दुरुस्त कराने की गुहार लगाई है।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र में 88 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित शांति बिहार में शुक्रवार को प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र की ओर से परमपिता परमात्मा शिव की 88वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती मनाई गयी।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बालूमाथ थाना एसआई अजय कुमार सिंह व प्रखंड कार्यालय प्रधान सहायक राजीव रंजन,सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी किरण दीदी,बी.के मनोरमा ने संयुक्त रूप से शिव ध्वज फहराकर किया। मोके पर बोलते हुए किरण दीदी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिव बाबा का ज्ञान सभी लोगो तक पहुंचाना है। जिससे पूरे विश्व मे शांति हो सके ।लोग अंधकार से प्रकाश की ओर जाये लोगों में अज्ञानता के कारण उनके जीवन मे कई समस्याएं आ रही है ।लोगों को शिव बाबा के बारे में जानना होगा एवं शिव के बताए मार्ग में चलने से मन का विकार खत्म होता है ।साथ ही इसका अनुसरण करने से मन को शांति मिलती है । कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शिव जयंती के अवसर पर संकल्प लिया कि अपने-अपने मन के विकारों को त्याग कर अपने आप मे परिवर्तन करेंगे। वही कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को ब्रह्माकुमारी किरण दीदी ने शिव बाबा के प्रतीक चिन्ह व गुलदस्ता देकर समानित किया । इस मौके पर मनोरमा दीदी,अंजू कुमारी, मनी देवी, पुष्पा अग्रवाल,शोभा देवी, इंदु देवी, मीना देवी, सीमा देवी, अनुराधा देवी, नीतू देवी, गौरा देवी, प्रियंका देवी समेत दर्जनो दीदी बहने उपस्थित रही।

## ओबीसी कमिटी विस्तार को लेकर आजसू जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने की बैठक




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू जिला कार्यालय में एक मीटिंग आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने किया।मीटिंग का मुख्य उद्देश्य ओबीसी कमिटी का विस्तार करना था। साथ ही साथ राज्य में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू के हल्ला बोल कार्यक्रम की शुरुवात करना था। मीटिंग में सर्वसहमति से नितेश जयसवाल को ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष, अर्जुन राम को ओबीसी मोर्चा जिला सचिव, विकाश कुमार को ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, संतोष कुमार को ओबीसी मोर्चा जिला संगठन सचिव, कौशल जयसवाल को ओबीसी मोर्चा जिला कोसाअध्यक्ष चुना गया। मौके पर सदर प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव ,लातेहार प्रखंड सचिव श्याम प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष बिट्टू दास, कुलदीप तिर्की, छात्र संघ अध्यक्ष अभिजीत सोनू,विकाश कुमार, ओमप्रकाश कुमार ,अंकित दुबे, राहुल कुमार समेत सैकड़ों पार्टी समर्थित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा चुनाव में विस्थापित का मुद्दा होगा गर्म : भुवनेश्वर प्रसाद मेहता

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने विस्थापित प्रभावित को लेकर गंभीर दिख रहे है।

पूरे झारखंड में प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में लोग विस्थापित हो रहे हैं लेकिन इन विस्थापित पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार अनदेखी कर रही है जिसके कारण आज हजारीबाग और चतरा जिले के हजारों ग्रामीण आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। 2013 में भूमि अधिग्रहण कानून लाया गया लेकिन पूरे झारखंड में इस कानून का पालन कहीं नहीं किया जाता है बल्कि जिनकी जमीन होती है उनका शोषण कंपनी से लेकर सरकार तक और जिला प्रशासन के लोग जमकर करते हैं। जिसका ताजा उदाहरण हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा और चतरा जिला के सिमरिया प्रखंड है।

गोंडलपुरा गांव में पांच गांव के ग्रामीण लगभग एक वर्ष से धरना प्रदर्शन आमरण अनशन अन्य तरह का कार्यक्रम कर रहे हैं लेकिन राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक इन ग्रामीण से मुंह फेरने का कार्य कर रही है। सरकार ने अदानी ग्रुप को गोंदलपुरा कॉल ब्लॉक आवंटन कर दिया है जिससे हजारों की संख्या में ग्रामीण अपनी जमीन देने से इनकार कर रहे हैं क्योंकि उनकी उपजाऊ जमीन चली जाएगी और बदले में कुछ मिलेगा नहीं।

बड़कागांव प्रखंड कार्यालय में हजारों की संख्या में ग्रामीण आमसभा में पहुंचे जहां जिला प्रशासन और ग्रामीण मौजूद थे लेकिन जिस कंपनी को कोयला खनन का कार्य आवंटन हुआ है उसके कोई भी पदाधिकारी नहीं थे।

इससे साफ जाहिर होता है कि आगामी लोकसभा चुनाव में विस्थापित का मुद्दा जमकर गर्म होगा जिस पर झारखंड की जनता और हजारीबाग के आम आवाम सरकार के खिलाफ जोरदार मोर्चा खोलेंगे। ठीक इसी प्रकार का आंदोलन चतरा जिला अंतर्गत सिमरिया प्रखंड के लोग कर रहे हैं जिस पर सरकार की नजर ओझल है। ऐसे में जनता के पास कोई विकल्प नहीं है कि उन्हें कोई न्याय दिला सके इसलिए अपना हक अधिकार का इस्तेमाल 2024 के लोकसभा चुनाव में करेंगे ।

### वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड सेंटर में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।

उद्घाटन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन के द्वारा किया गया ।शिविर का शुभारंभ नियमित रक्तदाता पुतलुरी रामाकृष्ण रेड्डी एवं उनकी धर्मपत्नी पुतलुरी प्रत्युषा ने रक्तदान कर किया तत्पश्चात सचिन कुमार, बजरंगी भुइया ,संतोष कुमार, जितेंद्र कुमार वर्मा ,सौरभ कुमार, अशोक कुमार, अरविंद कुमार, अनिल कुमार ,दीपक कुमार गुप्ता ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया ।

शिविर को सफल बनाने में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, महासचिव विनीत छाबड़ा, कोषाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य रजत जैन ,मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ नीरज कुमार, टेक्नीशियन आ ेखैरी, मुकीम अख्तर, शीला कुमारी, शमशाद ,मधु कुमारी एवं उदय कुमार का विशेष सहयोग रहा ।

### गुप्त सूचना के आधार पर तीन अफीम तस्कर को चौपारण पुलिस ने पकड़ा, गया जेल

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बहेरा में स्थित हरियाणा पंजाब लाईन होटल के पास बोलेरो में बैठकर कुछ व्यक्ति अफीम तस्करी करने को लेकर आपस में लेन-देन कर रहे हैं। इस सूचना पर नौशाद आलम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में छापामारी टीम गठित कर त्वरीत कार्रवाई हेतु ग्राम बहेरा स्थित हरियाणा पंजाब लाईन होटल के पास पहुँचा तो देखा कि उक्त बोलेरो होटल के बाहर खड़ी है तथा पुलिस बल को देखकर बोलेरो पर सवार दो-तीन लोग उतर कर भागने का प्रयास करने लगे, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से तीन व्यक्ति संजय यादव, विजय साव , मिथुन दांगी को पकड़ लिया गया तथा बोलेरो को विधिवत तलाशी लेने पर बोलेरो गाडी के अंदर एक प्लास्टिक में रखा 01 (एक) किलोग्राम अफीम एवं 20000/- (बीस हजार) रुपया नगद पाया गया, जिसे विधिवत जप्त किया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं0- 55/24 दिनांक- 29/02/24 धारा 414/34 भा0द0वि0 एवं 17(C)/18(B)/22(C) NDPS Act अंकित कर पकड़ाये तीनो व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजा गया छापामारी दल में नौशाद आलम अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही , पु0अ0नि0 दीपक कुमार सिंह थाना प्रभारी चौपारण थाना , स0अ0नि0 भानु एक्का चौपारण थाना ,जैप सशस्त्र बल शामिल थे (।

## 200 किलोग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कल रात्री को पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली कि कटकमदाग थानाअंतर्गत आजाद मोहल्ला कूद में रिंकु अंसारी के द्वारा अपने घर में गांजा का अवैध व्यापार करने हेतु अवैध गांजा को छुपाकर रखा गया है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पु0 उपा0 (मु0), हजारीबाग के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी के दौरान उक्त घर में एक व्यक्ति को पाया गया, जिससे कड़ाई से पुछताछ करने पर अपना नाम रिंकु अंसारी उर्फ सहजाद आलम, उम्र करीब 35 वर्ष, पे0- शेखावत अंसारी बताया। रिंकु अंसारी ने आगे बताया कि हम अपने घर के बगल में अपने चाचा के घर में गांजा छुपाकर रखे हैं। गांजा को आज शाम में ही महताब उर्फ लक्की, पे0-बालो, सा0- हबीबी नगर, खिरगांव के द्वारा लाकर दिया गया है। तलाशी के क्रम में घर के अन्दर कुल



आठ (08) बोरा में 154 छोटा-बड़ पैकेट गांजा जिसका कुल वजन 200 कि0ग्रा0 बरामद किया गया। इस संदर्भ में रिंकु अंसारी उर्फ सहजाद आलम के विरूद्ध कटकमदाग थाना काण्ड सं0-34/24, दिनांक-01.03.2024 धारा 20 (बी) (ii) (सी) एन0डी0पी0एस0 एक्ट दर्ज किया गया है।बरामद समानों में गांजा 200.8 कि0ग्रा0 जब्त किया गया ।इस छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक (मु0), थाना प्रभारी कटकमदाग, हजारीबाग के साथ साथ सशस्त्र बल एवं पैंथर मोबाईल दस्ता शामिल रहे ।

## जदयू की जिला इकाई ने धूमधाम से मनाया नीतीश कुमार का जन्म दिन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जनता दल यूनाइटेड की जिला इकाई द्वारा बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का 73वां जन्मदिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम स्थानीय बीएसएनएल ऑफिस के समीप प्रोवाइड रिसोर्ट में जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा की अगुवाई में आयोजित हुआ। जिला अध्यक्ष ने कहा की हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष और



बिहार के मुख्यमंत्री लंबे समय तक बिहार समेत देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देते रहे। वे स्वस्थ और दीर्घायु रहे ताकि इसका लाभ पार्टी और जमीन से जुड़े कार्यकर्ता ले सके। बिहार विकसित राज्य और भारत देश विकसित देशों की गिनती में आ जाए इस अवसर पर केक काटा गया और मिठाइयां बांटी गई ।

## सिल्ली प्रखंड कांग्रेस जनों ने सिल्ली थाना के नए प्रभारी मोहित कुमार का स्वागत किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली थाना के नये थाना प्रभारी मोहित कुमार जी का रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, सिल्ली पश्चमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, पंचायत अध्यक्ष पिनाकी बनर्जी, लालू कोईरी, प्रकाश मुंडा इत्यादि कांग्रेस जनों ने शिष्टाचार मुलाक़ात की एवं स्वागत किया। प्रभारी मोहीत कुमार ने इस



सम्मान के लिए सभी कांग्रेस जनो को धन्यवाद दिया और कहा की आप लोगों के सहयोग से हम क्षेत्र में शांति बहाल कर सकते हैं। पुलिस प्रशासन और पब्लिक के बीच भाईचारा का रिश्ता बना रहेगा।मैं जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा।

## केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर विष्णुगढ़ झामुमों सड़क पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** शुक्रवार को झामुमों विष्णुगढ़ प्रखंड कमिटि तथा कार्यकर्ताओ द्वारा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समर्थन और केंद्र सरकार के विरोध में नरकी पंचायत के सरना स्थल से न्याय यात्रा निकाली गई ! इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी ने किया तथा संचालन प्रखंड सचिव संजय प्रजापति ने किया। न्याय मार्च के दौरान प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी ने कहा कि



झारखंड,झारखंडियों की कुर्बानी पर मिला है।झामुमों ने अलग राज्य के लिए इन कुर्बानियों में बराबर की भागीदारी दी है। भाजपा कभी नही चाहती की एक आंदोलन कारी तथा एक आदिवासी का बेटा झारखंड के हितों के लिए खड़ा रहे। भाजपा ईडी,सीबीआई का डर दिखा कर हेमंत सोरेन को तोडने का निरर्थक प्रयास कर रही है,हमारे नेता हेमन्त सोरेन को कभी भी तोड़ नही पायेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष देवीराम हेम्ब्रम , बीस सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा,संजय पटेल,वरिष्ठ नेता रामलाल सोरन,छोटू हंसदा,महादेव मुर्मू,पंचायत अध्यक्ष बाबूचंद मांझी,अनिल कसेरा ,बुधन सोरेन,महिलाल माझी फटू मांझी,नारायण महतो , दिलेश्वर महतो,सुरेंद्र गझु,ताज अंसारी,डीएम राज समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ता ने चलाया लाभार्थी जन सम्पर्क अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु :** भारतीय जनता पार्टी मंडल ने केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार शुक्रवार को तिलैया शिवमंदिर में लाभार्थियों के डोर टू डोर संपर्क को लेकर कार्य समिति व बूथ अध्यक्ष की बैठक आहूत किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रो बसंत नारायण ने किया।इस बैठक के मुख्य अतिथि दारू मंडल के प्रभारी हरीश श्रीवास्तव थे। मुख्य अतिथि श्री श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री हम सभी कार्यकर्ताओं को 100 दिन का समय अपने



अपने क्षेत्र में केंद्र सरकार के द्वारा आमजन के हित मे किया गया कार्य को जाकर बताना है एवं उन्हें सरकार के द्वारा क्या क्या लाभ मिला है इसकी जानकारी लेनी है। आज से लाभार्थी जन-संपर्क अभियान चलाया जाएगा। जिसमें प्रत्येक व्यक्ति से मिलना तय हुआ एवं मोदी के 9 वर्ष का कार्यकाल में उपलब्धियों को बताने का निर्णय लिया गया।मौके पर उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा, शत्रुंजय प्रसाद, मंत्री विकाश यादव, धनपत प्रसाद, नागेश्वर महतो, मोहन प्रसाद कुशवाहा, नरेश प्रसाद, इंद्र कुमार पासवान, राजेन्द्र राम, संजय कुशवाहा,लखन यादव, प्रेमचंद यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नवनियुक्त महामंत्री सुमन कुमार व मंत्री अरविंद कुमार पप्पू को विष्णुगढ़ भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह के द्वारा संगठन विस्तार की जारी सूचना में सुमन कुमार को जिला भाजपा महामंत्री तथा अरविंद कुमार पप्पू को जिला भाजपा मंत्री पद की जिम्मेदारी सौपी गई। संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने पर विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल समेत संगठन के तमाम पदाधिकारियों ने हर्ष वयक्त करते हुए महामंत्री सुमन कुमार तथा मंत्री अरविंद कुमार पप्पू



को बधाई दी।इस मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष महादेव मंडल,महामंत्री गुरु प्रसाद साव,मंत्री राजेश सोनी,किसान मोर्चा अध्यक्ष अशोक कुमार,भाजयुमों मंडल मंत्री नीतीश कुमार,मंत्री कन्हाई यादव,सुखदेव मंडल समेत पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों भाजपा जिला पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी।

# केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने भाकृअनु केंद्र आईएआरआई गौरियाकरमा का किया दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), गौरियाकरमा में कृषक गोष्ठी सह उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को महानिदेशक व सचिव कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग डॉ हिमांशु पाठक व विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ विशलनाथ ने प्रशासनिक भवन में बुके देकर स्वागत किया। जिसके बाद श्री मुंडा ने भाकृअनु केंद्र आईएआरआई गौरियाकरमा की विभिन्न सुविधाओं का दौरा किया। कार्यक्रम का संचालन शशि सिंह ने किया।




**केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने इन योजनाओं का किया उद्घाटन :** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने विभाग के पदाधिकारियों के साथ गर्ल्स व बॉयज होस्टल का उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री ने करीब 24 करोड की प्राक्कलित राशि से निर्माण हुए 175 छात्र की क्षमता वाले बॉयज होस्टल, 22 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण हुए 156 छात्राओं की क्षमता वाले गर्ल्स हॉस्टल व 11 करोड़ की लागत से 25 क्वार्टर का उद्घाटन किया। जिसके बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने विभाग के पदाधिकारियों के साथ पौधरोपण किया।

**अतिथियों को स्मृतिचिन्ह व पगड़ी पहनाकर किया गया स्वागत :** कृषक गोष्ठी में केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, महानिदेशक व सचिव कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग डॉ हिमांशु पाठक को बुके देकर पारंपरिक रूप से पगड़ी पहनाकर व स्मृतिचिन्ह भेंट कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

**कृषक गोष्ठी में शामिल हुए कई मंत्री, सांसद व विधायकगण :** कृषक गोष्ठी में आईसीएआर गौरियाकरमा परिसर में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिकाल से मनुष्य विभिन्न तरह के संसाधनों का उपयोग करके अपने पेट भरने का काम किया है, लेकिन आज चीज़ें बदल चुकी है। हमारे पास आज जमीन कम है, जनसंख्या लगातार बढ़ रही है और ऐसे में कृषि में अनुसंधान और विज्ञान की मदद से ही हम उत्पादकता को बढ़ा सकते हैं।विज्ञान और तकनीक को जोड़ते हुए परंपरागत तरीके से गुणवत्तापूर्ण खेती की आवश्यकता है। कृषि मंत्रालय नवाचार के साथ उन्नत कृषि के विकास के लिए काम कर रहा है। बीज के गुणवत्ता और बाजार को ध्यान में रखते हुए उत्पादन की आवश्यकता है। आत्मनिर्भरता के साथ कैसे काम कर सकते हैं, उसे भी ध्यान रखना होगा। श्री मुंडा ने कहा कि उन्नत किसान बनने के लिए कृषि के क्षेत्र में हो रहे नए प्रयोगों को जानना जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसानों को बहु-फसली और जैविक खेती के बारे में अवश्य सोचना चाहिए। देश की प्रगति किसानों की प्रगति में निहित है। बदलते समय में खेती के नए तरीके सीखना किसानों के लिए फायदेमंद साबित होगा। उन्होंने कहा कि आज जरूरत अन्नदाताओं के साथ मिलकर नए भारत को गढ़ने का संकल्प लेने की है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का निर्माण करते हुए 2047 तक हम गर्व से कह सकेंगे की हम खाद्यान्न उत्पन्न में पूरी तरीके से आत्मनिर्भर हैं।

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कही कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोशिश है कि हर राज्य खेती में आत्मनिर्भर बने तथा किसानों की आय बढ़े। किसानों को परंपरागत खेती के साथ तकनीक से जुड़े। गुणवत्ता व पोषणयुक्त उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रबंधन व गवर्नेंस के माध्यम से कोशिश की जा रही है।

## महाशिवरात्रि पूजा को लेकर शांति थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** थाना परिसर में थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में 8 मार्च को होने वाले महाशिवरात्रि पूजा को लेकर शांति समिति अहम बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता अंचला अधिकारी बालेश्वर राम व संचालन जिप सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम के द्वारा किया गया। बुढ़वा महादेव में महाशिवरात्रि एवं शिव बारात को लेकर चर्चा की गई। जिसमें मिलजुल कर महाशिवरात्रि पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर लोकनाथ महतो ने कहा कि महाशिवरात्रि पूजा श्रद्धा के साथ मनाएं, किसी को शिकायत का मौका नहीं दे। प्रशासन की ओर से कहा गया कि बुढ़वा महादेव में छोटी-मोटी जो भी समस्याएं हैं आपस में लोग मिलजुल कर दूर कर व शांतिपूर्वक महाशिवरात्रि पूजा का आयोजन करें।



थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार के द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करें, भड़काऊ गीत नहीं बजाए। सोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिकायत मिली तो निश्चित तौर पर आरोपी को जेल भेजा जाएगा । अपने परिजन अपने बच्चों को इस पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है ताकि सोशल मीडिया में किसी प्रकार कोई गलत मैसेज नहीं डाले। मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, जिप सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, अध्यक्ष बिंदु दांगी, डॉक्टर बालेश्वर महतो, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आनंद कुमार मेहता, पंचायत समिति सदस्य प्रभु राम, बड़कागांव सदर खुर्शीद आलम, रंजीत चौबे, समाजसेवी सोनू इराकी, शशि कुमार मेहता, जानेशर आलम, कुंज बिहारी साव, इंद्र भूषण, झमन महतो, दामोदर महतो, जयशंकर महतो, सुरेश महतो, सतीश राम के अलावा कई लोगों उपस्थित थे।

## डीसी तक पहुंची अबुआ आवास योजना में धांधली की शिकायत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पदमा प्रखंड के ग्रामीण शुक्रवार को समाहरणालय पहुँच कर डीआरडीए निदेशक पंकज तिवारी को डीसी के नाम ज्ञापन सौपा। ग्रामीणों का आरोप है कि अबुआ आवास योजना के लाभुकों के चयन में अनियमितता बरती गई है, सुखी सम्पन्न लोगों का चयन अबुआ आवास के लिए किया गया, कुछ वैसे भी लोगों को स्वीकृति पत्र दिया गया जिसे पूर्व में पीएम आवास मिल चुका है, जबकि प्रखंड के योग्य, लोगों का चयन



बहुत कम ही किया गया, साथ ही जियो टैग कर रहे अधिकारीयों के द्वारा रिश्वतखोरी का भी मामला सामने आया हैं।ग्रामीणों ने पूरे मामले की जांच करते हुए दोषी के खिलाफ सख्त कार्यवाई की मांग की है। पदमा प्रखंड में अबुआ आवास को लेकर जोर-शोर से धांधली की जा रही है। करीबियों को अबुआ आवास का लाभ देकर धड़ल्ले से जियो टैगिंग की जा रही है। साथ ही यह भी बताया की प्रखंड के योग्य लाभुकों की सूची में ओपेरेटर के द्वारा लाभुकों के केटेगरी में भी फेर बदल की गई हैं एसटी लाभुकों को एससी की सूची में डाल दिया गया है, एवं ओबीसी लाभुकों को एससी सूची में डाल दी गई है, साथ ही कुछ योग्य लाभुकों की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पोर्टल पर इंट्री की गई है परन्तु अबुवा आवास के पोर्टल पर इंट्री नहीं की गई है। प्रखंड क्षेत्र की लगभग सभी पंचायतों में इस प्रकार का घालमेल किया जा रहा है। इस बारे में प्रखंड मुख्यालय में पता करने पर कह देते हैं कि जिले से सूची तैयार की गई है। उसी के आधार पर हमलोग अबुआ आवास योजना के लिए जियो टैगिंग कर रहे हैं जबकि ऐसा नहीं है। ज्ञापन सौपने के क्रम समाजसेवी पुरुषोत्तम पाण्डेय, राहुल कुमार, निरंजन कुमार राणा,अशोक प्रसाद मेहता, रितेश कुमार,राजेश कुमार, सूरज कुमार, विक्रम कुमार, धर्मेन्द्र कुमार आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने राजधानी में ई-ऑटो-चालकों की मामला को सदन में उठाया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने चालू सत्र के सदन में रांची राजधानी में बैटरी चालित, मेथनॉल एवं इथनाल ईंधन चालित कोई यान की परमिट आवश्यक आहर्ता नहीं होने के बाबजूद ई-ऑटो-चालकों को ना तो रुट उपलब्ध कराया जा रहा है और ना कोई नियमावली बनाई जा रही है। जिससे गरीब पिछड़े चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ई-ऑटो-चालकों के समस्या की समाधान के लिए माननीय विभागीय मंत्री दीपक बिरूवा एवं माननीय संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने नगर विकास एवं आवास विभाग एवं परिवहन विभाग मिल कर समस्या का समाधान निकालने की सदन पर आश्वासन दिया। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि निगम क्षेत्रों ग्रामीण क्षेत्रों में वाहनों को जब्त कर फाईन काटा जा रहा है जिससे गरीब पिछड़े वर्ग के चालकों को आर्थिक परेशान हो रही है।



# 292 करोड़ की लागत से बनी साइलो सीएचपी की लोडिंग छमता 7.5 मिलियन टन प्रति इयर है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को धनबाद के सिंदरी में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देश को 35700 करोड़ की लागत वाली उर्वरक,रेल, बिजली, कोयला क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं का ओनलाइन उद्घाटन व शिलान्यास किया। वहीं इसमे सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र की बिरसा परियोजना अंतर्गत नोर्थ उरीमारी साइलो सीएचपी भी शामिल रहा। जिसका उद्घाटन सिंदरी से ओनलाइन किया गया। वहीं उरीमारी के बिरसा परियोजना में बने सीएचपी( कोल हैंडलिंग प्लांट)की लागत 292 करोड़ है। वहीं इसकी छमता 7.5 मिलियन टन प्रति इयर है। इधर उद्घाटन को लेकर बिरसा परियोजना के नये साइलो सीएचपी के समीप भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल सीएमडी बी वीरा रेड्डी एवं विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर टेक्निकल बी साइराम रहे।वहीं आए हुए अतिथियों का स्वागत महाप्रबंधक अजय सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। वहीं अतिथियों के स्वागत में शांति निकेतन विद्यालय उरीमारी के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वहीं कार्यक्रम के बीच में सभी अतिथियों द्वारा शिलापट्ट का अनावरण किया गया। इसदौरान सीसीएल सीएमडी बी वीरा रेड्डी ने कहा कि साइलो सीएचपी के शुरू होने से बहुत सारी सुविधाएं मिलेंगी। लोगों को सड़क पर चलने वाले गाडियो से उड़ने वाले धुल व प्रदुषण से राहत मिलेगी। कोयला निकासी प्रक्रियाओं में दक्षता और स्थिरता के एक नये युग कि शुरुआत होगी। वहीं इस मौके पर सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह, बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास, उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार, सयाल डी परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार, भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार पाठक, हेंदेगिर परियोजना पदाधिकारी रामेश्वर मुंडा,एसओ इएंड एम अमरेन्द्र कुमार,एस ओसी आर प्रधान, जयंत कुमार,एन के सिंह, सिकंदर कुमार सहित ट्रेड यूनियन से एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार, बिन्धाचल बेदिया, संजीव बेदिया, सोनाराम मांझी,शशी भूषण सिंह,दशई मांझी, नरेश मंडल, सत्यनारायण रेड्डी, श्रीकांत गुप्ता,बच्चन पांडेय, रामनरेश सिंह, शंभू प्रसाद सिंह, देवेन्द्र सिंह, संजय करमाली,सुरज बेसरा, दिनेश करमाली, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, कानू मरांडी, अशोक शर्मा, दशरथ कुर्मी, महादेव बेसरा, डा जीआर भगत,हरिनाथ महतो, उरीमारी पंचायत मुखिया कमला देवी,पंसस बभनी देवी, गीता देवी, संजय मिश्रा, संजय यादव, महादेव मांझी, कार्तिक मांझी, बिनोद मिश्रा,चमन मुंडा, सीताराम किस्कू, विश्वनाथ मांझी, गणेश गंझू, राजेन्द्र गंझू, बासदेव साव, भवानी शंकर प्रसाद, कौलेश्वर मांझी, देवकांत शर्मा, जगतार सिंह,मोहन सोरेन, प्रदिप रजवार, सतीश मोहन मिश्रा आदि मौजूद थे।

## बच्ची बेचे जाने संबंधित मामले में कार्रवाई कर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षित रूप से बच्ची को माता-पिता को गया सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दिनांक 14 फरवरी 2024 को रामगढ़ थाना, रामगढ़ में अभिभावक द्वारा अपनी बच्ची को बेचे जाने संबंधित शिकायत पर जिला प्रशासन, रामगढ़ एवं बाल कल्याण समिति द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की गई। जिसके उपरांत बच्ची को बाल कल्याण समिति द्वारा अपने कस्टडी में लेने एवं बच्ची के अस्वस्थ होने के कारण सदर अस्पताल, रामगढ़ में इलाज कराए जाने के उपरांत शुक्रवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति बागे सहित बाल कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न दस्तावेजों एवं तथ्यों के अवलोकन के उपरांत बच्ची को उनके माता-पिता को सुरक्षित सौंपा गया।

## अधिवक्ताओं ने न्यायाधीशों का विदाई एवं स्वागत समारोह आयोजित किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला अधिवक्ता संघ के परिसर में शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय के सेवानिवृत्ति प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेश कुमार गौतम को विदाई एवं नव पदस्थापित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे का भव्य तरीके से विदाई एवं स्वागत समारोह आयोजित किया गया।सर्वप्रथम सेवानिवृत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बृजेश कुमार गौतम को संघ के द्वारा बुके, प्रतीक चिन्ह, शॉल उड़ाकर स्वागत करते हुए विदाई दी गई एवं नवपदस्थापित प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे को भी बुके व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने कहा कि सेवानिवृत्ति प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश बृजेश कुमार गौतम का लगभग 23 महीने का कार्यकाल अधिवक्ताओं के बीच हमेशा याद रखा जाएगा उनके कार्य करने की शैली हम सभी के लिए अमित और स्मरणीय है उनके सेवानिवृत होने से हम सभी को न्यायिक क्षेत्र में बहुत कमी खलेगी इस अवसर पर सेवानिवृत्ति प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश बृजेश गौतम ने कहा कि जिलाअधिवक्ता संघ के अधिवक्ताओं का उन्हें जो स्नेह, प्यार और न्यायिक कार्य करने में सहयोग मिला है उसको वह कभी नहीं भूलेंगे यहां के अधिवक्ता बहुत ही अच्छे एवं व्यवहार कुशल हैं जो मुझे हमेशा न्यायिक कार्यों में पूर्ण सहयोग किए हैं जिनके सहयोग से ही में 23 महीना अच्छी वातावरण में कार्यों का निष्पादन कर सका हूं एवं प्रयास किया हूं कि सभी को निष्पक्ष न्याय दे सकूं इस अवसर पर नवपद स्थापित प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे ने कहा कि मैं यह प्रयास करूंगा की बार और बेंच का रिश्ता हमेशा मजबूत रहे एवं संघ को कभी भी किसी तरह की कोई शिकायत का मोका नहीं मिले अधिवक्ताओं की कोई भी समस्या होगी उसका समाधान करने का प्रयास करूंगा ।इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापन संघ के महासचिव सीताराम ने दिया मंच संचालन कार्यकारी सदस्य सुबोध कुमार पांडे द्वारा किया गया इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष दिनेश्वर प्रसाद चौधरी, रंजन कुमार सिंह चंद्रिका सिंह, सरकारी अधिवक्ता संजीव कुमार अम्बस्थ उपाध्यक्ष ऋषि महतो कोषाध्यक्ष हरखनाथ महतो संयुक्त सचिव प्रशासन शंभूनाथ प्रसाद लाइब्रेरियन शंभू नाथ तिवारी कार्यकारिणी सदस्य योगेश कुमार पांडे मीनू कुमारी राजू कुमार राजेंद्र महतो द्वारिका महतो मदन शर्मा जगत महतो, सुरेश महतो भैरव ठाकुर भोला ठाकुर शिवनाथ ठाकुर डीएन सिंह प्रकाश मंडा मोईन आरफी नौशाद अहमद निमेष सिंह लिलकेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

## कांट्रैक्टिंग और फेब्रिकेशन कंपनी के क्लर्क से दामोदर ब्रिज पर हुई छिनतई की घटना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आर्ट फैक्ट्री एंड इंडस्ट्रीज कंपनी के एक कर्मचारी से 3.5 लाख रुपए की छिनतई की घटना को अपराधियों ने अंजाम दिया हैद्य रामगढ़ थाना क्षेत्र के दामोदर नदी ब्रिज पर दोपहर 12:30 बजे के लगभग यह घटना घटी हैद्य रामगढ़ थाना पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार आर्ट फैक्ट्री एंड इंडस्ट्रीज के एक कर्मचारी रैलीगड़ा निवासी फिरोज खान दोपहर 12ः00 के लगभग एचडीएफसी बैंक से 3 लाख 50 हजार रुपए निकालाद्य फिरोज खान अपने बाइक से रुपए लेकर अपने घर रैलीगढा के लिए निकले द्य इसी बीच दामोदर ब्रिज के ऊपर एक बाइक पर सवार दो अपराधियों ने 12ः25 बजे के लगभग रुपए भरे थेले को छीन लिया द्य घटना के बाद फिरोज खान तत्काल रामगढ़ थाना को इस बात की सूचना दियाद्य रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार सदल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर छानबीन कियाद्य बताया जाता है कि अपराधियों ने रुपए लूटकर रांची रोड से करमा जाने वाली मार्ग के रास्ते भागा हैद्य फिरोज खान ने बताया कि एक बाइक पर सवार दो लोगों ने दामोदर पुल के ऊपर से मेरे साथ लूट की घटना को अंजाम दिया है द्य बाइक सवार एक व्यक्ति हेलमेट पहना हुआ था जबकि दूसरा व्यक्ति बिना हेलमेट का थाद्य एक अपराधी ऑरेंज कलर का शर्ट पहना हुआ था। वही इस संबंध में रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार से पूछने पर बताया कि पूरे मामले की पुलिस छानबीन कर रही हैद्य घटना की सीसीटीवी में कुछ दिखाई दिया हैद्य जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

## गोला बीडीओ ने योजनाओं के चयन एवं क्रियान्वयन हेतू आदेश पत्र किया जारी

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य के द्वारा ज्ञापांक-113 दिनांक 28.02.2024 के आलोक में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के मुखिया, सहायक अभियंता, बीपीएम, जेएसएलपीएस सभी कनीय अभियंता, सभी पंचायत सचिव, सभी ग्राम रोजगार सेवक, सभी पंचायत स्तर कर्मी को प्रेषित पत्र के माध्यम से निर्देश दिया है की वित्तीय वर्ष 2024-25 में पंचायतवार निर्धारित बागवानी योजना के लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं का चयन एवं क्रियान्वयन पत्र प्रेषित के दिनांक के एक सप्ताह के अन्दर तथा लोकसभा के आगामी चुनाव के मद्देनजर लगने वाले आचार संहिता के पूर्व लाभुकों का चयन तथा पैच की जाँच( जहाँ पानी की सुविधा हो, लाभुक इच्छुक हो तथा पर्याप्त भूमि हो) कर चयनित योजनाओं को ग्रामसभा एवं पंचायत कार्यकारिणी से पारित कराते हुए योजना अभिलेख तैयार कर अपने पंचायत से तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति देते हुए शत् प्रतिशत योजना चालू कर इसकी सूचना प्रखंड कार्यालय को अग्रसारित करें।

## मांडू में थाना प्रभारी ने पदभार ग्रहण किया



**मांडु(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा विभिन्न थाना एवं ओ पी प्रभारी का तबादला किया गया है उसी के तहत मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव को बनाया गया है शुक्रवार को मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव ने अपना पदभार ग्रहण किया । उन्होंने बताया कि अपराधियों को किसी सूरत बक्सा नहीं जाएगा जनता अपनी किसी भी समस्या को लेकर आ कर सीधा मिले उनके साथ इंसाफ होगा ।

## लगभग 4000 सीएफटी अवैध बालू के स्टॉक एवं एक ट्रैक्टर किया गया जप्त, दर्ज कराई गई प्राथमिकी



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम शुक्रवार को रामगढ़ थाना अंतर्गत कैथा क्षेत्र में जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के नेतृत्व में चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान लगभग 4000 घन फिट अवैध रूप से रखे बालू के स्टॉक एवं बालू लोड करते एक ट्रैक्टर वाहन संख्या छ्य 01 क्ष्ठ 2520 को जप्त किया गया। जिसके उपरांत रामगढ़ थाना में चालक, वाहन मालिक, वाहन एवं अवैध स्टॉक रखने में संलिपतों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई। अभियान में खान निरीक्षक राहुल कुमार सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## बरलंगा थाना प्रभारी ने स्कूली बच्चों को यातायात नियमों एवं साईबर सुरक्षा की दी जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** बरलंगा थाना प्रभारी अनंत कुमार के द्वारा शुक्रवार को मध्य विद्यालय हेंठबरगा में छात्र छात्रों के बीच ट्रैफिक नियमों तथा साईबर सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया ओवर स्पीड में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करना तथा कई गलतियों के कारण सड़क दुर्घटना का कारण बन जाते है। स्कूली बच्चों को समझाया गया कि 18 वर्ष के होने से पहले हमें व्हीकल नहीं चलाना चाहिए। 18 वर्ष के होने उपरांत ड्राइविग लाइसेंस जरुर बनवाए। अपने अमूल्य जान-माल की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों की पालना करने के बारे जागरुक किया गया।

## विश्वकर्मा समाज ने रजरप्पा थाना प्रभारी से औपचारिक मुलाकात की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** विश्वकर्मा समाज के द्वारा रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन पाण्डेय से औपचारिक मुलाकात किया।विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारी गिरधारी लाल शर्मा की अगुआई में रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन पाण्डेय से मुलाकात कर प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की।मुलाकात के दौरान उपस्थित प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।मौके पर मानवाधिकार संगठन के जिला उपाध्यक्ष अनुज कुमार शर्मा, सुरेश राणा, गुत्तेश्वर शर्मा, हेमलाल राणा, रामा ठाकुर, बंटी चंद्रवंशी, दिनेश यादव, योगेन्द्र राणा, रमेश राणा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## रामगढ़ के 14 वे एसपी बने डॉ विमल कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के नए पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने शुक्रवार को अपना प्रभार ग्रहण किया। रामगढ़ के निवर्तमान एसपी पीयूष पांडे को रांची का ग्रामीण एसपी बनाया गया है। उनकी जगह में डॉक्टर विमल कुमार को रामगढ़ का एसपी बनाया गया है। शुक्रवार को रामगढ़ के नये एसपी ने योगदान दिया। निवर्तमान एसपी पीयूष पांडे ने जिले के नये एसपी को बुके देकर स्वागत किया। डॉ विमल कुमार इससे पूर्व सरायकेला के एसपी थे। राज्य पुलिस सेवा से प्रमोट होकर आईपीएस बने डॉ विमल इससे पूर्व सरायकेला एसपी के पद और तैनात थे। गृह क्षेत्र में तैनाती के वजह से उनका तबादला किया गया। लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर तबादला किया गया था।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार की शुरुआत हुई। राष्ट्रीय सेमिनार का विषय एंटीबायोटिक दवाओं का नियमित उपयोग रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । तत्पश्चात सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र एवम स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत विश्वविद्यालय के विधार्थियो ने झारखंड की संस्कृति पर आधारित स्वागत गीत एवम नृत्य प्रस्तुत कर किया गया।राष्ट्रीय सेमिनार का विषय प्रवेश एवं अतिथि परिचय रूबी संतरा मैम ने कराई।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बीआईटी मेसरा, रांची से डॉ. शांतनु घोष एवं एन.एम. आई.एम. एस.शीरपुर, महाराष्ट्र से डॉ.पीयूष घोडे , हजारीबाग पदमा के डीएसपी प्रो (डॉ.)हीरालाल रवि, रामगढ़ विमेंस कॉलेज अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. संजय सिंह उपस्थित थे। उन्होंने एंटीबायोटिक्स दवाओं के उचित और आधुनिक उपयोग प्रकाश डाला,और यह भी बताया की एंटीबायोटिक दवाओं के प्रतिरोध को कैसे रोका जाय । विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महोदय बी. एन. साह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियो को हार्दिक अभिनंदन एवम स्वागत किए और कहा की फार्मेसी विभाग द्वारा इस विषय को चुना जाना वास्तव में वैश्विक चिंता का विषय है । अच्छे स्वस्थ के लिए विचार करना अतिआवश्यक है एवं सेमिनार की सफलता की कामना की। प्रतिकुलाधिपति महोदय प्रो. (डॉ.) एम. रजीउद्दीन ने अपने संबोधन में कहा की सेमिनार शोध कार्य के लिए आवश्यक है।राधा शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव सुश्री प्रियंका कुमारी ने कहा की एंटीबायोटिक्स दवा बैक्टीरिया को मारकर या उनकी वृद्धि को रोककर हमे संक्रमण फैलने से बचाती हैं।कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने अपने संबोधन में कहा की सेमिनार और कार्यशालाएं छात्रों के व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## पूजा पाठ से वातावरण शुद्ध होती है और मन को शांति मिलती है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी नारायण जी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में शुक्रवार को भंडारा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुनिता चौधरी शामिल हुई द्य इस मौके पर समिति की पूनम शर्मा ओर अन्य महिलाओ के द्वारा चुनदरी ओढ़ाकर विधायक सुनिता चौधरी का स्वागत किया गया द्य इस मौके पर विधायक सुनिता चौधरी ने लक्ष्मी नारायण भगवान की पूजा अर्चना कर माथा टेकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की द्य और साथ ही भक्तों के बीच उपस्थित होकर भंडारा की प्रसाद का वितरण उनके द्वारा कि गई द्य और साथ ही कहा कि पूजा पाठ से वातावरण शुद्ध होती है और मन को शांति मिलती है द्य इस मौके पर सुनिता चौधरी के साथ पूर्व वार्ड सदस्य पुरनी देवी, सदन सिंह, नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, नगर सचिव नीरज मंडल, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, बिभन सिंह , वार्ड 6 प्रभारी दीपू गुप्ता, संजय कश्यप, नंदू महतो सहित कई लोग शामिल हुए।

## दादा-दादी, नाना-नानी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** डीएवी बरकाकाना में वयोवृद्धों को नमन करते हुए नमन का पांचवां संस्करण मनाया गया। इस कार्यक्रम में 109 वर्षीय श्री योगी राम उपस्थित हुए जो दुर्गी बस्ती के निवासी हैं। 103 वर्षीय घुन्नू करमाली और 103 वर्षीय डॉ राजीव गुप्ता जो रिम्स के पूर्व डायरेक्टर रह चुके हैं उपस्थित हुए। इस अवसर पर कक्षा एलकेजी से दूसरी तक के नन्हे मुन्ने बच्चे विभिन्न प्रांतो के वेशभूषा में दादा-दादी बनकर मंच की शोभा बढ़ाने का काम किया। दादा दादी के स्वागत में इन बच्चों ने मनमोहन गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किये। कक्षा तृतीय से पंचम तक के विद्यार्थियों ने दादा-दादी के महत्व एवं उनकी सहभागिता पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने कहा कि नियमित व्यायाम और संतुलित भोजन करने वाले ही लंबी उम्र को प्राप्त करते हैं वे अभिभावक भाग्यशाली है जिनके माता-पिता उनके बच्चों को छत्रछाया देने के लिए उनके साथ हैं। डीएवी बरकाकाना सामाजिक मूल्यों की स्थापना और रक्षा के लिए सतत प्रयत्नशील रहा है जहां एक और हम अपने नौनिहालों में संस्कार चाहते हैं वहीं दूसरी ओर समाज के बड़े वृद्धो का सम्मान हमारे लिए महत्वपूर्ण हो जाता है इसी बात को ध्यान में रखते हुए नमन का यह पांचवा संस्करण आप लोगों के लिए आयोजित करवाया गया। बुजुर्गों को बच्चों जैसा हंसते और खिलखिलाते देखकर



सारा वातावरण प्रसन्नचित हो गया। मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि इन्हें दिर्घायु करें जिससे समाज को आगे बढ़ाने एवं नौनिहालों को पल्लवित पुष्पित और संस्कारित करने में अपना योगदान दे सके। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित दादा-दादी नाना-नानी के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। पुरुषों के स्पून और मार्बल प्रतियोगिता में परमेश्वर बेदिया ने प्रथम सत्यनारायण राम दांगी द्वितीय, राजेंद्र ठाकुर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं नारी वर्ग की स्पून और मार्बल प्रतियोगिता में चंपा देवी प्रथम सुंदरी देवी द्वितीय और इंदिरा देवी तृतीय स्थान पर रही। 70 वर्षीय महिलाओं के स्मरण प्रतियोगिता में खुखुन देवी ने प्रथम एवं मंजू देवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## शाहनवाज खान को पी एच डी की उपाधि मिलने पर बधाई देने पहुंचे क्षेत्र के दर्जनों बुद्धिजीवी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बरकाकाना सी आई सी बस्ती निवासी शाहनवाज खान को विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग द्वारा पी एच डी की उपाधि मिलने पर क्षेत्र के दर्जनों बुद्धिजीवी उनके घर पहुंच कर बधाई दी। बुद्धिजीवियों प्रो खान को पुष्पगुच्छ देकर और शॉल ओढ़ाकर और उपहार देकर सम्मानित किया और मिठाई खिला कर बधाइयां दी। इस दौरान बुद्धिजीवियों ने उनके सम्मान में अपनी अपनी बातें रखीं। अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र के लिए खुशी का पल है गर्व की बात है प्रेरणा लेने की बात है। अभियंता अवधेश गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र के लिए गर्व की बात कि हमारे बीच में एक ऐसे मेहनती, सामाजिक व्यक्ति और विद्वान भी मौजूद है। हमें इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।पुस्तक लिखने की क्षमता उन्ही के पास होती है जिनके पास ज्ञान का आपार भंडार होता है। संचालन मुख्य संयोजक



पंचदेव करमाली ने किया। ज्ञात हो कि डॉ खान ने ÷द रेल ऑफ शमसुर रहमान फारूकी इन द डेवलपमेंट ऑफ उर्दू फिक्शन÷ पर शोध पत्र (पुस्तक) लिखा। इन्होंने पूर्व उर्दू विभागाध्यक्ष एवम मानविकि संकायाध्यक्ष डॉ आमिर मुस्तफा सिद्दीकी के पर्यवेक्षण में शोध कार्य पूरा किया। श्री खान फिलहाल विनोबा भावे विश्वविद्यालय अंतर्गत महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के पद पर में कार्यरत हैं। इन्होंने अल्लाह के करम का शुक्र अदा करते हुए इस शोध पत्र को अपने स्वर्गीय माता पिता के नाम समर्पित किया है और कहा है कि माता पिता की दुआ और आशीर्वाद का नतीजा है। उन्होंने आगे कहा कि इस कार्य में पत्नी किशवर जहां के सहयोग को भी श्रय जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों और युवाओं को कहा कि मेहनत और संघर्ष से ही कुछ किया जा सकता है अतः इस रास्ते को कभी नहीं छोड़ना चाहिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। खान अब डॉ शाहनवाज खान के नाम से जानें जाएंगे।बधाई देने वालों में बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली, प्रवक्ता सुशील कुमार, मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली, उपाध्यक्ष सोनी महतो, उपाध्यक्ष फरीदा खातून, संगठन सचिव दिनेश करमाली, उपकोषाध्यक्ष देवकी बेदिया, संगठन सचिव कवियित्री देवी, अवधेश गुप्ता, नसीम अख्तर, तृतीयाल बेदिया, निशा परवीन, दुर्वेज आलम, सुनील कुमार, अभिषेक पाठक, मो वारिश, विक्की खान, राजा खान आदि शामिल थे। डॉ शाहनवाज खान की पत्नी किशवर जहां खान और दोनों बच्चे सालिक नवाज खान, सालिक जहां खान उपस्थित थे।

## धनंजय कुमार पुटूस ने नए जिला पदाधिकारी का मनोनयन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति द्वारा पूरे रामगढ़ जिला में साफ छवि के लोगो को संगठन से जोड़कर जिला कमिटि का विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी व रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने रामगढ़ जिला के सिरका,अरगड्डा, बिंझार,हेसला आदि के सुदूरवर्ती क्षेत्रो में जनसंपर्क कर नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया। इसमे शिक्षक रतन कुमार ऋषि को जिला प्रवक्ता का मनोनयन किया गया। साथ ही साथ धनंजय



कुमार पुटूस ने जनसम्पर्क कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं से भी अवगत हुए।एव इनकी समस्याओं के समाधान को लेकर जल्द ही संबंधित पदाधिकारियों से कर उसका समाधान कराने का आस्वासन दिया। धनंजय कुमार पुटूस कहाः आरबीएसएस कि प्रति जनता का भरोसा बहुत बढ़ा है यही कारण है कि भारी संख्या में लोग संगठन से जुड़ रहे है। ऐसी स्थिति में हमारा फर्ज बनता है कि संगठन के लोग हमेशा जरूरतमंदों की सहायता के लिए तैयार रहें।

# गिरिडीह पुलिस ने पांच साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे अभियान में एक बार फिर से पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. इस बार पुलिस ने ऐसे पांच शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है जो लोगों को मेडिकल इमरजेंसी का बहाना बनाकर ठगी करते थे. इसके अलावे ये सभी साइबर अपराधी फर्जी बैंक अधिकारी बन कर और कुरियर सर्विस के नाम पर ठगी करता था। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में तिसरी थाना क्षेत्र के किशुटांड का निरंजन प्रसाद यादव, भंडारी निवासी मंटू कुमार, सचिन कुमार यादव, देवरी थाना क्षेत्र के साखो निवासी चन्द्रदेव कुमार राय और बिरनी थाना क्षेत्र के पाराटांड का अजीत यादव शामिल है. इन सभी साइबर अपराधियों को पुलिस ने तिसरी थाना क्षेत्र के कलवा नदी के समीप से गिरफ्तार किया है। इन साइबर अपराधियों के पास पुलिस ने 7 मोबाइल फोन, 13 सिमकार्ड, 01 बैंक पासबुक, 2 आधार कार्ड, 3 पैन कार्ड ओर 1 स्मार्ट वॉच बरामद किया है. उक्त आशय की जानकारी एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेसवार्ता कर दी. बताया की प्रतिबिंम पोर्टल के माध्यम से यह सूचना मिल रही थी की कुछ साइबर अपराधी फर्जी सिमकार्ड का प्रयोग कर लोगों को चुना लगा रहे हैं। इसी सूचना के बाद डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया.

टीम में साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुनि ज्ञान रंजन, पुअनि गुंजन कुमार, पुनित कुमार गौतम, सअनि गजेंद्र कुमार, साकेत वर्मा, सौरभ सुमन, साकेत वर्मा, जितेन्द्रनाथ, दामोदर प्रसाद मेहता को शामिल किया गया। टीम ने कलवा नदी के समीप छापामारी कर सभी पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया. एसपी शर्मा जे बताया की साइबर अपराध को पूरी तरह से खत्म करने तक पुलिस का यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

# चालू वित्त वर्ष में 31 दिन शेष रहते 178.94 मिलियन टन का हुआ शिपमेंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** माल लदान के क्षेत्र में पूर्व मध्य रेल द्वारा एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में फरवरी माह तक पिछले सर्वश्रेष्ठ लोडिंग का आंकड़ा पार करते हुए 178.94 मिलियन टन का माल लदान कर माल लदान के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है । यह लदान पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10.43 प्रतिषत की उत्साहवर्द्धक वृद्धि के साथ 16.90 मिलियन टन अधिक है । विदित हो कि पिछले वित्त वर्ष अर्थात 2022-23 में फरवरी माह तक 162.04 मीलियन टन की माल ढुलाई की गयी थी । यह पहली बार है जब पूर्व मध्य रेल ने किसी वित्तीय वर्ष में इतने कम दिनों में यह उपलब्धि हासिल की है ।

## पंचायत विकास योजना ट्रेनिंग के तीसरे दिन माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर किया गया जागरुक

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बीते बुधवार से चल रहे सहजकर्ता ट्रेनिंग कैंप में आज पंचायत विकास योजना के मास्टर ट्रेनर सह पेशम पंचायत के मुखिया रागिनी सिन्हा के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से उपस्थित सहिया एवं जलसहिया दीदी, स्वयं सहायता समूह की दीदी समेत अन्य महिला सदस्यों के बीच माहवारी स्वच्छता प्रबंधन हेतु रेड डॉक चैलेंज किया गया। आपको बता दें कि उक्त कार्यक्रम का आज तीसरा दिन है।

## रोटरी क्लब द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ायो अभियान के तहत साईकल वितरण

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में शुक्रवार को रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह कपल्स की तरफ से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित कर स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिव प्रकाश बगेढ़िया, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहाबादी, रोटरी गिरिडीह कपल्स के अध्यक्ष वैभव शाहाबदी, सचिव हरिंदर मोंगिया, सिद्धार्थ गौरीसरिया, अनीत खंडेलवाल, जोरावर सलूजा उपस्थित हुए. कार्यक्रम के माध्यम से 26 स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल वितरित किया गया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन वैभव शाहबादी ने कहा कि रोटरी क्लब गिरिडीह के उज्जवल भविष्य के लिए लड़कियों को शिक्षित करने और इस बात की जागरूकता फैलाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। क्लब की तरफ से आर्थिक रूप से कमजोर बच्चियों को उच्च शिक्षा के लिए मदद किया जा रहा है. गरीबी और आर्थिक तंगी के कारण जिन बच्चियों की पढ़ाई बाधित होती है वैसी बच्चियों को ढूंढ कर उन्हे सहयोग देने का प्रयास क्लब के माध्यम से किया जा रहा है. कहा कि इसी उद्देश्य के साथ वैसी बच्चियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया।

## भाटडीह ओपी में शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा सह कलश यात्रा का किया गया आयोजन

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के भाटडीह ओपी परिसर में शिव मंदिर प्राणप्रतिष्ठा सह कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाटडीह के पूर्व ओपी प्रभारी सौरभ चौबे ने विधि विधान के साथ ओपी परिसर में बने शिव मंदिर से कलश उठा कर बजे गाजे के साथ सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष, बच्चे युवक्ति दामोदर नदी पहुंची जहा पूजा अर्चना कर कलश में पानी भरकर भक्ति मय नारों के साथ कलश यात्रा पुनः मंदिर पहुंचा।

## बाइक सवार की टक्कर से साइकिल सवार की हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** जोरापोखर पहला नंबर बस्ती के हैलीपेड के समीप शुक्रवार को एक मोटरसाइकिल सवार द्वारा एक साईकिल सवार लालदेव राम उर्फ सुरेश 45 को जोरदार रूप से धक्का मार कर घायल कर दिया। घायल लालदेव को आनन फानन में जामाडोबा केंद्रीय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

01/03/2024

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

NIT No: - JUIDCO/NIT/Rehla Bishrampur/UWSS/23/546
Tender ID: - 2023_UDD_73684_1
PR No:- 302864

Project Title: **Rehla Bishrampur Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance**
The tender having details as mentioned above is cancelled due to unavoidable reasons. All bidders are therefore requested to wait for future correspondence regarding fresh tender.

Sd/-
Project Director (Tech.)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 321116 (Urban Development and Housing) 23-24 (D)



**MINOR IRRIGATION DIVISION, RANCHI.**

e-Tender e-Procurement Notice

e-Tender Reference No. WRD/MID/RANCHI $F_2$ - 07/2023-24

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Renovation of **Loyo M.I. Scheme,** Block:- Mandar, Dist- Ranchi. |
| 2. | Estimated Cost | **Rs. 91.205 Lacs** |
| 3. | Time of Completion | (11 months) |
| 4. | Date of Publication of E - Tender on website | 04.03.2024 at 2.00 pm |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 26.03.2024 up to 5:00 pm |
| 6. | Last Date for online Submission of tender fee and EMD | e-Procurement Portal **(jharkhandtenders.gov.in)** 26.03.2024 up to 5:00 pm |
| 7. | Date of Opening Tender | 28.03.2024 at 2:00 pm |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, M.I. Division, Ranchi, Room No. 302, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Chowak, Ranchi |
| a. | Contact no. of e-Procurement officer | 9431190681 |
| b. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-3512781/Email ID-eemidran-cemr-jhr@nic.in |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 320966 Minor Irrigation(23-24).D

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Ranchi.



**कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा**

**निविदा से संबंधित शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 54/जि0प0 दिनांक 21.02.2024 एवं PR No. 319849 तिथि 21.02.2024 के द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–14/2023–24 में अपरिहार्य कारणवश निम्नवत् संशोधन किया जाता है।

| क्र0 | विवरणी | पूर्व प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 26.02.2024 | 04.03.2024 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 26.02.2024 से 06.03.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक | 04.03.2024 से 11.03.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 09.03.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे | 12.03.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे |

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 321100 Panchayati Raj (23-24)_D



**जिला परिवहन पदाधिकारी, का कार्यालय कोडरमा।**

**आवश्यक सूचना**

जिला परिवहन कार्यालय, कोडरमा में निबंधित निम्न वाहनों के वाहन मालिकों द्वारा पथ कर का भुगतान नही किया जा रहा है। पथ कर भुगतान किये बिना वाहनों को परिचालन कानूनन अपराध है। लेखा परीक्षा के निरीक्षण महालेखाकार (लेखापरीक्षा), झारखण्ड का कार्यालय, राँची का आ० शा० पत्रांक–ए०एम०जी 111/SOF/परिवहन/2023–24/21 दिनांक–12.01.2024 द्वारा प्रतिवेदन मे निम्न वाहनों पर आपत्ति उठाई गई है। सूचि निम्न है।

अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से निम्न वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि वे अपने वाहन सं० के सामने अंकित बकाया पथ कर राशि एवं अद्यतन राशि का भुगतान अविलंब ई–पेंमेट की माध्यम से सूचना प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर करते हुये एक प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा वसूली हेतु नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

| S No | REG NO | CLASS | TAX PAID UPTO | revised rate period | | revised rate Qtrs | old rates in r/o (k) | | revised rates | new rate tax due | Penalty | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | from | to | | qtrly RT | Qtrly ART | | | | |
| 1 | JH12D8625 | HGV | 2/20/2021 | 21.02.21 | 20.08.23 | 10 | 3555 | 2717 | 6200 | 62000 | 124000 | 186000 |
| 2 | JH12D8731 | HGV | 10/9/2021 | 10.10.21 | 09.10.23 | 8 | 3214 | 2333 | 5800 | 46400 | 92800 | 139200 |
| 3 | JH12D8915 | HGV | 12/2/2021 | 03.12.21 | 02.09.23 | 7 | 4238 | 3153 | 7200 | 50400 | 100800 | 151200 |
| 4 | JH12D9369 | LGV | 9/30/2022 | 01.10.22 | 30.09.23 | 4 | 235 | 380 | 1000 | 4000 | 8000 | 12000 |
| 5 | JH12D9663 | HGV | 10/9/2021 | 10.10.21 | 09.10.23 | 8 | 3555 | 2717 | 6200 | 49600 | 99200 | 148800 |
| 6 | JH12D9732 | MGV | 2/7/2021 | 08.02.21 | 07.11.23 | 11 | 403 | 712 | 1600 | 17600 | 35200 | 52800 |
| 7 | JH12D9733 | HGV | 1/10/2021 | 11.01.21 | 10.10.23 | 11 | 2736 | 2194 | 5000 | 55000 | 110000 | 165000 |
| 8 | JH12D9764 | HGV | 7/16/2022 | 17.07.22 | 16.10.23 | 5 | 4238 | 2943 | 7200 | 36000 | 72000 | 108000 |
| 9 | JH12D9826 | HGV | 7/18/2021 | 19.07.21 | 18.10.23 | 9 | 4238 | 3153 | 7200 | 64800 | 129600 | 194400 |
| 10 | JH12D9832 | HGV | 2/25/2021 | 26.02.21 | 25.08.23 | 10 | 4238 | 3153 | 7200 | 72000 | 144000 | 216000 |
| 11 | JH12D9874 | HGV | 2/9/2021 | 10.02.21 | 09.11.23 | 11 | 3555 | 2717 | 6200 | 68200 | 136400 | 204600 |
| 12 | JH12D9987 | HGV | 8/27/2022 | 28.08.22 | 27.08.23 | 4 | 4238 | 2943 | 7200 | 28800 | 57600 | 86400 |
| 13 | JH12E0495 | HGV | 12/13/2021 | 14.12.21 | 13.09.23 | 7 | 4238 | 3153 | 7200 | 50400 | 100800 | 151200 |
| 14 | JH12E0535 | HGV | 6/17/2021 | 18.06.21 | 17.09.23 | 9 | 2736 | 2194 | 5000 | 45000 | 90000 | 135000 |
| 15 | JH12E0546 | HGV | 9/19/2022 | 20.09.22 | 19.09.23 | 4 | 4238 | 2943 | 7200 | 28800 | 57600 | 86400 |
| 16 | JH12E0553 | HGV | 12/26/2020 | 27.12.20 | 26.09.23 | 11 | 4238 | 3153 | 7200 | 79200 | 158400 | 237600 |
| 17 | JH12E0595 | HGV | 3/27/2022 | 28.03.22 | 27.09.23 | 6 | 4238 | 2943 | 7200 | 43200 | 86400 | 129600 |
| 18 | JH12E1346 | HGV | 4/23/2021 | 24.04.21 | 23.10.23 | 10 | 3555 | 2717 | 6200 | 62000 | 124000 | 186000 |
| 19 | JH12E1362 | HGV | 7/28/2022 | 29.07.22 | 28.10.23 | 5 | 4784 | 3502 | 8000 | 40000 | 80000 | 120000 |
| 20 | JH12E1436 | HGV | 2/7/2022 | 08.02.22 | 07.11.23 | 7 | 3555 | 2717 | 6200 | 43400 | 86800 | 130200 |
| 21 | JH12E1437 | MGV | 5/7/2021 | 08.05.21 | 07.11.23 | 10 | 403 | 712 | 1600 | 16000 | 32000 | 48000 |
| 22 | JH12E1747 | HGV | 10/7/2021 | 08.10.21 | 07.10.23 | 8 | 2736 | 2048 | 5000 | 40000 | 80000 | 120000 |
| 23 | JH12E2061 | HGV | 8/2/2021 | 03.08.21 | 02.11.23 | 9 | 4238 | 2943 | 7200 | 64800 | 129600 | 194400 |
| 24 | JH12E2351 | HGV | 10/1/2022 | 02.10.22 | 01.10.23 | 4 | 4238 | 3153 | 7200 | 28800 | 57600 | 86400 |
| 25 | JH12E2404 | HGV | 7/14/2021 | 15.07.21 | 14.10.23 | 9 | 2736 | 2194 | 5000 | 45000 | 90000 | 135000 |
| 26 | JH12E2560 | HGV | 1/26/2021 | 27.01.21 | 26.10.23 | 11 | 2736 | 2194 | 5000 | 55000 | 110000 | 165000 |
| 27 | JH12E2577 | HGV | 5/1/2022 | 02.05.22 | 01.11.23 | 6 | 3214 | 2333 | 5800 | 34800 | 69600 | 104400 |
| 28 | JH12E2603 | LGV | 1/26/2022 | 27.01.22 | 26.10.23 | 7 | 326 | 581 | 1400 | 9800 | 19600 | 29400 |
| 29 | JH12E3045 | HGV | 5/7/2021 | 08.05.21 | 07.11.23 | 10 | 2736 | 2194 | 5000 | 50000 | 100000 | 150000 |
| 30 | JH12E3091 | HGV | 2/16/2022 | 17.02.22 | 16.11.23 | 7 | 3555 | 2717 | 6200 | 43400 | 86800 | 130200 |
| 31 | JH12E3093 | MGV | 8/16/2021 | 17.08.21 | 16.11.23 | 9 | 403 | 712 | 1600 | 14400 | 28800 | 43200 |
| 32 | JH12E3865 | MGV | 3/21/2022 | 22.03.22 | 21.09.23 | 6 | 403 | 712 | 1600 | 9600 | 19200 | 28800 |
| 33 | JH12E4511 | HGV | 2/12/2021 | 13.02.21 | 12.11.23 | 11 | 4238 | 3153 | 7200 | 79200 | 158400 | 237600 |
| 34 | JH12E4573 | HGV | 12/25/2020 | 26.12.20 | 25.09.23 | 11 | 2736 | 2194 | 5000 | 55000 | 110000 | 165000 |
| 35 | JH12E5379 | MGV | 5/25/2021 | 26.05.21 | 25.08.23 | 9 | 403 | 712 | 1600 | 14400 | 28800 | 43200 |
| 36 | JH12E5664 | HGV | 7/8/2022 | 09.07.22 | 08.10.23 | 5 | 1542 | 1453 | 3400 | 17000 | 34000 | 51000 |
| 37 | JH12E6077 | HGV | 3/17/2021 | 18.03.21 | 17.09.23 | 10 | 4238 | 3153 | 7200 | 72000 | 144000 | 216000 |
| 38 | JH12E6324 | HGV | 7/20/2021 | 21.07.21 | 20.10.23 | 9 | 3555 | 2717 | 6200 | 55800 | 111600 | 167400 |
| 39 | JH12E6443 | HGV | 6/9/2022 | 10.06.22 | 09.09.23 | 5 | 2736 | 2048 | 5000 | 25000 | 50000 | 75000 |
| 40 | JH12E6729 | HGV | 1/26/2021 | 27.01.21 | 26.10.23 | 11 | 3214 | 2499 | 5800 | 63800 | 127600 | 191400 |
| 41 | JH12E7023 | HGV | 11/17/2022 | 18.11.22 | 17.11.23 | 4 | 4238 | 3153 | 7200 | 28800 | 57600 | 86400 |
| 42 | JH12E7068 | HGV | 8/6/2021 | 07.08.21 | 06.11.23 | 9 | 4238 | 3153 | 7200 | 64800 | 129600 | 194400 |
| 43 | JH12E7310 | HGV | 6/30/2022 | 01.07.22 | 30.09.23 | 5 | 3214 | 2333 | 5800 | 29000 | 58000 | 87000 |
| 44 | JH12E7407 | HGV | 11/4/2022 | 05.11.22 | 04.11.23 | 4 | 2736 | 2194 | 5000 | 20000 | 40000 | 60000 |
| 45 | JH12E7647 | HGV | 7/26/2021 | 27.07.21 | 26.10.23 | 9 | 4238 | 3153 | 7200 | 64800 | 129600 | 194400 |
| 46 | JH12E7756 | HGV | 7/19/2022 | 20.07.22 | 19.10.23 | 5 | 3214 | 2499 | 5800 | 29000 | 58000 | 87000 |
| 47 | JH12E8247 | HGV | 2/1/2021 | 02.02.21 | 01.11.23 | 11 | 4238 | 3153 | 7200 | 79200 | 158400 | 237600 |
| 48 | JH12E8675 | HGV | 9/9/2021 | 10.09.21 | 09.09.23 | 8 | 2736 | 2194 | 5000 | 40000 | 80000 | 120000 |
| 49 | JH12E8711 | HGV | 2/27/2022 | 28.02.22 | 27.08.23 | 6 | 4238 | 3153 | 7200 | 43200 | 86400 | 129600 |
| 50 | JH12E9095 | HGV | 12/20/2021 | 21.12.21 | 20.09.23 | 7 | 4238 | 3153 | 7200 | 50400 | 100800 | 151200 |
| 51 | JH12E9227 | MGV | 2/26/2021 | 27.02.21 | 26.08.23 | 10 | 586 | 843 | 2000 | 20000 | 40000 | 60000 |
| 52 | JH12E9436 | MGV | 4/3/2022 | 04.04.22 | 03.10.23 | 6 | 450 | 756 | 1800 | 10800 | 21600 | 32400 |
| 53 | JH12E9448 | HGV | 7/21/2021 | 22.07.21 | 21.10.23 | 9 | 4238 | 3153 | 7200 | 64800 | 129600 | 194400 |
| 54 | JH12E9586 | HGV | 7/29/2022 | 30.07.22 | 29.10.23 | 5 | 4238 | 3153 | 7200 | 36000 | 72000 | 108000 |
| 55 | JH12E9987 | HGV | 10/9/2022 | 10.10.22 | 09.10.23 | 4 | 4238 | 3153 | 7200 | 28800 | 57600 | 86400 |
| 56 | JH12F0439 | HGV | 8/31/2021 | 01.09.21 | 31.08.23 | 8 | 5261 | 3807 | 8800 | 70400 | 140800 | 211200 |
| 57 | JH12F0539 | HGV | 8/27/2022 | 28.08.22 | 27.08.23 | 4 | 4238 | 2943 | 7200 | 28800 | 57600 | 86400 |
| 58 | JH12F1503 | HGV | 9/7/2022 | 08.09.22 | 07.09.23 | 4 | 2736 | 2194 | 5000 | 20000 | 40000 | 60000 |
| 59 | JH12F2617 | HGV | 8/12/2022 | 13.08.22 | 12.11.23 | 5 | 4238 | 3153 | 7200 | 36000 | 72000 | 108000 |
| 60 | JH12F2652 | HGV | 9/17/2022 | 18.09.22 | 17.09.23 | 4 | 3555 | 2717 | 6200 | 24800 | 49600 | 74400 |
| 61 | JH12F3303 | MGV | 4/29/2021 | 30.04.21 | 29.10.23 | 10 | 450 | 756 | 1800 | 18000 | 36000 | 54000 |
| 62 | JH12F3669 | HGV | 7/8/2022 | 09.07.22 | 08.10.23 | 5 | 3555 | 2717 | 6200 | 31000 | 62000 | 93000 |
| 63 | JH12F3775 | HGV | 2/13/2021 | 14.02.21 | 13.11.23 | 11 | 2736 | 2194 | 5000 | 55000 | 110000 | 165000 |
| 64 | JH12F5120 | HGV | 8/26/2022 | 27.08.22 | 26.08.23 | 4 | 2736 | 2194 | 5000 | 20000 | 40000 | 60000 |
| 65 | JH12F5770 | HGV | 9/1/2021 | 02.09.21 | 01.09.23 | 8 | 2736 | 2194 | 5000 | 40000 | 80000 | 120000 |
| 66 | JH12F6941 | HGV | 5/18/2021 | 19.05.21 | 18.08.23 | 9 | 2736 | 2194 | 5000 | 45000 | 90000 | 135000 |
| 67 | JH12F7313 | HGV | 3/27/2021 | 28.03.21 | 27.09.23 | 10 | 3555 | 2717 | 6200 | 62000 | 124000 | 186000 |
| 68 | JH12F7761 | HGV | 2/6/2021 | 07.02.21 | 06.11.23 | 11 | 1098 | 1148 | 2600 | 28600 | 57200 | 85800 |
| 69 | JH12F9648 | HGV | 3/2/2022 | 03.03.22 | 02.09.23 | 6 | 1098 | 1148 | 2600 | 15600 | 31200 | 46800 |
| 70 | JH12F9767 | HGV | 11/19/2021 | 20.11.21 | 19.08.23 | 7 | 2736 | 2194 | 5000 | 35000 | 70000 | 105000 |
| 71 | JH12F9853 | HGV | 8/8/2022 | 09.08.22 | 08.11.23 | 5 | 3214 | 2333 | 5800 | 29000 | 58000 | 87000 |
| 72 | JH12G2598 | HGV | 11/15/2022 | 16.11.22 | 15.11.23 | 4 | 4238 | 3153 | 7200 | 28800 | 57600 | 86400 |
| 73 | JH12G3471 | HGV | 2/19/2021 | 20.02.21 | 19.08.23 | 10 | 1439 | 1366 | 3200 | 32000 | 64000 | 96000 |
| 74 | JH12G4646 | HGV | 6/30/2021 | 01.07.21 | 30.09.23 | 9 | 4238 | 2943 | 7200 | 64800 | 129600 | 194400 |
| 75 | JH12G5612 | MGV | 10/29/2022 | 30.10.22 | 29.10.23 | 4 | 403 | 712 | 1600 | 6400 | 12800 | 19200 |
| 76 | JH12G6475 | HGV | 4/28/2022 | 29.04.22 | 28.10.23 | 6 | 4238 | 3153 | 7200 | 43200 | 86400 | 129600 |
| 77 | JH12G7385 | HGV | 9/3/2021 | 04.09.21 | 03.09.23 | 8 | 1542 | 1356 | 3400 | 27200 | 54400 | 81600 |
| 78 | JH12G7431 | HGV | 6/22/2021 | 23.06.21 | 22.09.23 | 9 | 2736 | 2048 | 5000 | 45000 | 90000 | 135000 |
| 79 | JH12G8155 | HGV | 10/31/2022 | 01.11.22 | 31.10.23 | 4 | 4238 | 3153 | 7200 | 28800 | 57600 | 86400 |
| 80 | JH12G9826 | HGV | 3/16/2022 | 17.03.22 | 16.09.23 | 6 | 2736 | 2194 | 5000 | 30000 | 60000 | 90000 |
| 81 | JH12H0499 | HGV | 3/24/2022 | 25.03.22 | 24.09.23 | 6 | 5261 | 3807 | 8800 | 52800 | 105600 | 158400 |
| 82 | JH12H1645 | LGV | 1/28/2021 | 29.01.21 | 28.10.23 | 11 | 178 | 426 | 800 | 8800 | 17600 | 26400 |
| 83 | JH12H4763 | HGV | 5/20/2022 | 21.05.22 | 20.08.23 | 5 | 1542 | 1356 | 3400 | 17000 | 34000 | 51000 |
| 84 | JH12H6107 | HGV | 3/17/2021 | 18.03.21 | 17.09.23 | 10 | 5261 | 5076 | 8800 | 88000 | 176000 | 264000 |
| 85 | JH12H7016 | HGV | 2/24/2022 | 25.02.22 | 24.08.23 | 6 | 4238 | 3153 | 7200 | 43200 | 86400 | 129600 |
| 86 | JH12H7452 | HGV | 6/1/2022 | 02.06.22 | 01.09.23 | 5 | 5261 | 3807 | 8800 | 44000 | 88000 | 132000 |
| 87 | JH12H7494 | HGV | 3/29/2021 | 30.03.21 | 29.09.23 | 10 | 5261 | 5076 | 8800 | 88000 | 176000 | 264000 |
| 88 | JH12H8893 | HGV | 1/4/2022 | 05.01.22 | 04.10.23 | 7 | 5261 | 3807 | 8800 | 61600 | 123200 | 184800 |
| 89 | JH12J1033 | HGV | 6/5/2021 | 06.06.21 | 05.09.23 | 9 | 5261 | 5076 | 8800 | 79200 | 158400 | 237600 |
| 90 | JH12J2559 | HGV | 5/22/2022 | 23.05.22 | 22.08.23 | 5 | 4238 | 4204 | 7200 | 36000 | 72000 | 108000 |
| 91 | JH12J3125 | HGV | 2/11/2021 | 12.02.21 | 11.11.23 | 11 | 2736 | 2048 | 5000 | 55000 | 110000 | 165000 |
| 92 | JH12J3695 | HGV | 8/27/2022 | 28.08.22 | 27.08.23 | 4 | 5261 | 5076 | 8800 | 35200 | 70400 | 105600 |
| 93 | JH12J5572 | HGV | 1/2/2021 | 03.01.21 | 02.10.23 | 11 | 3555 | 3623 | 6200 | 68200 | 136400 | 204600 |
| 94 | JH12J5799 | HGV | 9/29/2022 | 30.09.22 | 29.09.23 | 4 | 5261 | 5076 | 8800 | 35200 | 70400 | 105600 |
| 95 | JH12J5953 | HGV | 1/9/2022 | 10.01.22 | 09.10.23 | 7 | 2736 | 2926 | 5000 | 35000 | 70000 | 105000 |
| 96 | JH12J6707 | HGV | 10/26/2021 | 27.10.21 | 26.10.23 | 8 | 2736 | 2926 | 5000 | 40000 | 80000 | 120000 |
| 97 | JH12J6892 | HGV | 9/4/2022 | 05.09.22 | 04.09.23 | 4 | 4238 | 2943 | 7200 | 28800 | 57600 | 86400 |
| 98 | JH12J7721 | HGV | 3/10/2021 | 11.03.21 | 10.09.23 | 10 | 1917 | 2228 | 3800 | 38000 | 76000 | 114000 |
| 99 | JH12J8924 | HGV | 1/22/2022 | 23.01.22 | 22.10.23 | 7 | 2736 | 2926 | 5000 | 35000 | 70000 | 105000 |
| 100 | JH12J9044 | LGV | 9/29/2021 | 30.09.21 | 29.09.23 | 8 | 178 | 426 | 800 | 6400 | 12800 | 19200 |
| 101 | JH12J9761 | HGV | 9/29/2022 | 30.09.22 | 29.09.23 | 4 | 5603 | 5367 | 9200 | 36800 | 73600 | 110400 |
| 102 | JH12K1115 | HGV | 5/12/2022 | 13.05.22 | 12.11.23 | 6 | 4238 | 4204 | 7200 | 43200 | 86400 | 129600 |
| 103 | JH12K1379 | LGV | 5/6/2022 | 07.05.22 | 06.11.23 | 6 | 189 | 426 | 800 | 4800 | 9600 | 14400 |
| 104 | JH12K1490 | HGV | 7/23/2022 | 24.07.22 | 23.10.23 | 5 | 5261 | 5076 | 8800 | 44000 | 88000 | 132000 |
| 105 | JH12K1623 | HGV | 7/25/2021 | 26.07.21 | 25.10.23 | 9 | 5261 | 5076 | 8800 | 79200 | 158400 | 237600 |
| 106 | JH12K4078 | HGV | 9/13/2022 | 14.09.22 | 13.09.23 | 4 | 5261 | 5076 | 8800 | 35200 | 70400 | 105600 |
| 107 | JH12K4401 | HGV | 7/2/2021 | 03.07.21 | 02.10.23 | 9 | 3214 | 3333 | 5800 | 52200 | 104400 | 156600 |
| 108 | JH12K4454 | HGV | 11/10/2021 | 11.11.21 | 10.11.23 | 8 | 2736 | 2926 | 5000 | 40000 | 80000 | 120000 |
| 109 | JH12K5329 | LGV | 7/11/2022 | 12.07.22 | 11.10.23 | 5 | 189 | 426 | 800 | 4000 | 8000 | 12000 |
| 110 | JH12K5433 | HGV | 8/27/2022 | 28.08.22 | 27.08.23 | 4 | 3214 | 2333 | 5800 | 23200 | 46400 | 69600 |
| 111 | JH12K6085 | HGV | 4/3/2022 | 04.04.22 | 03.10.23 | 6 | 3214 | 2333 | 5800 | 34800 | 69600 | 104400 |
| 112 | JH12K6296 | HGV | 2/8/2022 | 09.02.22 | 08.11.23 | 7 | 2736 | 2048 | 5000 | 35000 | 70000 | 105000 |
| 113 | JH12K7444 | HGV | 6/5/2021 | 06.06.21 | 05.09.23 | 9 | 2736 | 2048 | 5000 | 45000 | 90000 | 135000 |
| 114 | JH12K7966 | HGV | 5/19/2022 | 20.05.22 | 19.08.23 | 5 | 5261 | 5076 | 8800 | 44000 | 88000 | 132000 |
| 115 | JH12K8352 | HGV | 4/26/2022 | 27.04.22 | 26.10.23 | 6 | 5261 | 5076 | 8800 | 52800 | 105600 | 158400 |
| 116 | JH12K8655 | HGV | 6/30/2021 | 01.07.21 | 30.09.23 | 9 | 3214 | 3333 | 5800 | 52200 | 104400 | 156600 |
| 117 | JH12K8796 | HGV | 3/13/2022 | 14.03.22 | 13.09.23 | 6 | 5261 | 5076 | 8800 | 52800 | 105600 | 158400 |
| 118 | JH12K9994 | HGV | 9/21/2022 | 22.09.22 | 21.09.23 | 4 | 5261 | 5076 | 8800 | 35200 | 70400 | 105600 |
| 119 | JH12L1422 | HGV | 10/29/2022 | 30.10.22 | 29.10.23 | 4 | 5807 | 5541 | 9600 | 38400 | 76800 | 115200 |
| 120 | JH12L1806 | HGV | 9/15/2022 | 16.09.22 | 15.09.23 | 4 | 2736 | 2926 | 5000 | 20000 | 40000 | 60000 |
| 121 | JH12L2754 | HGV | 6/26/2021 | 27.06.21 | 26.09.23 | 9 | 5261 | 5076 | 8800 | 79200 | 158400 | 237600 |
| 122 | JH12L4470 | HGV | 6/26/2022 | 27.06.22 | 26.09.23 | 5 | 2736 | 2926 | 5000 | 25000 | 50000 | 75000 |
| 123 | JH12L6850 | HGV | 1/1/2022 | 02.01.22 | 01.10.23 | 7 | 2736 | 2926 | 5000 | 35000 | 70000 | 105000 |
| 124 | JH12L8814 | HGV | 11/16/2021 | 17.11.21 | 16.11.23 | 8 | 2736 | 2926 | 5000 | 40000 | 80000 | 120000 |
| 125 | JH12L9142 | HGV | 8/14/2022 | 15.08.22 | 14.11.23 | 5 | 5637 | 5425 | 9400 | 47000 | 94000 | 141000 |
| 126 | JH12L9406 | LGV | 5/3/2021 | 04.05.21 | 03.11.23 | 10 | 326 | 775 | 1400 | 14000 | 28000 | 42000 |
| 127 | JH12L9922 | LGV | 12/24/2020 | 25.12.20 | 24.09.23 | 11 | 189 | 426 | 800 | 8800 | 17600 | 26400 |
| 128 | JH12M1593 | HGV | 9/4/2022 | 05.09.22 | 04.09.23 | 4 | 3146 | 3274 | 5600 | 22400 | 44800 | 67200 |
| 129 | JH12M2659 | LGV | 6/16/2021 | 17.06.21 | 16.09.23 | 9 | 390 | 891 | 1600 | 14400 | 28800 | 43200 |
| 130 | JH12M5925 | LGV | 7/29/2021 | 30.07.21 | 29.10.23 | 9 | 189 | 426 | 800 | 7200 | 14400 | 21600 |
| 131 | JH12M6836 | LGV | 6/16/2021 | 17.06.21 | 16.09.23 | 9 | 390 | 891 | 1600 | 14400 | 28800 | 43200 |
| 132 | JH12N0483 | LGV | 9/10/2022 | 11.09.22 | 10.09.23 | 4 | 189 | 426 | 800 | 3200 | 6400 | 9600 |
| 133 | JH12N4520 | LGV | 6/30/2022 | 01.07.22 | 30.09.23 | 5 | 189 | 426 | 800 | 4000 | 8000 | 12000 |
| 134 | JH13A0525 | LGV | 4/30/2022 | 01.05.22 | 30.10.23 | 6 | 287 | 461 | 1200 | 7200 | 14400 | 21600 |
| 135 | UP869616 | HGV | 12/31/2021 | 01.01.22 | 30.09.23 | 7 | 1542 | 1356 | 3400 | 23800 | 47600 | 71400 |
| 136 | BR274781 | LPV | 5/14/2022 | 15.05.22 | 14.11.23 | 6 | 838 | 2108 | 4263 | 25578 | 51156 | 76734 |
| 137 | JH10K8403 | LPV | 7/13/2022 | 14.07.22 | 13.10.23 | 5 | 818 | 2040 | 4125 | 20625 | 41250 | 61875 |
| 138 | JH12A5046 | LPV | 12/31/2020 | 01.01.21 | 30.09.23 | 11 | 838 | 2108 | 4263 | 46893 | 93786 | 140679 |
| 139 | JH12B0346 | LPV | 7/29/2021 | 30.07.21 | 29.10.23 | 9 | 818 | 2040 | 4125 | 37125 | 74250 | 111375 |
| 140 | JH12B3118 | LPV | 1/2/2022 | 03.01.22 | 02.10.23 | 7 | 838 | 2108 | 4263 | 29841 | 59682 | 89523 |
| 141 | JH12B3212 | LPV | 7/13/2022 | 14.07.22 | 13.10.23 | 5 | 818 | 2040 | 4125 | 20625 | 41250 | 61875 |
| 142 | JH12B4311 | LPV | 1/3/2021 | 04.01.21 | 03.10.23 | 11 | 838 | 2108 | 4263 | 46893 | 93786 | 140679 |
| 143 | JH12C1018 | LPV | 12/14/2021 | 15.12.21 | 14.09.23 | 7 | 1044 | 4066 | 7475 | 52325 | 104650 | 156975 |
| 144 | JH12C3584 | LPV | 3/22/2022 | 23.03.22 | 22.09.23 | 6 | 838 | 2108 | 4263 | 25578 | 51156 | 76734 |
| 145 | JH12D1379 | LPV | 5/14/2021 | 15.05.21 | 14.11.23 | 10 | 898 | 3094 | 5688 | 56880 | 113760 | 170640 |
| 146 | JH12E3660 | LPV | 9/4/2021 | 05.09.21 | 04.09.23 | 8 | 633 | 1584 | 2750 | 22000 | 44000 | 66000 |
| 147 | JH12G4826 | LPV | 7/12/2021 | 13.07.21 | 12.10.23 | 9 | 898 | 3276 | 5688 | 51192 | 102384 | 153576 |
| 148 | JH12K9367 | MPV | 3/14/2021 | 15.03.21 | 14.09.23 | 10 | 1110 | 5304 | 8288 | 82880 | 165760 | 248640 |
| 149 | JH12M1138 | MPV | 2/20/2022 | 21.02.22 | 20.08.23 | 6 | 838 | 2232 | 4263 | 25578 | 51156 | 76734 |

जिला परिवहन पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 321034 (Transport) 23-24 (D)

# सांसद सुदर्शन भगत के प्रयास से 454 दिव्यांग जनों को मिला सहायक उपकरण






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को सामाजिक अधिकारिता शिविर में दिव्यांगजन को सहायक उपकरण का वितरण नगर भवन और समाज के सशक्तिकरण के उद्देश्य से भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को भारत सरकार की एडीपी योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण आर्टिफिशियल लिंब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में सदर प्रखंड कार्यालय स्थित टाउनहॉल में आयोजित कार्यक्रम में उपकरण प्रदान किए गए। जिसमें मुख्य रूप से डीडीसी दीलिप सिंह शेखावत, जिला सांसद प्रतिनिधि चन्द्रशेखर प्रसाद, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव एवं जिला सामाजिक कल्याणकारी पदाधिकारी उपस्थित थे। दिव्यांगजन के सहायक उपकरण के लिए क्षेत्रीय लोकसभा सांसद श्री सुदर्शन भगत लगातार प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने पिछले दिनों सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को पत्राचार के माध्यम से अपने लोकसभा अंतर्गत लोहरदगा और गुमला जिले के दिव्यांग भाई बहनों को सहायक उपकरण की सहायता की मांग थी ताकि दिव्यागंजन समाज में पीछे न रहे अलग थलग न रहे। अपने को उपेक्षित महसूस न करे। एक समान अवसर प्राप्त हो। इस पर भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने निर्देश देते हुए प्रत्येक प्रखंडों में इसका जांच शिविर सिविल लगाकर लाभार्थियों की सूची तैयार की गई। जिसमें गुमला नौ सौ से अधिक और लोहरदगा में 454 लाभार्थी ने आवेदन किया। जिन्हें आज सहायक उपकरण प्राप्त हो रहे हैं जिसकी कुल लागत राशि 37.94 लाख के 867 सहायक उपकरण का वितरण किया जा रहा है। जिसमें ट्राईसाईकिल 153, बैटरी चलित ट्राईसाईकिल 7, फोल्डिंग व्हीलचेयर 133, बैसाखी 284, रॉलेटर 10 बी .टी. ई (कान का मशीन) 66, ब्रेल केन -18 इत्यादि बितरण किया गया। इन शिवरों का आयोजन का मुख्य उद्देश्य देशभर के समाजवेशी समाज के लिए एक दृष्टिकोण का निर्माण करना है। जिसमें दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और गरिमामय में जीवनयापन सुनिश्चित हो साथ ही दिव्यांगजनों के उत्थान और विकास के लिए समान अवसर प्रदान किया जा सके जिससे वह समाज की मुख्य धारा से जुड़कर उत्पादक सुरक्षित और गरिमा पूर्ण जीवन यापन कर सके वितरण शिविर के कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा किया जा रहा है जिसमें विभाग के अधीन कार्यरत उपकरण भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा किया गया । इस सहायक उपकरणों के माध्यम से लाभार्थीयों को स्वालंबी व सशक्त करने के उद्देश्य को पूरा किया जा सकेगा और उन्हें समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ा जा सकेगा।

## वित्तीय साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** वित्तीय साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन हेतु रांची से भारतीय रिजर्व बैंक से नितिन गौरव और साख फाउनडेशन से एरिया मैनजर मृतुन्जय चन्द्रा सिमडेगा आये हुवे थे। ये दो दिवसिय कार्यक्रम मे प्रथम दिन साख फाउंडेशन द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम स्+स्+2 हाई स्कूल बम्बलकेरा एवं दूसरे दिन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यायल, सिमडेगा में आयोजित की गई थी। जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक से नितिन गौरव द्वारा विजिट किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक से नितिन गौरव द्वारा जानकारी देते हुवे कहा गया कि वर्त्तमान में हम सभी को साइबर फोर्ड से सावधान रहने की जरूरत है साथ ही इसके बारे में जानकारी भी रखनी है और दूसरे लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है। इसके साथ साथ उन्होंने कहा कि हम सभी विद्यार्थियों और युवाओं को अभी से ही बचत करना सीखना है साथ साथ ही हमें कम्पाउंडिंग की शक्ति को भी जानना है। उन्होंने यह भी कहा कि अपनी भविष्य के प्लान के मुताबिक हमें सही जगहों पर समझदारी के साथ निवेश भी करनी की जरूरत है ताकि भविष्य में हमें वितीय रूप से परेशानियों का सामना करना ना पड़ें। साख फाउनडेशन से एरिया मैनजर मृतुन्जय चन्द्रा द्वारा प्रथम दिन पूरे कार्यक्रम का उद्देश्य पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही इस बार भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी थीम करो सही शुरुआत, बनो वितीय स्मार्ट पर जानकारी देते हुवे बचत और कम्पाउंडिंग की शक्ति, छात्रों के लिए बैंकिंग अनिवार्यता और डिजिटल और साइबर स्वच्छता पर गुणवत्तापूर्ण विस्तार पूर्वक जानकारी दी। ज्ञात हो कि 26 फरवरी से 1 मार्च 2024 के बीच आयोजित की गई है। ज्ञात हो कि भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) प्रत्येक साल नई नई विषयों पर यह वित्तीय साक्षरता सप्ताह आयोजित करते आ रही है। इस साल के वित्तीय साक्षरता सप्ताह का विषय है करो सही शुरुआत, बनो वितीय स्मार्ट है।

# पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध चलाया गया छापामारी अभियान

**ग्रामिणों व बच्चों के बीच सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बांटे गए आवश्यक सामग्री**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां लोहरदगा सहायक समादेस्टा सीआरपीएफ 158/सी एवम थाना प्रभारी, सेरेंगदाग, के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान सेरेंगदाग थाना के ग्राम मुंगो, जवाल, तुरियाडीह, दुंदरू, हुंडी, जुरनी, पीरतोल, हेनहे, चपरोंग, मनहेपात तथा गमहरिया के सुदूरवर्ती पहाड़ी ग्रामीण नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चलाया गया। अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां ने ग्रामीणों से मिले एवम ग्रामीणों ने अपनी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा के द्वारा जल्द ही उनकी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक करवाई की बात कही गई। अभियान के क्रम में आगामी लोकसभा चुनाव हेतु पोलिंग बूथ का निरीक्षण भी किया गया। इसी क्रम में ग्राम जूरनी के ग्रामिणों एवम बच्चों के बीच सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बैग, कोपी, स्टूमेंट बॉक्स, ग्रामीणों के बीच कंबल एवम आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही मुख्यधारा से भटके लोगो को वापस मुख्यधारा में जुड़ने के लिए अपील किया है। इस अभियान में पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां लोहरदगा, सहायक समादेस्टा सीआरपीएफ 158/सी एवम थाना प्रभारी, सेरेंगदाग, एवम सैट 76 के जवान शामिल थे।

# अविराम में स्वयं की जानकारी को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरू, लोहरदगा में एम एच आर डी द्वारा चलाए जाने वाले स्वयं जिसका पूरा नाम है स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स इसका शुभारंभ वर्ष 2017 में किया गया यह ऑनलाइन माध्यम देता है जहां लगभग बारह हजार कोर्सेज उपलब्ध हैं जिसमें चार करोड़ से अधिक इनरोलमेंट हुआ है पच्चीस लाख से भी अधिक प्रमाणपत्र दिए गए हैं ए आई सी ई टी, यू जी सी, इन आई ओ एस, इग्नू आदि द्वारा। इसका पंजीयन अत्यंत सरल है जिससे अपनी दक्षता, ज्ञान में वृद्धि की जा सकती है वर्तमान में स्वयं प्लस के द्वारा अत्याधुनिक कोर्सेज चलाए जा रहे हैं। प्राध्यापक अजॉय कुमार द्वारा ये सभी जानकारी दी पी पी टी द्वारा दी गई, प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने बताया कि प्रशिक्षुओं का स्वयं पोर्टल पर पंजीयन करा के उनकी रुचि के कोर्सेज कराए जाएंगे कॉलेज की तरफ से।इस अवसर पर रेणुका, आफताब, जंगबहादुर, शिव, कुंदन, ममता, ऋतु, मनु आदि उपस्थित थे। और हाइब्रिड माध्यम कार्यशाला में ऑनलाइन द्वारा भी जुड़े सभी की शंकाओं का समाधान किया गया जिसमे ब्यूटीशियन, योग, एनीमेशन, कंप्यूटर आदि कोर्स में रुचि दिखाई गई अनुराग, अवकाश, उषा, नेवी तमा, तन्वी, शिवानी, किरण, यशोदा, स्वाति, शोभा, सुषमा, खुशबू, अतिया, सूचित, प्रियंका, राखी, वसुंधरा, यशवंत, ईभा आदि द्वारा। कार्यक्रम समापन कुंदन गिद्ध द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## मुखिया संघ अध्यक्ष परमेश्वर महली ने विभिन्न समस्याओं को लेकर की बैठक



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा प्रखंड अंतर्गत भंडरा पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को मुखिया संघ भंडरा की बैठक प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर महली की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विकास कार्य संबंधी कई मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा किया गया। खासकर अबूआ आवास, सिंचाई कूप निर्माण, आम बागवानी, जीपीडीपी में लिए जाने वाले योजना सहित अन्य योजनाओं पर चर्चा की गई। कहा की प्रशासन द्वारा अवैध उत्खनन पर रोक लगाए जाने के बाद विकास योजनाओं पर पूरा असर पड़ रहा है। इससे भंडरा प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं को गति देने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई योजनाएं तो ऐसी है, जिसे रिकॉर्ड खोलने के बाद भी बालू व पत्थर की कमी के कारण योजनाओं को पूरा करने में लाभुक समिति को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर महली ने कहा कि सरकार विकास योजनाओं के लिए बालू पर छूट नहीं दे रही इसलिए विकास योजनाओं को गति देने में मुखिया संघ असमर्थ है। ऐसी स्थिति में प्रखंड प्रशासन भी मुखिया को विकास योजना को गति देने पर दबाव नहीं बनाएं। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस संबंध में जल्द जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक उपरांत सभी मुखिया ने नव पदस्थापित भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह से औपचारिक मुलाकात किया। इस दौरान प्रखंड थाना क्षेत्र में पुलिस पब्लिक संबंध अच्छा बना रहे इस विषय पर बातचीत की गई। संघ की ओर से कहा गया कि पंचायत क्षेत्र में गाली गलौज छोटी-मोटी मारपीट पेटी नेचर जैसे मामले को ज्यादा तुल ना देते हुए उसे पंचायत स्तर पर ही छोड़ा जाए। ताकि आम गरीब कानून की गिरफ्त में ना आए और आम जीवन जी सके। मौके पर नव पदस्थापित थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधि एवं भंडरा थाना पुलिस के आपसी समन्वय व सहयोग से क्षेत्र में शांति माहौल स्थापित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से चोरी, डकैती अपराध जैसे मामलों पर हम नियंत्रण कर सकते हैं।

# उर्दु सहायक शिक्षकों की नियुक्त करे सरकार : भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने विस सत्र के शून्यकाल में राज्य में रिक्त पड़े उर्दु सहायक शिक्षकों की नियुक्ति कराने की मांग की है। विधायक ने बताया कि राज्य में शिक्षक नियमावली 2012 के अनुसार उर्दु सहायक शिक्षक के कुल रिक्त पद कुल 4401 के बिरुद्ध हुई बहाली के बाद कुल 3712 पद रिक्त है। अल्पसंख्यक आयोग के पत्रांक 746/2015 में इंटर एवं स्नातक उर्दु टेट पास अभ्यर्थियों के लिए आवेदन मांगा गया था। पर अब भी कुल 3712 पद रिक्त है। विधायक ने कहा कि उर्दु शिक्षकों का नाम भी बदलकर सहायक आचार्य कर दिया गया है। साथ ही ग्रेड में भी घटा दिया गया है। जो विधिसम्मत नहीं है। उन्होंने कहा कि उर्दु सहायक शिक्षकों की बहाली नहीं होने कई स्कूलों में उर्दु शिक्षकों का घोर कमी हो गई है। इससे मुस्लिम छात्र उर्दु की पढ़ाई करने से वंचित हो रहे हैं। विधायक ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द सहायक उर्दु शिक्षकों की बहाली करे। ताकि मुस्लिम समाज के सभी बच्चे उर्दु का ज्ञान प्राप्त कर सके।

# अवैध बालू डंपिंग के विरुद्ध प्रशासनिक कारवाई आरम्भ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र के डांडू में अवैध रूप से बालू उठाव कर डंपिंग की सूचना पर अंचलाधिकारी एवं प्रशिक्षु डीएसपी संयुक्त कारवाई करते एक सौ ट्रैक्टर बालू को जब्त कर अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दिया है। दक्षणी कोयल नदी तट पर बालू माफिया के द्वारा कोयल नदी से बालू उठाव कर डंपिंग करने की बात सामने आते ही अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी एवं प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह ने सूचना सत्यापन के दौरान सत्यता की पुष्टि होने पर खनन अधिनियम के तहत कारवाई करते हुए डम्प बालू को जब्त कर अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दिया गया है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि अवैध बालू डंपिंग की गुप्त सूचना प्राप्त हुआ। तथा अवैध बालू डंपिंग के विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है। प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार ने कहा कि अज्ञात लोगों के द्वारा बड़े पैमाने पर बालू डम्प किया जा रहा था। जिसके विरुद्ध कारवाई करते हुए बालू माफिया की पहचान किया जा रहा है। और उन बालू माफिया के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कारवाई किया जाएगा।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर नोडल शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता के कार्यक्रमों की जानकारी व आवश्यक तैयारियों के लिए आज शुक्रवार को चुनावी साक्षरता क्लब के नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण पाण्डेय गणपत राय भवन, लोहरदगा में आयोजित किया गया। इसमें स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी (नोडल) सीता पुष्पा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुजाता कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी नूर आलम खां द्वारा आवश्यक जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि मार्च 2024 में स्वीप के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसमें 02 मार्च को बीएस कॉलेज लोहरदगा मे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 04 मार्च को फोल्क आर्ट कंपीटीशन, 6 मार्च को मैराथन दौड़ एवं मानव श्रृंखला, 9 मार्च पतंगबाजी प्रतियोगिता, 12 मार्च को डिबेट प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन, 14 मार्च को रंगोली प्रतियोगिता, 15 मार्च को माता/पिता/अभिभावक को मतदान हेतु आमंत्रण पत्र निर्माण एवं प्रेषण कार्यक्रम, 16 मार्च को क्रिकेट मैच, 19 कबड्डी मैच, 21 मार्च को मटका पेंटिंग, 23 मार्च को स्लोगन लिखो प्रतियोगिता, 27 मार्च को जागरूकता रैली और 30 मार्च को प्रभात रैली का आयोजन किया जाएंगे। इन कार्यक्रमों में यूथ आइकॉन के रूप में क्रिकेट खिलाड़ी आशीष कुमार, क्रिकेट खिलाड़ी व कोच अमित कुमार और कुश्ती खिलाड़ी अजीता कुमारी भी भाग लेंगी।

## नौंवी बोर्ड की परीक्षा में शांतिपूर्ण ढंग से 1,179 विद्यार्थियों ने दिया परीक्षा



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र में नौवीं बोर्ड की परीक्षा शुक्रवार को प्रारंभ हुई। पहले दिन शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त माहौल में हिन्दी, गणित, विज्ञान और अंग्रेजी की परीक्षा संपन्न हुई। वही परीक्षा आयोजित करने के लिए 2 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे जिसमे कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा परीक्षा केंद्र में 457 में से 455 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया। तथा प्लस 2 नन्दलाल उच्च विद्यालय अरु में 736 विद्यार्थी में से 722 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया। वही 16 बच्चे अनुपस्थित रहे। परीक्षा सी सी टीवी कैमरे की कड़ी निगरानी में शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षार्थियों को परीक्षा से पूर्व केंद्र में प्रवेश करने के समय जांच कर प्रवेश कराई गई। प्रवेक्षिका के रुप में सीमा नैन्सी लकडा, अभिषेक गौरव, अनिल उरांव, मेराज आलम, मीरा देवी, कंचन कुमारी सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# अच्छे समाज के निर्माण में शिक्षकों की भुमिका सबसे महत्वपूर्ण : अलीरजा अंसारी

**रा. उत्क्र. उच्च विद्यालय जिंगी में प्रशिक्षु शिक्षिकाओं को दी गई विदाई**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** समाज में शिक्षकों की भुमिका सदैव उत्कृष्ट और आदर्श स्थापित करने वाले की रही है। एक अच्छे शिक्षक के जीवन का हर क्षण समाज का सुंदर भविष्य गढ़ने के लिए समर्पित होते है। बदलते समय में शिक्षकों की भुमिका भी काफी चुनौती पूर्ण हो गई है। ये बातें कुडू प्रखंड क्षेत्र के रा. उत्क्र. उच्च विद्यालय जिंगी में बीएड की प्रशिक्षु शिक्षिकाओं के विदाई समारोह में प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने अपने संबोधन में कहीं। उन्होंने कहा कि शिक्षक के रूप में अपना कैरियर बनाने का निर्णय लेना समाज को बेहतर नागरिक बनाकर देने की दिशा में पहला कदम है। इसके पूर्व विदाई समारोह के प्रारंभ में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ससम्मान स्वागत करते हुए प्रशिक्षु शिक्षिकाओं अंकिता टोप्पो, फूलमनी कुमारी, और राखी उरांव को मंच तक लेकर गए।तत्पश्चात वि.प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कंचन राम, प्र, प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी समेत तमाम शिक्षकों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। इसके विद्यालययालय प्रबंधन की ओर से विदा लेने वाले प्रशिक्षुओं को गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कंचन राम ने प्रशिक्षु शिक्षिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।प्रशिक्षु शिक्षिकाओं ने भी अपने अनुभव शेयर करते हुए कहा कि इस विद्यालय में प्रशिक्षण लेकर काफी कुछ सीखने को मिला है। यहां के बच्चे, शिक्षक और प्र. प्रधानाध्यापक समेत पूरा विद्यालय परिवार हमें बहुत प्यार और सम्मान दिया है जिसके लिए हम हमेशा उनके आभारी रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन आईसीटी इंस्ट्रक्टर सादाब अंसारी एवं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका खुशमारेन मर्शिला तिर्की ने किया। मौके पर शिक्षक ज्याउल हक अंसारी, प्रमेश कुमार सिंह, समीना खातून, चांदो तिर्की, फूलमनी उरांव, सरिता टोप्पो, मोनिका उरांव, समीना खातून, राजेश्वरी कुमारी समेत विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**देर रात सदर अस्पताल पहुंची जिप सदस्य जोसिमा खाखा**

# जंगली सुअर के हमले से घायल महिला व सर्प दंश से पीड़ित बच्चे का जाना हालचाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिप सदस्य जोसिमा खाखा गुरुवार की देर रात सदर अस्पताल पहुंच अस्पताल में भर्ती धनमती देवी से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। जोसिमा ने बताया कि कुरडेग के बइघमा अबटोली धनमनी देवी जंगली सुअर के हमले से घायल हो गयी है। उनका एक पैर जंगली सुअर के हमले से टूट गया है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद चिकित्सको ने उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इसके बाद जोसिमा ने रिम्स भेजवाने के लिए108 एम्बुलेंस की व्यवस्था कराई। रात अधिक हो जाने के कारण परिजनों ने सुबह में रिम्स ले जाने की बात कही। वहीं जोसिमा ने दुरभाष के माध्यम से वन विभाग के अधिकारियों से मिलकर जंगली जानवरों के हमसे घायल होने पर मिलने वाले मुआवजा राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया। अस्पताल पहुंची जोसिमा ने अस्पताल में भर्ती सर्प दंश से घायल बच्चे से भी मुलाकात कर उनका हालचाल लिया। साथ ही चिकित्सकों को बच्चे का बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। बानो निवासी दोनों भाइयों को जहरीले सांप ने दश लिया था। जिससे एक भाई की मौत हो गई। जबकि एक फिलहाल खतरे से बाहर है। जोसिमा ने उनके परिजनों को विभाग से मुआवजा राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया। साथ ही हर सम्भव सहयोग करने का भरोसा जताया। मौके पर बांसजोर जिप सदस्य समरोम पॉल तोपनो, पसंस प्रतिमा कुजूर भी उपस्थित थे।

## निर्वाचित राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य शिव प्रसाद राजगढ़िया को मारवाड़ी समाज ने दी बधाई



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के अधीन अखिल भारतीय मारवाड़ी समिति के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य के रूप में लोहरदगा जिला के शिव प्रसाद राजगढ़िया को निर्वाचित होने पर लोहरदगा जिला मारवाड़ी समाज में काफी हर्ष है। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने शिव प्रसाद राजगढ़िया को राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किए जाने का पत्र के माध्यम से प्रेषित करते हुए राजगढ़िया जी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। नवनिर्वाचित शिव प्रसाद राजगढ़िया ने कहा कि हमें राष्ट्रीय स्तर पर इस योग समझते हुए हमें मान सम्मान दिए उसके लिए मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं, और हमें जो भी समाज सेवा के लिए जिम्मेवारी दी जाएगी मैं हर तरह से उसे पूरा करूंगा, और कहा की सेवा ही प्रमोधर्म है। नवनिर्वाचित कार्य समिति सदस्य को बधाई देने वालों में प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, उपाध्यक्ष राकेश शर्मा (गोपू), सचिव जयप्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष निखिल सर्राफ, पवन पोद्दार, सीताराम सराफ, किशोर बंका, पवन सर्राफ, कन्हैया राजगढ़िया, राम प्रकाश मोदी, निशांत सर्राफ, अवधेश मित्तल, संजय सर्राफ, मनीष राजगढ़िया, राजीव अग्रवाल, विमल बंका, अजय पोद्दार, प्रमोद पोद्दार आदि शामिल है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## चलते चलते एक नजर

### बिजली नियमों में हुआ सशोधन

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने बिजली (देर से भुगतान अधिभार और संबंधित मामले) नियम, 2022 में संशोधन किया है। इसका मकसद उपलब्ध बिजली उत्पादन क्षमता का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना है और इससे उपभोक्ताओं को बिजली की उपलब्धता बढ़ेगी।विद्युत मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार अधिशेष बिजली को लेकर निश्चित शुल्क का दावा करने के लिए उत्पादक कंपनियों को अब बताना होगा कि बिजली एक्सचेंज में डिस्कॉम ने कितनी बिजली की मांग की थी। संशोधनों के बारे में केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने कहा कि कुछ बिजली उत्पादक अधिशेष बिजली को बाजार में पेश नहीं कर रहे हैं। अतिरिक्त बिजली की पेशकश नहीं करने वाले उत्पादक अब अधिशेष मात्रा के अनुरूप क्षमता या निश्चित शुल्क का दावा करने के पात्र नहीं होंगे।उल्लेखनीय है कि मुख्य रूप से उत्पादन कंपनियों और ट्रांसमिशन कंपनियों द्वारा सामना की जाने वाली नकदी प्रवाह चुनौतियों से निपटने और बिजली क्षेत्र में समय पर भुगतान को बढ़ावा देने के लिए 2022 में नियम पेश किए गए थे। उनकी अधिसूचना के बाद से बकाया राशि की वसूली में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। अधिकांश वितरण कंपनियां अब नियमित भुगतान कार्यक्रम का पालन कर रही हैं। कुल अवैतनिक बिल जून 2022 में लगभग 1.4 लाख करोड़ रुपये से घटकर फरवरी 2024 में लगभग 48 हजार करोड़ रुपये हो गए हैं।

### उद्घाटन मौके पर होगा चार दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 3 मार्च को मुख्यमंत्री चांपई सोरेन द्वारा आयोजित उद्घाटन समारोह के मौके पर गढ़वा में चार दिवसीय भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश भर के बड़े-बड़े नामी गिरामी कलाकार शामिल होंगे। इस दौरान गढ़वा वासियों को एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुति देखने को मिलेगी। उद्घाटन तिथि की पूर्व संध्या पर गढ़वा में संध्या 6.30 बजे महाकाल की झांकी के साथ रोड शो का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि तीन मार्च को दोपहर 12 बजे गोविन्द हाई स्कूल (टाउन हॉल) के मैदान में पद्मश्री मुकुन्द नायक एण्ड टीम द्वारा झारखण्डी लोक संस्कृति की झलक एवं कत्थकली नृत्य, संध्या 6.30 बजे बिरसा मुण्डा पार्क सह हेलीपैड कल्याणपुर में गंगा आरती, संध्या 7.30 बजे गोविन्द हाई स्कूल (टाउन हॉल) के मैदान में सुविख्यात गायक कुमार सत्यम एवं लोकगीत गायक चंदन तिवारी द्वारा गीत-गजल की प्रस्तुति की जाएगी। चार मार्च को संध्या 7.30 बजे गोविन्द हाई स्कूल (टाउन हॉल) के मैदान में गजल सम्राट अनुप जलोटा एवं लोकगायक भरत शर्मा व्यास द्वारा गजल, भजन संध्या व लोकगीत की प्रस्तुति की जाएगी। जबकि पांच मार्च को संध्या 7.30 बजे स्थान गोविन्द हाई स्कूल (टाउन हॉल) मैदान में लेजर शो का आयोजन किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन तीन मार्च को करेंगे पांच बड़ी योजनाओं का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आगामी तीन मार्च को गढ़वा में 93 करोड रुपए की लागत से निर्मित पांच बड़ी योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इनमें नया समाहरणालय भवन, बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क, बस स्टैंड, टाउन हॉल एवं फुटबॉल स्टेडियम शामिल है। उद्घाटन समारोह की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। इन पांच योजनाओं के निर्माण से गढ़वा की तस्वीर पूरी तरह से बदल गई है।

**नया समाहरणालय भवन:** नया समाहरणालय भवन का निर्माण गढ़वा के कल्याणपुर में 60 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। समाहरणालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई है। इसमें कुल 15 प्रवेश द्वार, पांच सीढ़ियां एवं चार लिफ्ट भी लगा है। इसमें ग्राउंड फ्लोर में 42484, फर्स्ट फ्लोर में 39465, सेकेंड फ्लोर में 33392 तथा थर्ड फ्लोर में 27400 स्क्वायर फीट कारपेट एरिया है। इसमें कॉन्फ्रेंस हॉल, नियंत्रण कक्ष, वेटिंग एरिया की भी व्यवस्था है। लगभग 9 एकड़ भूमि में निर्मित इस समाहरणालय परिसर में आम जनों के लिए दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग तथा पदाधिकारी एवं कर्मियों के लिए प्रत्येक भवन के बगल में अलग से पार्किंग बनाई गई है। दो पुलिस बैरक, कैंटीन, अंडरग्राउंड वाटर टैंक, पंप रूम, 500 केवीए का ट्रांसफर्मर, 200 केवीए का जनरेटर, फायर फाइटिंग, डाटा नेटवर्किंग, सर्विलांस सिस्टम तथा पावरफुल तड़ित चालक लगाया गया है। साथ ही परिसर में गढ़वा जिला अंतर्गत शहीद हुए पुलिस पदाधिकारियों व पुलिसकर्मियों का स्मारक का निर्माण किया गया है।



## रांची के नये ट्रैफिक एसपी सुमित अग्रवाल ने किया पदभार ग्रहण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के नए ट्रैफिक एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण किया। मौके पर नये ट्रैफिक एसपी ने कहा कि राजधानी को जाम मुक्त करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। साथ ही ट्रैफिक नियमों का पालन कराने और ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए विशेष अभियान चलेगा।

## सामाजिक कार्यकर्ता दयामनी बारला और पुष्पा टेटे ने थामा कांग्रेस का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस की ओर से प्रदेश कार्यालय में समाजसेवी सह आंदोलनकारी दयामनी बारला एवं सेंगल पार्टी के पूर्व अध्यक्ष पुष्पा टेटे ने सैकड़ो समर्थकों के साथ शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पार्टी का पट्टा एवं माला पहना कर उन्हें कांग्रेस की सदस्यता दिलाया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि ऐसे समाजसेवी और आंदोलनकारी दयामनी और पुष्पा टेटे पंचायत के अंतिम व्यक्ति की आवाज के रूप में पूरे झारखंड में हमेशा संघर्षरत रही हैं। जल, जंगल और जमीन के लिए झारखंड में आंदोलन कर इन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि दयामनी बारला की पहचान झारखंड में एक सामाजिक आंदोलनकारी की रही है। इन्होंने समय पर समाज को दिशा देने के लिए आंदोलन कर अपनी क्षमता का परिचय दिया है। ठाकुर ने कहा कि पुष्पा टेटे ने जनता की हक की लडाई के लिए पार्टी का गठन कर संघर्ष करना प्रारंभ किया था और संघर्ष की बदौलत इन्होंने अपनी अलग पहचान बनायी है। सदस्यता ग्रहण करने के बाद दयामनी बारला ने कहा कि प्रारंभ में लोगों के अधिकारों के लिए कलम को हथियार बनाकर अपनी लेखनी से मैं संघर्ष की शुरुआत की। इसके बाद पिछले ×0 वर्षों से लगातार मजदूर गरीबों आदिवासियों के शोषण जल, जंगल और जमीन और पर्यावरण की रक्षा के लिए भी संघर्ष का एक लंबाई इतिहास हमारा रहा है।

## राष्ट्रपति से सम्मानित हुए पलामू के लाल श्रीदेव उपाध्याय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड रांची के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा एमटेक डिग्री वितरण कार्यक्रम में मेदिनीनगर निवासी राजदेव उपाध्याय के तीसरे पुत्र श्रीदेव उपाध्याय, जो सहायक अभियंता ग्रामीण विभाग के पद पर सरायकेला झारखंड सरकार में कार्यरत हैं। उन्हें मानद एमटेक सिविल की डिग्री द्वारा प्रदान की गई। राष्ट्रपति से सम्मानित होने के बाद पलामू के लोगों में खुशी का लहर है। श्रीदेव उपाध्याय ने महामहिम से सम्मानित होने के बाद प्रेस से कहा कि इस पुरस्कार की असली हकदार मेरे मां पिताजी और मेरे दोस्त हैं। जिन लोगों ने मुझे मदद कर इस काबिल बनाया। श्री देव ने कहा कि मैं एक मध्यम परिवार में पला और बड़ा हुआ। शहर के लोगों ने मुझे ढेर सारा प्यार दिया है। मैं सबको दिल से धन्यवाद देता हूं द्य श्री देव उपाध्याय ने बताया कि आईएएस बनना मेरा लक्ष्य है। जिसकी मैं नौकरी के साथ तैयारी कर रहा हूं।




## समाज के प्रति समर्पण ही हमारे पिता के लिए होगी सच्ची श्रद्धांजलि : अविनाश देव

*** पलामू के प्रख्यात समाजसेवी सुदामा पंडित की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** देश में जन्मे प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का भाव रखना ही सच्ची राष्ट्र सेवा है। जो अपनी कर्तव्य व दृढ़ संकल्प के साथ समाज के प्रति अटूट समर्पण, शिक्षा, बेरोजगारी, गरीबी, व बेहतर समाज निर्माण के लिए जो हमेशा खड़ा रहता है। लोग उनके मृत्यु के बाद सिर्फ याद ही नहीं करते बल्कि पूजते भी है। और ऐसे ही एक महान हस्ती संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव के पिता स्व. सुदामा पंडित के पुण्यतिथि 29 फरवरी गुरुवार को विद्यालय के सभागार में मनाई गई। जहां जिले के कई समकालीन साथियों ने उनके पुण्यतिथि के कार्यक्रम में शामिल होकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित व मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर उपस्थित स्व. सुदामा पंडित के विचारधारा व उनके आंदोलन में साथ दे रहे कई दिग्गज समाजसेवी मौजूद उस दौर में घटित घटना व कुछ लम्हे को याद करते हुए राजद के वरिष्ठ नेता रामनाथ चंद्रवंशी ने बताया कि आज हमारे बीच स्व. सुदामा पंडित जी मौजूद नहीं है लेकिन समाज के प्रति उनकी की गई प्रयास एवं शिक्षा गरीबी व भ्रष्टाचार के प्रति उठाया हुआ आवाज आज भी हमारे कानों तक गूंजती है। उस दौर में तो उनके सपना सकार नहीं हो पाया लेकिन अब हमें उनके सोच स्वभाव और आवाज अविनाश देव के जहन में देखने को मिलता है। वहीं के.डी. सिंह ने बताया कि उनके विचार में हमेशा भविष्य की चमक देखने को मिलती थी वह कहा करते थे कि हम सब मिट्टी से बने इंसान हैं और मिट्टी से जुड़े रहना हमारा पेसा है अक्सर लोग अपने सुख और समृद्धि के लिए मिट्टी के मूरत के सामने भीख मांगते नजर आते हैं लेकिन जब हम अपनों के बीच अपने समाज के बीच अच्छा प्रेम, भाईचारा व अपनत्व का विचार रखते हैं तो हमें कभी भी मिट्टी के मूरत के सामने हाथ जोड़ने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। साथ ही उनके साथी डॉक्टर भोला प्रजापति, प्रभात अग्रवाल, सुमन जी, गणेश रवि, सुरेंद्र मिश्रा, विनय कुमार सिंह, जटाधारी गुरु जी, सुरेश प्रजापति, रवि शंकर, सुरिस्ट राय, रामचंद्र प्रजापति, गुमानी पंडित, सोमनाथ चक्रधर, भोला प्रजापति, व अन्य ने उनके विचार व प्रेरणादायक घटनाओं के बारे में वर्णन किया। अंततः इस कार्यक्रम को समापन करते हुए स्व. सुदामा पंडित के ज्येष्ठ पुत्र अविनाश देव अपने पिता के बातों को याद करते हुए कहा कि मेरे पिताजी कहा करते थे कि बेटा किसी भी परिस्थिति में स्वयं को खड़ा रखना ही बेहतर योद्धा की पहचान है। और साथ ही मिट्टी को कभी मत छोड़ना मिट्टी से हमेशा जुड़कर अभिमान से नहीं बल्कि स्वाभिमान से जीना। साथ ही इन्होंने कहा कि देश व समाज के प्रति हमारे पिता के जो सपना था उस सपने को यदि मैं कुछ प्रतिशत भी धरातल पर उतारकर समाज में बदलाव लाता हूं तो यही मेरे पिता के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर उपस्थित उनके पुत्र कुमार आदर्श, उत्कर्ष देव,पुत्री रीना देवी, पूजा देव, एस. वी. शाहा, ओंकार नाथ तिवारी, ललन प्रजापति, संतोष प्रजापति समस्त शिक्षक कर्मचारी व बच्चे भी मौजूद थे।



## वित्त मंत्री सीतारमण ने सात बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को नई दिल्ली से देशभर में स्थित सात बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। इनमें से एक केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के विभागीय आवासीय परिसर भी है।सीतारमण ने वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग के केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के लिए हरियाणा में फरीदाबाद के सेक्टर-28 में 198 क्वार्टर वाले आवासीय परिसर का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने गुरुग्राम के सेक्टर-53 में आवासीय परिसर की वर्चुअल आधारशिला भी रखी। वित्त मंत्री ने मध्यम और वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों को पर्याप्त आवास सुविधा मुहैया कराने के लिए नई दिल्ली में द्वारका के सेक्टर-9 में 256 क्वार्टर वाले विभागीय आवासीय परिसर का उद्घाटन किया।इसके अलावा केंद्रीय वित्त मंत्री ने वित्तीय सेवा विभाग के लिए भारतीय स्टेट बैंक के नए स्थानीय प्रधान कार्यालय भवन, भारतीय जीवन बीमा निगम के अंतराष्ट्रीय व्यापार केंद्र भवन गुजरात के गांधी नगर स्थित गिफ्ट सिटी में केनरा बैंक की आईएफएससी बैंकिंग इकाई और चेन्नई में यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नए प्रधान कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। ये बुनियादी ढांचा पहल गिफ्ट सिटी में व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को अत्याधुनिक मुख्यालय भवन प्रदान करेंगी।इस अवसर पर वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के सचिव संजय मल्होत्रा, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव विवेक जोशी, सीबीडीटी के अध्यक्ष नितिन गुप्ता, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, एलआईसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के अधिकारी, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस और कैनरा बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



## कृषि को रसायन मुक्त बनाना सरकार का लक्ष्य : मांडविया




**एजेंसी**

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद में शुक्रवार को मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में नर्मदा बायोकेम लिमिटेड कंपनी की वार्षिक लीडर्स कॉन्फ्रेंस हुई। जिसमें केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. मांडविया ने पीएम प्रणाम योजना की चर्चा करते हुए कहा कि इस योजना द्वारा रासायनिक उर्वरक का उपयोग घटेगा, जिससे आगामी दिनों में कृषि रसायन मुक्त बनेगी।मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार किसानों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएँ लाई है, जिसके कारण आज किसान समृद्ध हुए हैं।

उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के प्रयास सफल हो रहे हैं। राज्य सरकार के विषय में डॉ. मांडविया ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही है, जिसके फलस्वरूप पिछले एक वर्ष में राज्य में रासायनिक उर्वरक का उपयोग कम हुआ है।मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि गुजरात आज प्राकृतिक खेती के मामले में लीड ले रहा है। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरक अनेक रोगों को निमंत्रण देता है। यदि स्वस्थ रहना हो और भूमि बचानी हो, तो प्राकृतिक खेती की ओर मुड़ना होगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने समग्र विश्व में प्रतिष्ठा प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि मोदीजी का गारंटी रथ आज दूरस्थ लोगों तक पहुँचा है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात सेमीकंडक्टर पॉलिसी घोषित करने वाला देश का पहला राज्य है।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली कंपनियों के डीलर्स को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर विधायक जीतूभाई वाघाणी, रमेशभाई टीलाला, गुजकोमासोल के उपाध्यक्ष बिपिनभाई पटेल, नर्मदा बायोकेम कंपनी के प्रबंध निदेशक दिनेशभाई पटेल तथा देश के अनेक राज्यों से आए डीलर्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### राजस्व कर्मचारी सात हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**रांची:** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रांची के चान्हो अंचल के राजस्व कर्मचारी व्यांजन मिंज उर्फ मेजामिल कुजूर को सात हजार रिश्वत लेते शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि एसीबी को सुनीत उरांव ने लिखित आवेदन देकर सूचित किया था कि उन्होंने सनिया उरांव से पांच डिसमील जमीन खरीदा था। उक्त जमीन का म्यूटेशन कराने के ऑनलाईन आवेदन किया। इसके बाद चान्हो के राजस्व कर्मचारी से मिलकर म्यूटेशन के संबंध में बात करने पर चान्हो अंचल के राजस्व कर्मचारी म्यूटेशन करने के एवज में 11 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। आग्रह विनती करने पर मामला सात हजार में तय हुआ। डीजी ने बताया कि आवेदन का एसीबी के इंस्पेक्टर दिनेश कुमार प्रजापति से सत्यापन कराने पर मामला सही पाया गया। इसके बाद मामला दर्ज करते हुए एसीबी टीम ने अंचल कार्यालय में सात हजार रुपये रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

## 20 यूरोपीय देशों में भारतीय मूल के प्रधानमंत्री बनेंगे : रवि कुमार

**एजेंसी**

**जयपुर :** अगले कुछ साल में कम से कम बीस यूरोपीय देशों में भारतीय मूल के व्यक्ति प्रधानमंत्री बनेंगे। ऋषि सुनक की तरह कई यूरोपीय देशों में भारतीय मूल के लोगों ने राजनीति के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। यह कहना है चेन्नई ग्लोबल स्टडीज फॉर इंटरनेशनल के सलाहकार और आरएसएस के पूर्व अंतरराष्ट्रीय समन्वयक रवि कुमार का। रवि कुमार जयपुर स्थित फोर्टी कार्यालय में एक अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर परिचर्चा के आयोजन में मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुए थे। इसमें फोर्टी अध्यक्ष, सुरेश अग्रवाल, मुख्य सचिव गिरधारी खंडेलवाल, यूथ विंग अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, फोर्टी पदाधिकारी रमेश गांधी,धीरज विजयवर्गीय,रवि रेला, रविंद्र सोनी और अग्रवाल कॉलेज के डॉ नितिन कासलीवाल के साथ विभिन्न सेक्टर से जुडे जयपुर के उद्योगपतियों और व्यापारियों ने भाग लिया।रवि कुमार ने कहा कि वैश्विक समुदाय में भारतीय उद्यमियों के प्रति विश्वास बढ़ा है। दुनिया के 45 देशों में भारतीय रुपये को डॉलर की तरह चलाने की तैयारी चल रही है। इसलिए पूरी दुनिया में भारतीय उद्यमियों के लिए दरवाजे खुले हुए हैं। खास तौर से राजस्थान देश की ट्रेड और इंडस्ट्री को वैश्विक स्तर पर नेतृत्व कर सकता है। राजस्थान में डिजिटल ट्रेड, पर्यटन, मीडियम साइज होटल, कम बारिश और पानी में पैदा होने वाली फसलें, रुरल ड्रोन डिलिवरी सिस्टम, वेयरहाउस, सोलर ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं।फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने कहा कि फोर्टी राजस्थान के एक्सपोर्ट को बढ़ाने का प्रयास कर रही है। इसके लिए कई देशों में ट्रेड एक्सपो और डेलिगेशन विजिट के माध्यम से निर्यात की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। अब एक फोर्टी का दल मार्च में कजाकिस्तान में होने वाले फैंटास्टिक इंडिया ट्रेड एक्सपो में भाग लेने अल्माटी जाएगा। यूथ विंग अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने ग्लोबल ट्रेड में संभावनाओं की जानकारी के लिए रवि कुमार का आभार व्यक्त किया। परिचर्चा में सवाल-जवाब का भी विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसमें रवि कुमार ने उद्यमियों की आशंकाओं का निवारण किया।

